अपनी विभिन्न उपलब्धियों, साहसिकता और बलिदानों के लिए इस बल के वीर कार्मिकों को राष्ट्रपति के 107 पुलिस पदक, 216 पुलिस पदक, एक पद्मश्री, एक वीर चक्र, तीन सेना पदक और 54 जीवन रक्षा पदक प्रदान किये गये हैं।

अपने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वीर जवानों ने खेल के क्षेत्र में भी अनेक सम्मान जनक पदक प्राप्त किए हैं। अपने इस संगठन में ओलम्पिक खिलाड़ी भी हैं। जिन्होंने अपने देश के लिए अनेक पदक प्राप्त किए हैं।

पंजाब व श्रीलंका में हम—सन् 1983 से के० रि० पु० बल मुख्य रूप से पंजाब में सक्रिय रहा है। वहाँ की एकता और अखंडता को खत्म करने के प्रयास में लगी विभाजक विघटनकारी और साम्प्रदायिक ताकतों खासकर अमृतसर में आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने में यह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहां अपने जवानों के साथ हुई विभिन्न मुठभेड़ों में अब तक 268 आतंकवादी मारे गये। (जिसमें 32 ए और बी श्रेणी के थे) तथा 2195 आतंकवादी गिरफ्तार किए गये। (जिन में 30 ए तथा बी श्रेणी के थे।) इसी बीच 900 हथियार बरामद किए, जिनमें 330 पिस्तौल, 70 राईफलें, 198 राकेट लाँचर, 28 एम. जी. तथा एम एम जी शामिल है।

लेकिन के० रि० पु० बल को इन उपलब्धियों की कीमत भी देनी पड़ी है। जिसके लिए उसे अपने वीर जवानों की अनेकों कुर्बानियां देनी पड़ी। इसके लिए अपने बल के कार्मिकों को 36 शौर्यवीरता के पदक भी मिल चुके हैं, तथा एक पद्मश्री भी मिली है।

श्रीलंका में के० रि० पु० बल की कम्पनियों में महिला बटालियन की कम्पनी भी शामिल है, जो कि भारतीय शान्ति रक्षक सेना के एक अंग के रूप में कार्य कर रही है। हालांकि श्रीलंका में बल के कार्मिकों को सामान्य पुलिस कार्य के लिए तैनात किया गया था, लेकिन वहां तैनात बल की दो कंपनियों को अपने आगमन के साथ ही युद्ध की स्थिति का सामना करना पड़ा था। लिट्टे के पहले सबसे बड़े आक्रमण का निशाना के० रि० पु० बल के ही वीर जवान बने थे। इस में बल को अपने चार जवान खोने पड़े थे। इन मुठभेड़ों में शामिल बल के सिपाही टी. मोहनन को वीर चक्र तथा इन्स्पेक्टर बी. पी. शर्मा को उनकी वीरता के लिए सेना पदक दिया गया है। के० रि० पु० बल की महिला कंपनियों ने भी वहाँ के मतदानों को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

(क्रमशः)

ज्ञान वर्षा

भाग्य कुछ नहीं है। भाग्य होता ही नहीं है। भाग्य तो सदा असत है। भाग्य कभी कुछ नहीं करता। यह तो केवल कल्पना की बात हैं कि भाग्य कुछ करता है।

—योगवाशिष्ठ

गृहस्थ-आश्रम परम पवित्र है। घर सदा तीर्थ के समान है।

—पद्म पुराण

सदाचार से आयु और कीर्ति में वृद्धि होती है।

—संकलित

श्रद्धा से ही सत्य मिलता है।

—यजुर्वेद

रजि० नं० 47167/87



संसदीय हिन्दी समिति के सदस्यों को महानिदेशालय में हिन्दी के प्रयोग की जानकारी देते हुए बल के महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर।

मुख्य सम्पादक : एम० पी० नर्थनियल। सम्पादक : अनिल गुप्ता। मुद्रक : सी०आर०पी०एफ० प्रेस, झाड़ोदा कलां, नई दिल्ली-110072।
मुद्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक के०रि०पु०बल, ब्लाक 1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से एम०पी० नर्थनियल।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सीआरपीएफ समाचार

मूल्य—1.60 रुपये, खंड III अंक II

31 मार्च, 1990, 10 चैत्र, शक संवत 1912




सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

स्वर्ण जयंती परेड़

प्रधान मंत्री मुग्ध थे बल की उपलब्धियों पर



स्वर्ण जयंती परेड़ के दौरान उपस्थित जन समुदाय का अभिवादन स्वीकार करते हुए प्रधान मंत्री।

प्रधान मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए दिए जा रहे सहयोग की प्रशंसा की है।

5 मार्च, 1990 को झड़ौदा कलां नई दिल्ली में बल के जवानों की एक आकर्षक परेड़ के दौरान बल के कार्मिकों को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि चाहे हम चीन की सरहद के साथ लगी बर्फीली चट्टानों को कुरेद कर देखें, चाहे रेगिस्तान

की रेत को कुरेद कर देखें, वहां हमें सी. आर. पी. एफ. के जवान का लहू मिलेगा।

प्रधान मंत्री ने 1 जनवरी, 1989 को कार्यकर रहे बल के सभी कार्मिकों को एक सी. आर. पी. एफ. स्वर्ण जयंती पदक देने की भी घोषणा की। बल की इस स्वर्ण जयंती परेड़ के अवसर पर दिया गया प्रधान मंत्री का भाषण हम यहाँ अविकल रूप से प्रकाशित कर रहे हैं।


गृह मंत्री जी, डारेक्टर जनरल सी. आर. पी. एफ., सी. आर. पी. एफ. के बहादुर जवान और महिलाएं, देवियों और सज्जनों।

आज बहुत हर्ष का दिन हैं कि सी.आर. पी. एफ. अपनी स्वर्ण जयन्ती मना रही है। 50 वर्ष का इसका गौरवमयी इतिहास रहा है, हर वर्ष परीक्षा का रहा है और विजय का रहा है। चुनौतियों ने सी. आर. पी. एफ. को गढ़ा है और सी. आर. पी. एफ. के बलिदानों ने उसकी पहचान की। चाहे हम चीन की सरहद पर बर्फीली चट्टानों को कुरेद करके देखें वहां किसी सी.आर.पी.एफ. जवान का लहू मिलेगा। इस देश की रक्षा के लिए, सी. आर. पी. एफ. ने अपनी पहचान देश के इतिहास में अगर दी है तो अपने लहू के तश्क से दी है और सरहदों पर ही नहीं जब भी देश की एकता और अखंडता को चुनौती आयी चाहे आसाम हो, चाहे बंगाल चाहे जम्मू-कश्मीर चाहे पंजाब हो चाहे आन्ध्र हो, इस माटी को अगर हम उठा कर के देखेंगे तो उस माटी में हमारे जवानों की राख मिलेगी, जिन्होंने अपनी मिट्टी को इस मिट्टी में मिलाकर इस माटी की शान को रखने के लिए और हमारे देश की एकता और अखंडता की प्रतीक बन गई है यह हमारी शक्ति, जहाँ जवान चाहे कन्या कुमारी का हो, जवान चाहे कश्मीर का हो, चाहे बंगाल का हो, चाहे राजस्थान का हो, चाहे गुजराती बोलता हो, चाहे भोजपुरी बोलता हो, चाहे तमिल बोलता हो, चाहे हिन्दु हो या मुस्लिम हो, सिख हो या ईसाई हो, सबकी पहचान एक ही हो जाती है और वह भारतीय की पहचान हो जाती है और वही जो है पहचान हमारे देश के सर को ऊंचा रखती है। बड़ी खुशी और गर्व की बात है कि जब तमाम जो विविध जिम्मेदारियां आती हैं, सी. आर. पी. एफ. पर और जब तनाव होता है, साम्प्रदायिक दंगे होते हैं, जब विश्वास एक दूसरे पर टूटते हैं और संदेह और घृणा की भावनाएं फैलती हैं उस समय जनता का विश्वास हमारी इस केन्द्रीय शक्ति सी. आर.पी. एफ. पर होता है । यह सबूत है कि जहां न्याय का सवाल है, वहाँ पर सी. आर. पी. एफ. ने एक वाक्यात से नहीं बल्कि लगातार सबूत दिया है जिसमें जन विश्वास उनको अर्जित हुआ और हम आशा रखेंगे कि यह विश्वास जो बड़ी कुर्बानियों के बाद और बड़ी परीक्षाओं के बाद अर्जित होता है उस विश्वास को वे कायम रखेंगे, क्योंकि आज एक और देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल सरहद के पार से ही नहीं बल्कि आपस में भी भेद डालने की चुनौतियां हैं, उसका भी हमको मुकाबला करना है और जहाँ पर हर वर्ग के लोग गरीब से गरीब तबके से लेकर के हमारे भारतीय समाज के हर तबके के लोग और खुशी है इसमें कि हमारे पिछड़े लोग भी जो दबे लोग हैं वो हमारे सी. आर. पी. एफ. में एक न्याय पूर्ण तादात में हैं और यह भी एक खुशी की बात है कि महिलाओं का यहाँ पर एक


विंग हैं, वो जो है देश के सामने जो चुनौतियाँ हैं उसका बहादुरी से मुकाबला कर रही हैं। एक और योगदान दे रही हैं। एक उदाहरण कि महिलाएँ जिनको जो मौका मिलना चाहिए देश के बनाने और संवारने में वह अभी नहीं दे पाये हैं। वहाँ पर ये जो उदाहरण सी. आर. पी. एफ. महिलाओं के विंग का है वो सबूत देगा कि उस दिशा में हम हिम्मत के साथ आगे बढ़ सकते हैं और महिला किसी माइने में साहस में क्षमता में और योग्यता में किसी से कम नहीं हैं। कुर्बानियों का उल्लेख डारेक्टर जनरल साहब ने किया कि 56 सी. आर. पी. एफ. के जवानों और हमारे अफसरों ने इस देश के लिए अपनी जान को कुर्बान किया और यह भी गर्व की बात है कि 47 मैडलस सम्मान के मिले हैं यह भी द्योतक है कि अपनी कर्त्तव्यपरायणता में सी. आर. पी. एफ. सबसे आगे है। जहां हम देखते हैं एक अनुशासित फोर्स है हमारी, उनकी दिक्कतों से हम वाकिफ हैं, परिवार को छोड़कर के काफी समय तक कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करते हैं, वहाँ कई जगह रहने के भी साधन नहीं होते हैं, सरकार को जितने इन्तजाम कर लेने चाहिए वो इन्तजाम नहीं हैं, घरों के लिए और जो रोज तकाजे आ रहे हैं उसके हिसाब से कोई विश्राम का भी मौका नहीं मिलता, ट्रेनिंग तक के लिए किल्लत हो गई है। इन समस्याओं से हम वाकिफ हैं और अपने निर्णयों में इन समस्याओं को ध्यान में रखकर के सरकार अपने निर्णय और फैसले करेगी।



बल के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलते श्री वी. पी. सिंह।



स्वर्ण जयंती परेड़ का एक दृश्य ।



प्रधान मन्त्री श्री वी. पी. सिंह पदक प्राप्त बल के मृतक कार्मिकों के संबन्धियों के साथ



परेड कमांडर कमांडेंट बी. आर. शर्मा

अन्त में जिस शान से, जिस कुर्बानी के साथ आपने देश का सर ऊँचा रखा है, वो आशा देश आपसे करता है कि वो आप कायम रखेंगे और इस आशा में केवल सरकार ही नहीं सम्मिलित है बल्कि सुदूर गाँवों में, दुर्गम जंगलों में रहने वाले अगर जो कोई झोपड़ी में भी हैं, उससे आपका जीवन और आपका त्याग जुड़ा है, उन आशाओं के आप अनुरूप उतरेंगे यह मेरा पूरा भरोसा है। इन शब्दों के साथ स्वर्ण जयन्ती पर मैं मेरी सारी शुभकामनाएँ आपको देता हूं।

इससे पूर्व बोलते हुए बल के महानिदेशक श्री पी.जी. हलर्नकर ने कहा कि स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान बल द्वारा 47 शौर्यवीरता पदकों को प्राप्त करना किसी भी पुलिस बल द्वारा एक वर्ष में प्राप्त किए जाने वाले पदकों की अधिकतम संख्या है।

उन्होंने कहा कि के० रि० पु० बल ने वर्ष 1989 में अपने 58 बहादुर कार्मिक खोए, जबकि 214 घायल हुए।

इस अवसर पर प्रधान मन्त्री ने एक आकर्षक परेड की सलामी ली तथा 13 राष्ट्रपति के पुलिस पदक, पुलिस पदक बार, 31 शौर्यवीरता के पुलिस पदक तथा 6 राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए। इस मौके पर बल के निम्न कार्मिकों ने प्रधान मंत्री से पदक ग्रहण किए।

राष्ट्रपति के शौर्यवीरता के पुलिस पदक

28 बटालियन के लांसनायक बाबू यासबा सुत्तार, कां० बिलास बाबू चौहान, तथा कां० नलसन मणिक्कम (मरणोपरांत), 86 बटा० के कां० मोहम्मद हनीफ (मरणोपरांत) व नायक बलबीर सिंह, 20 बटा० के उपाधीक्षक किरपाल सिंह, कां० भूपसिंह, कां० मोहम्मद खलील, कां० शक्तिसिंह तथा लांस नायक सदा शिवसिंह, 69 बटा० के उपाधीक्षक सवाई सिंह (मरणोपरान्त), 29 बटा० के सहायक कमांडेंट आर.पी. गौतम, 44 बटा० के है० कां० ए. जी. पाथेर (मरणोपरांत) व कांस्टेबल हजारिका।

पुलिस पदक बार

12 बटा० के उपाधीक्षक जे. एस. रावत व कांस्टेबल पी. जी. गवाली।

शौर्य वीरता के पुलिस पदक

1 बटा० के उ० नि० होशियार सिंह, 49 बटा० के उ. नि. रविंद्र कुमार, 11 बटा० के कमांडेन्ट भगतसिंह, कां० अनिल कुमार, कां० रामकृष्ण हुडा, नायक छत्तरसिंह व का०/ड्रा० बी. बी. चौबे, 69 बटा० के कांस्टेबल ओम प्रकाश (मरणोपरांत), कां० रछपाल सिंह व कां० साबिर हुसैन, 49 बटा० के कां० कुलदीप सिंह, 80 बटा० के इन्स्पेक्टर निर्मलसिंह (मरणोपरांत), 47 बटा० के सहायक कमांडेन्ट सुशील कुमार शर्मा, उपाधीक्षक कँवरसिंह व उपाधीक्षक शिव स्वरूप सिंह, 24 बटा० के उपाधीक्षक डी० पी० त्यागी व कांस्टेबल मकसूद हुसैन, बल की जालंधर रेंज के उप महानिरीक्षक श्री एस. एस. विर्क, 49 बटा० के कमांडेंट नन्दलाल, सहायक कमांडेंट आर. सी. सेठी (उ० म०नि० कार्यालय जालंधर में स्टाफ आफिसर), 24 बटा० के सहायक कमांडेंट किशनचन्द, उ. नि. के. डी. यादव व हैड का० सी. आर. सिंह, 12 बटा० के इन्स्पेक्टर मल सिंह, लांस नायक अब्दुल रहमान, कां० सुरेश काम्बले व कां०/ड्रा० पी० थंगापंडी और 24 बटा० के लां० नायक दयाराम, कां० शम्भू प्रसाद कां० लक्ष्मण सिंह व कां० सुरेश प्रसाद सिंह।

राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में बल के अपर महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर भी शामिल थे।

हैड कांस्टेबल ए. जी. पाथेर, उपाधीक्षक सवाई सिंह, कांस्टेबल ओमप्रकाश तथा इन्स्पेक्टर निर्मल सिंह की विधवाओं ने उनके पतियों को मरणोपरांत दिए गए शौर्यवीरता के पुलिस पदक ग्रहण किए, जबकि कांस्टेबल हनीफ के पिता ने अपने शहीद पुत्र की ओर से पदक ग्रहण किया।

बाद में प्रधानमन्त्री ने बल के बेस अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का भी उद्घाटन किया। जिस में बल के 137 कार्मिकों ने रक्त दान किया। इस मौके पर गृह मंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री, समारोह में अपनी पत्नी के साथ शामिल हुए अन्य कार्यक्रमों के

अतिरिक्त प्रधानमंत्री की पत्नी श्रीमती सीता देवी ने बल के कल्याण केन्द्र का भी दौरा किया।

आवरण एवं अन्य सभी चित्र डी. एन. तिवारी•

जोखिम निधि लाभ

माह फरवरी, 1990 में मृत्यु के 21 मामलों में बल की जोखिम निधि से कुल 7,05,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए। इसी प्रकार अक्षमता के 9 मामलों में कुल 1,35,000 रुपए देने स्वीकार किए गए।

माह मार्च, 1990 में मृत्यु के 13 मामलों में कुल 4,55,000 रुपए की राशि देना स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार अक्षमता के 4 मामलों में कुल 60,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए।

यदि मनुष्य में गुण हों तो वे अपने आप प्रकट हो जाते हैं, क्योंकि कस्तूरी की सुगंधि को शपथ से सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं होती।

-संकलित

अधम व्यक्ति धन चाहते हैं, मध्यम व्यक्ति धन और मान दोनों चाहते हैं, किन्तु उत्तम पुरुष केवल आत्म सम्मान चाहते हैं। क्योंकि मान ही महापुरुषों का धन है।

-चाणक्य नीति

पत्रिका सी० आर० पी० एफ० समाचार स्वामित्व एवं प्रकाशन से सम्बन्धित अन्य विवरण

1. प्रकाशन का स्थान	- नई दिल्ली
2. प्रकाशन की अवधि	- वर्ष में आठ बार
3. प्रिंटर का नाम	- ए. एन. शर्मा
4. नागरिकता	- भारतीय
5. पता	- ब्लाक-I, के. का. परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
6. प्रकाशक का नाम, नागरिकता और पता	- उपर्युक्त
7. संपादक का नाम, पता और नागरिकता	- उपयुक्त

8. उन लोगों के नाम व पते जो अखबार के मालिक या हिस्सेदार हों या जिनके पास

कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के शेयर हों। - महानिदेशक, के०रि०पु० बल, ब्लाक-1, के० का० परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003


मैं ए. एन. शर्मा एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण मेरी जानकारी व विश्वास के आधार पर पूर्ण सत्य हैं।

31 मार्च, 1990

ह०
ए० एन०शर्मा
प्रकाशक के हस्ताक्षर

39वें अखिल भारतीय पुलिस खेल

इस बार के•रि•पु• बल को दूसरा स्थान



करतार सिंह : 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक।

39वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों में 207.5 अंक प्राप्त करके सीमा सुरक्षा बल की मेजबान टीम चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा करने में सफल रही। इस वर्ष केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को दूसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। के० रि० पु० बल की टीम ने कुल 130 अंक अर्जित किए। महिलाओं की चैंपियनशिप ट्राफी पर 111 अंक प्राप्त कर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अपना कब्जा बना लिया, दूसरे स्थान पर 83

अंक प्राप्त करके बिहार पुलिस की टीम रही। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम को 60 अंक प्राप्त करने पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

इस वर्ष इन प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 से 25 मार्च तक सीमा सुरक्षा बल के नई दिल्ली स्थित छावला कैम्प एवं तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में किया गया।

प्रतियोगिता के कूल परिणाम जिनमें बल की टीम को स्थान हासिल है, इस प्रकार रहे-

400 मीटर (महिला) : (1) मीना जैन, के० औ० सु० बल, 58.2 सैकंड (नया रिकार्ड), (2) बी० जोसफ, के०रि०पु० बल 61.8 सैकंड, (3) शैली जोसफ, म०प्र०पु०, 61.9 सैकंड।

100 मीटर बाधा दौड़ (महिला) : (1) बी० डी० मिनी, के० औ० सु० बल, 16.3 सै०, (2) सरोजनी लकरा, बिहार, 16.6 सै0, (3) कृष्णा यादव, के०रि०पु० बल, 17.5 सै०।

हाई जम्प (महिला) : (1) माया नायक, बिहार, 1.50 मी०, (2) नमिता साधुखान, के०रि०पु०बल 1.40 मी०, (3) इमेलना इक्का, बिहार, 1.40 मी०।

4x100 मीटर रिले (महिला) : (1) के०औ०सु० बल, 51.2 सै० (नया रिकार्ड), (2) बिहार, 51.5 सै०, (3) केरि०पु० बल, 52.6 सै०।

4x400 मीटर रिले : (1) के०औ०सु० बल, 4:12.0 सै०, (2) के०रि०पु० बल, 4:12.1 सै०, (3) बिहार पुलिस, 4:21.6 सै०।

पुरुष प्रतियोगिताओं में के०रि०पु०बल की स्थिति इस प्रकार रही-

800 मीटर दौड़ : (1) आसिफ मोहम्मद, के० रि० पु० बल, 1:55.4 सै० (2) राम प्रताप पटेल, म० प्र० पुलिस, 1:56.3 सै०, (3) महेश चंद, सी०सु०बल, 1:56.7 सै०।

1500 मीटर दौड़ : (1) करतार सिंह, के० रि० पु० बल, 4:00.2 सै०, (2) वीरेन्द्र सिंह, के०औ०सु०बल, 4:01.3 सै०, (3) गुरमुख सिंह, के० रि० पु० बल, 4:01.3 सै०।

3000 मीटर स्टीपल चेस : (1) सरन दास, सी० सु० बल, 9:02.5 सै०, (2) शमशुद्दीन, के० रि० पु० बल, 9:09.3 सै०, (3) ईश्वर सिंह, सी०सु०बल, 9:14.5 सै०।

110 मीटर बाधा दौड़ : (1) कोहाल पाल सिंह, उ० प्र० पुलिस, 15.0 सै०, (2) के० शियोधनन, के०रि०पु०बल, 15.2 सै०, (3) तरनजीत सिंह, के० रि० पु० बल, 15.5 सै०।

400 मीटर बाधा दौड़ : (1) पी०बी० राजू, केरल, 55.0 सै०, (2) अदन तिवारी, उ०प्र०, 56.4 सै०, (3) गुरदयाल सिंह, के०रि०पु०बल, 56.6 सै०।

पोलवाल्ट : (1) एम० राजन, केरल, 4.30 मी०, (2) पी० गोपाकुमार, केरल, 4.20 मी०, (3) सुभाष सिंह, के०रि०पु० बल, 4.10 मी०।

जैविलिन थो : (1) सतबीर सिंह, हरियाणा, 65.92 मी० (नया रिकार्ड), (2) राम


शंकर, के० रि० पु० बल, 62.46 मी०, (3) युसुफ खान, बिहार, 62.36 मी०।

हैमर थ्रो : (1) आर० एस० बल, के० रि० पु० बल, 62.82 मी०, (2) ओम प्रकाश, के० रि० पु० बल, 62.76 मी०, (3) राजेश, भा०ति०सी०पु० 58.58 मी० ।

डेक्थलोन : (1) के० शियोधनन, के०रि०पु०बल, 6208 अंक, (2) बलविंदर सिंह, सी०सु०बल, 6035 अंक, (3) एच० एम० महतो, के०पु०रि० बल, 5902 अंक।



खेलों के समापन के अवसर पर अधिकारियों से मिलते केन्द्रीय मंत्री श्री अरुण नेहरू।



आर० एस० बल : हैमर थो में स्वर्ण।

मैराथन : (1) यशवंत सिंह, सी०सु० बल, 2 घं० 23:52.0 सै०, (2) विद्याधर सिंह, सी०सु०बल, 2 घं० 24:45.0 सै०, (3) रसदेव सिंह, के०रि०पु०बल, 2 घं० 25.02 सै०।

इनके अतिरिक्त बास्केटबाल प्रतियोगिताओं में बल को दूसरा स्थान मिला जबकि पहले और तीसरे स्थान पर क्रमशः सी०सु०बल और पंजाब पुलिस रहे।

जिमनास्टिक प्रतियोगिताओं में बल की टीम 5 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही, जबकि क्रमशः 12 तथा 8 अंक प्राप्त करने पर सी०सु०बल की टीम प्रथम व भा०ति०सी०पु० की टीम द्वितीय रही।

हाकी प्रतियोगिताओं में भी बल की टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम दो स्थानों पर सी० सु० बल तथा पंजाब की टीमें रहीं।

कुश्ती प्रतियोगिताओं में भी बल की टीम तीसरे स्थान पर रही। उसने कुल 5 अंक प्राप्त किए। जबकि 12 अंक प्राप्त कर सीमा सुरक्षा बल की टीम प्रथम तथा 8 अंक प्राप्त कर के० औ० सु० बल की टीम द्वितीय रही।•

ग्रुप केन्द्र बनतलाब को राजभाषा शील्ड

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 'ग' क्षेत्र में स्थित कार्यालय ग्रुप केन्द्र बनतलाब को 21 दिसम्बर, 1989 को लखनऊ में सम्पन्न उत्तर क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में वर्ष

1988-89 के दौरान हिन्दी में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया है। ग्रुप केन्द्र के अपर उप महानिरीक्षक श्री अशोक कुमार कथूरिया को राजभाषा कार्यक्रम के क्रियान्वयन में दिए गए योगदान के लिये श्रेष्ठता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

यह पुरुस्कार स.उ.नि. श्री उमेश चन्द जोशी ने गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के सचिव श्री कृष्ण चन्द श्रीवास्तव के कर कमलों से प्राप्त किया। बल के पश्चिम उत्तर सैक्टर में यह पुरुस्कार प्राप्त करने वाला ग्रुप केन्द्र बनतलाब प्रथम कार्यालय है।•

6 कार्मिकों को शौर्यता पदक

भारत के राष्ट्रपति श्री आर० वेंकटरामन ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक कमांडेंट तथा 5 अन्य कार्मिकों को पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ते हुए दिखाई गई वीरता के लिए शोर्यवीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया है। दो कार्मिकों को, यह पदक मरणोपरांत दिए गए हैं।

ये पदक विजेता हैं-24 बटालियन के कमांडेंट ए०सी० सीताराम तथा इन्स्पेक्टर गुरदेव सिंह, 26 बटालियन के इन्स्पेटकर मल्कियत सिंह, नायक ड्राइवर ए० के० चक्रवर्ती (मरणोपरांत) तथा कांस्टेबल एस० एस० तांगड़े और 29 बटालियन के कांस्टेबल हिंगोले किशन गंगाराम (मरणोपरांत)।

कमांडेंट सीताराम तथा इन्स्पेक्टर गुरदेव सिंह ने बल की पार्टी के साथ 8 नवम्बर, 1987 को अमृतसर के वानियाके गांव में आतंकवादियों के छिपने के एक स्थान पर छापा मारा। भारी गोली-बारी के बीच कमांडेंट सीताराम ने मिट्टी की एक दीवार के ऊपर चढ़ कर एक आतंकवादी पर गोली चलाई जिससे वह मारा गया। एक अन्य आतंकवादी जो भागने का प्रयास कर रहा था, इन्स्पेक्टर गुरदेव सिंह की गोली से मारा गया। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया।

इन्स्पेक्टर मल्कियत सिंह, नायक ड्राइवर ए० के० चक्रवर्ती तथा कांस्टेबल एस० एस० तांगड़े ने उस समय अपूर्व साहस का परिचय दिया जब कि 18 अगस्त, 1987 को अमृतसर में पैट्रोल ड्यूटी के दौरान आतंकवादियों ने उनकी जीप पर आक्रमण कर दिया।

गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद नायक ड्राइवर चक्रवर्ती ने दम तोड़ने से पहले जीप को गोलियों की बौछार से बाहर निकाल लिया। कंधे पर गोलियां लगने से घायल होने के बावजूद कांस्टेबल तांगड़े एक सुरक्षित पोजीशन लेकर आतंकवादियों पर फायर करने लगे और उन्हें लौटने के लिए मजबूर कर दिया।

इन्स्पेक्टर मल्कियत सिंह ने लगातार फायर करते हुए आतंकवादियों द्वारा बल के कार्मिकों के हथियार उठाकर भाग जाने के प्रयास को विफल कर दिया। मगर पुट्ठे पर गोली लगने से वह घायल हो गए।

24 जुलाई, 1988 को तरन तारन जिले के पाखोपुरा गांव में हुई आतंकवादियों से एक मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल हिंगोले किशन गंगाराम भारी गोलीबारी के बीच रेंगते हुए आतंकवादियों पर निशाना लगाने के लिए एक बेहतर जगह पर पहुंच कर आतंकवादियों पर गोलियां चलाने लगे, जिससे एक आतंकवादी मारा गया। मगर गोलियों से गम्भीर रूप से घायल होने के कारण कांस्टेबल गंगाराम को अस्पताल ले जाए जाते समय मृत्यु हो गई।

इस पदक के साथ प्रत्येक विजेता को प्रतिमाह 60 रुपये का अतिरिक्त भत्ता भी दिया जाएगा।•

दो कार्मिकों को प्रधान मंत्री का जीवन रक्षा पदक

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 40 बटा. के दो कार्मिको को प्रधान मंत्री के जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया गया है। ये कार्मिक हैं—कुक सुभाष चन्द तथा रंगरूट (फिटर) अयूब मसीह।

उनके दृष्टांत पत्र के अनुसार 15 जून, 1989 को गंगा दशहरे के अवसर पर, जब भारी संख्या में श्रद्धालु नदी में पवित्र स्नान कर रहे थे, तो इन रंगरूटों ने जो उस समय नैनीताल के नजदीक एक ट्रेनिंग कैम्प में भाग ले रहे थे। देखा कि तीन लड़के कोसी नदी में डूब रहे हैं।

कुक सुभाष चन्द ने तत्काल नदी में छलांग लगा दी और एक दूसरे को पकड़े लड़कों को अलग कर बारी-बारी से दो लड़कों अशोक मलिक तथा अजमेर सिंह चौहान को किनारे खींच लिया इसी बीच रंगरुट (फिटर) अयूब मसीह भी इस राहत कार्य में कूद पड़ा और कुक सुभाष चन्द की मदद से तीसरे लड़के को बाहर खींच लाया।

संस्मरण

मौत मेरे सामने थी

सब-इंस्पेक्टर आर. पी. त्रिपाठी

मैं 21 अगस्त, 1989 की वह सुबह कभी नहीं भूल पाऊंगा। सुबह लगभग साढ़े 6 बजे का समय था, मैं अपने कैंप में अधलेटा बैठा था। अचानक एक युवक घबराया हुआ मेरे पास आया और आते ही बोला, “साहब जल्दी कीजिए मेरे गांव में दो आतंकवादी हथियारों से लैस हो कर सात-आठ आदमियों की हत्या करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल वे एक घर में आराम कर रहे हैं।”

हालांकि उस समय मैं ड्यूटी पर नहीं था, फिर भी स्थिति की नाजुकता को देखते

हुए मैं ने तत्काल अपने सिपाहियों को तैयार होने का आदेश दिया और स्वयं वायरलैस आपरेटर को कमांडेन्ट से संपर्क कर उन्हें सारी सूचना देने व आगे के लिए आदेश लेने चला गया। उस लड़के से प्राप्त उसके गाँव, सड़क तथा आतंकवादियों के छिपे होने के सारे स्थानों की सूचना मैंने कमांडेंट साहब को देदी।

इसके बाद मैं एक जीप में जवानों के एक सेक्शन को बिठा कर स्थानीय पुलिस स्टेशन गया और वहां से एक सहायक सब इन्स्पेक्टर त्रिलोचन सिंह को साथ लेकर आतंकवादियों के छिपने के स्थान की ओर चल पड़ा। जब उस लड़के को साथ चलने के लिए कहा गया तो वह गिड़गिड़ाने लगा, "साहब अगर उनको या उनकी पार्टी वालों को पता चला गया तो वे मेरे पूरे परिवार को, मेरे छोटे भाई बहनों तक को मार डालेंगे।" इस के बाद मैंने उस लड़के को कैम्प वापस भेज दिया।

गांव चकरानियाल, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, पंजाब के होशियार पुर जिले के महिलपुर थाने के अंतर्गत पाता है। जिसकी दूरी सी. आर. पी. एफ. कैम्प से लगभग साढ़े नौ किलोमीटर है। मैं अपने दस्ते के साथ लगभग सवा सात बजे मुख्य सड़क के साथ गांव को जोड़ने वाली सड़क पर पहुंच गया। वहां से हमने उसी गांव के एक आदमी को जीप में बिठा लिया, ताकि आतंकवादियों के ठिकाने तक आसानी से पहुंचा जा सके। गांव के नजदीक पहुंचने पर जीप को गांव से बाहर ही छोड़ दिया और मैंने त्रिलोचनसिंह के साथ चार जवानों को उस घर के पीछे मोर्चा लेने के लिए कहा, जिसमें आतंकवादी छिपे थे।



बाकी जवानों के साथ मैंने सामने की ओर से गाँव में प्रवेश किया। वह मकान जिस में आतंकवादी छिपे थे, सामने से देखने पर एक खंडहर सा दिखाई दे रहा था। लेकिन उसके भीतर पक्के कमरे थे। इस मकान का अच्छी तरह निरीक्षण करने के बाद मैंने जवानों को उपयुक्त जगहों पर तैनात कर दिया। जब मुझे यह यकीन हो गया कि अब आतंकवादी किसी और से भी निकल कर भाग नहीं सकते, तो मैंने पंजाब पुलिस के त्रिलोचन सिंह को आतंकवादियों को पंजाबी में चेतावनी देने के लिए कहा। त्रिलोचन सिंह ने तुरन्त आतंकवादियों को चेतावनी दी कि वे अपने दोनों हाथ ऊपर उठा कर बाहर आ जाएं। तो उन पर कोई फायर नहीं किया जाएगा। जवानों ने उनको चारों तरफ से घेर लिया है। अतः उनके द्वारा भागने का प्रयास उनकी मौत का कारण होगा अतः वे आत्मसमर्पण कर दें।

अब तक कमांडेन्ट भगत सिंह अपने दस्ते के साथ वहां पहुंच गये थे, जिससे जवानों के हौंसले बढ़ गए थे, बल की 11 बटालियन के कमांडैन्ट भगत काफी जांबाज अधिकारी माने जाते हैं। उन्होंने स्वयं तथा उनके दल ने कई खूंखार आतंकवादियों का सफाया किया है। मुझ से आतंकवादियों के बारे में पूरी सूचना लेने के बाद कमांडेंट भगत तुरत-फुरत में मकान की छत पर चढ़ गए और आतंकवादियों को ललकारते हुए कहा, “आप लोग दोनों हाथ ऊपर उठा कर बाहर आ जाओ, आपको मेरे जवानों ने चारों तरफ से घेर लिया है।” जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने ग्राम प्रधान तथा त्रिलोचन सिंह को छत पर बुलाकर आतंकवादियों को पंजाबी में चेतावनी देने को कहा।

चूंकि आतंकवादी कमरे के अन्दर थे और कमरे में घना अन्धेरा था, अतः बाहर से अन्दर कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था, मगर आतंकवादी कमरे के अन्दर से बाहर की सभी गतिविधियां देख रहे थे।

पार्टी कमांडर होने के नाते मुझे काफी हरकत करनी पड़ रही थी। मैंने मुख्य द्वार के पास एक लाइट मशीनगन को फिट किया और उसे कवर करने के लिए सेल्फ लोडिंग राइफल के साथ एक जवान को तैनात किया, ताकि आतंकवादियों के भागन के प्रयास को विफल किया जा सके। दरवाजे के सामने से चूंकि चारों तरफ नजर रखी जा सकती थी, अतः मैंने स्वयं भी वहीं मोर्चा सम्भालने का निर्णय लिया।

अचानक मेरी नजर आतंकवादियों वाले कमरे के साथ लगी एक छोटी सी कोठरी पर गई, जिस के एक कोने में एक 20-22 वर्षीय युवती अपनी गोद में तकरीबन एक माह के बच्चे को लिए भयभीत खड़ी थी। वह काफी देर से मेरी ओर देख रही थी, जैसे ही मेरी उससे निगाहें मिलीं, वह मुझे इशारा करती हुई बोली कि मुझे और मेरे बच्चे को बचा लीजिए। तत्काल मकान की छत से कमांडेंट भगत बोले, ‘त्रिपाठी इसको सुरक्षित बाहर निकाल लो।’ मैंने तत्काल अपने जवानों को हिदायत दी कि कोई हरकत न करे, और उस युवती को बाहर आने दें। मैं अपने जवानों को हिदायत देने के लिए थोड़ा ऊपर उठा ही था कि खिड़की में से आतंकवादियों को मेरा सिर दिखाई

दे गया और एक आतंकवादी ने अपनी ए. के. 47 राइफल से मुझ पर गोलियों की बौछार कर दी। बौछार की पहली और दूसरी गोली मेरे दाएं गाल से होती हुई बाएं गाल से बाहर निकल गई।

चेहरे पर गोली लगने की वजह से मेरा चेहरा विकराल और भयानक हो गया था, मुझे लग रहा था कि मेरी जिंदगी और मौत के बीच कुछ ही क्षणों का फासला है। मेरा निचला जबड़ा नीचे लटक कर झूलने लगा था और रक्त फव्वारे के रूप में बह रहा था। मेरी यह दशा देखकर जवानों का घबरा जाना स्वाभाविक था, तत्काल मेरे मन में विचार आया कि यदि मैं ऐसी हालत में गिर पड़ा तो आतंकवादी फायर करते हुए बाहर आ सकते हैं और इससे जवानों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। इस विचार के आते ही मैंने तत्काल एक हाथ से लटकते जबड़े को थाम लिया और दूसरे हाथ से अपनी पिस्तौल निकाल कर आतंकवादियों पर फायर करना शुरू कर दिया। इसी बीच कमांडेंट भगत जो कमरे की छत में सूराख कर रहे थे, जब उन्होंने मुझे घायल होते देखा तो भारी गोलीबारी के बीच भी छत से कूद कर नीचे आ गए और मेरे पास आकर मुझे साहस बंधाने लगे। उन्होंने तत्काल अपनी जीप में दो जवानों के साथ मुझे अस्पताल भिजवा दिया।

आतंकवादियों के साथ हुई इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी रणजीत सिंह इलयाश तथा प्रेमसिंह राणा मारे गए। ये दोनों ही 'ए' श्रेणी के आतंकवादी थे तथा इनके सिर पर 50-50 हजार रुपए का इनाम था। इन दोनों आतंकवादियों पर 120 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या का आरोप था। आतंकवादियों के पास से दो ए. के. 47 राइफलें तथा ढेरों कारतूस भी बरामद किए गए।

दूसरी तरफ मेरी स्थिति नाजुक होती जा रही थी। माहिलपुर अस्पताल के डाक्टर स्थिति को नियंत्रण से बाहर पा रहे थे। प्राथमिक उपचार के बावजूद खून का बहना रुक नहीं रहा था। जबड़े पर गोली लगने के कारण दाँतों ने भी गोलियों का ही काम किया था और वे टूट कर गालों के विभिन्न हिस्सों में घुस गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद मुझे होशियारपुर के जिला अस्पताल में भेज दिया गया। मेरा काफी लम्बा इलाज चला। पहले मुझे अमृतसर रखा गया और आजकल दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मेरा इलाज चल रहा है। मगर मैं अपने कमांडेंट के स्टेनो जे० बी० शर्मा के ऋण को कभी उतार नहीं पाऊंगा। यदि अन्तिम क्षणों में उन्होंने मुझे रक्त न दिया होता, तो शायद मैं अपनी यह कहानी सुनाने के लिए जीवित न बचता।

नीमच चैम्पियन

19 से 20 फरवरी तक के. रि. पु. बल ग्रुप केंद्र नीमच में आयोजित 24 वीं अंतररेंज प्रतियोगितामों की चैम्पियनशिप नीमच रेंज ने जीत ली। उसने कुल 2733 अंक प्राप्त किए, जबकि 2718 अंक प्राप्त करने पर पटना रेंज द्वितीय और 2703 अंक प्राप्त करने पर मद्रास रेन्ज तृतीय रही।

राइफल चैम्पियनशिप पर 1796 अंक प्राप्त कर पटना रेन्ज ने अपना कब्जा बना लिया, जब कि क्रमशः 1760 और 1746 अंक प्राप्त करने पर मद्रास और नीमच अगले दो स्थानों पर रहे।

पिस्तौल चैम्पियनशिप दिल्ली रेंज ने 1082 अंकों के साथ जीत ली। अगले दो स्थानों पर रामपुर एवं नीमच रहे। दोनों ने क्रमशः 1002 व 987 अंक प्राप्त किए।

फरवरी, मार्च, 90 में मृत बल के कार्मिक

माह फरवरी व मार्च, 1990 में बल के निम्न कार्मिकों की मृत्यु हुई। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है : कां० हरेंद्रसिंह (24 बटा.), कां. एम. पांडुरंगन (ग्रुप. के. आवड़ी), ला. ना. श्री ओम (73 बटा.), कां. बी. बी. सिंह (35 बटा.), ना/.रे. आ. के. मोहनन (4 सिग. बटा, अटैच 41 बटा.), कां० हरेंद्र सिंह (73 बटा.), उ. नि. (अस्थाई) दयाराम (118 अग्ज बटा.), का श्रीधर (4 बटा.), का. सयैद अब्दुल अदुइद (5 बटा.), कां/ड्रा आर. वागमोर (30 बटा.), काँ/माली शिव लाल (ग्रुप के. गांधी नगर), कां. के. वी. जोसफ (44 बटा. प्रतिनियुक्त पर सी. बी. आई. में जनवरी में मृत), ना. जग्गी राम (25 बटा.), है. का. धर्मपाल सिंह (36 बटा.), का. हरी सिंह भाई (24 बटा.), कमांडेंट एम. ए. मिश्रा (86 बटा.), कां. बलजीतसिंह (74 बटा.), कां. एम. जी. सिंह (23 बटा.), कां. कैलाश चन्द (24 बटा.), ना./मोची शंकर गंगाराम तरदार (ग्रुप के. बनतलाब), कां. अनिल हीरा (4 बटा.), कां. अजीत कुमार नायर (54 बटा.), कां. भीम बहादुर (67 बटा.), कां. ज्ञान चन्द (2 बटा.), उ. नि. (मि.) सिकन्दर सिंह (87 बटा.), ना. लाल बहादुर वैश्य (43 बटा.) और है० का. धर्मपाल (80 बटा.)

स्वर्ण जयंती निबंध प्रतियोगिता

के०रि०पु० बल-गौरवमय अतीत और चनौती भरा भविष्य

के०रि०पु० बल स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त ग्रुप केन्द्र-प्रथम अजमेर के स. उ. नि. वीरपाल सिंह के निबन्ध की द्वितीय किस्त।

गतांक से आगे :

चुनौतीपूर्ण भविष्य—भारत के विभिन्न क्षेत्रों या राज्यों से सभी जातियाँ, धर्मों और सम्प्रदायों के लिए गये व्यक्तियों का यह के० रि० पु० बल राष्ट्रीय अखंडता में ही अपना योगदान नहीं देता बल्कि अपने कर्तव्यों को धर्म निरपेक्ष भाव से बिना किसी

पूर्वाग्रह के, निष्पक्षता से, निष्ठापूर्वक, अनुशासन बद्ध होकर निभाने के लिए भी लोकप्रिय है, हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास भी है कि आगे भविष्य में भी यह बल और लोकप्रिय होगा। इस बल के संगठन में वर्तमान में 1 लाख 20 हजार से अधिक कार्मिक हैं जो कि 19 ग्रुप केन्द्रों, प्रशिक्षण संस्थानों और कार्यशालाओं, अस्पतालों के अतिरिक्त 98 बटालियनों में विभाजित हैं। प्रथम महिला बटालियन खड़ी करने का श्रेय भी इसी को है।

के० रि० पु० बल ने गत साल 27 जुलाई को अपने स्थापना के शानदार 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस वर्ष को स्वर्ण जयन्ती के रूप में मनाया जा रहा है। 27 जुलाई को स्वर्ण जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में के० रि० पु० बल का एक 60 पैसे का डाक टिकट भी जारी किया गया है।

के० रि० पु० बल, आज देश में कानून व व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समस्या चाहे किसी भी प्रकार की क्यों न हो, अपने बल के वीर जवानों ने इसे अपूर्व साहस व वीरता से सुलझाया और सुलझाते आ रहे हैं। देश की एकता एवं अखंडता को खतरा चाहे बाहर से हो या भीतर से या फिर प्राकृतिक विपदाओं के सामने, प्रशासन असहाय हो गया हो। हर स्थान पर हर समय एक मात्र बल सेवा के लिए तत्पर दिखाई देता आ रहा है और वह है के० रि० पु० बल।

भाषागत, दलगत, जातिगत, क्षेत्रीयता की भावनाओं से दूर रहकर के० रि० पु० बल निष्पक्षता, कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी, वफादारी, वीरता तथा महत्वपूर्ण साहस के क्षेत्र में नई मिसाले कायम करता आ रहा है। यही कारण है कि आज यह बल देश को ही नहीं बल्कि पड़ोसी देशों श्रीलंका तक के नागरिकों का भी चहेता बन गया है।

अपने भारत के किसी भी राज्य के किसी भी हिस्से में जब जब किसी आतंकवादी या विघटनकारी ताकतों ने अपना सिर उठाया है, तब तब उनका सामना सबसे पहले इस बल के वीर जवानों ने किया है। देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों तथा पंजाब व श्रीलंका में आतंकवादियों से निबटने में बल की भूमिका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

असम, मिजोरम, त्रिपुरा, दार्जिलिंग जैसे अशांत इलाकों में शान्ति स्थापना के बाद भी आज देश की निगाह पंजाब पर लगी हुई है। यही कारण है कि आज पंजाब की स्थिति का बल के जवानों पर दायित्व काफी अत्यधिक बढ़ जाता है। पंजाब में स्थित बल का हर वीर जवान हर पल अपने कर्तव्य का निर्वाह ईमानदारी, वफादारी, निष्पक्षता और मुस्तैदी से करते हुए अपने उत्तरदायित्वों के प्रति सचेत है।

के० रि० पु० बल देश की आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसका जीवन देश के कानून को राष्ट्रहित में लागू करना, शान्ति और व्यवस्था बनाये रखना आदि राष्ट्रीय उन्नति के कर्मो को सहयोग देने लगा है।

जरूरत है के० रि० पु० बल के जवानों के मनोबलों को ऊँचा उठाने की ताकि वह अपना कर्तव्य, अपने देश की अखंडता एवं एकता को बनाए रखने में अपने आत्म बल के साथ अपनी शौर्यपूर्ण वीरता का परिचय देते हुए देश के राष्ट्र हित में अपनी

जान दाव पर लगा सके। जवान शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ्य होना चाहिए, उसे किसी प्रकार की मानसिक समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए जवानों के कल्याण कार्यक्रमों, मनोरंजन उनके परिवार की पूर्ण सुरक्षा, उनके बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में पूर्ण सहयोग देना, ताकि जवान के मनोबल में गिरावट न आने पावें। तभी के० रि० पु० बल का वीर जवान चाहे आपरेशन ब्लू स्टार हो, आपरेशन ब्लेक थंडर हो, कुख्यात आतंकवादियों की धरपकड़ हो या फिर प्रलयंकारी बाढ़ के बीच राहत कार्य हो हर समय अग्रिम पंक्ति में रहेगा,

हमारे के० रि० पु० बल क़े जवान अपने देश की एकता, अखंड़ता, देश की आंतरिक शान्ति एवं व्यवस्था और कानून के प्रति बचनबद्ध हैं। चाहे हमें अपनी जान भी देश के हित में लगानी क्यों न पड़े, उसके लिए भी हम कभी पीछे नहीं मुड़ेंगे।

ध्यान रहे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को । अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आंतरिक सुरक्षा की रखवाली करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जिसे अपनी जान पर खेल कर भी निभाने के लिए हम वचन-बद्ध हैं। पूर्व में इस बल के जवानों ने अनेक चुनौतिपूर्ण स्थितियों में साहस तथा गौरव के साथ अपना कर्त्तव्य निभाया है और आज भी आतंकवादियों तथा अन्य विघटनकारी तत्वों द्वारा उत्पन्न खतरों से हमारा भविष्य चुनौतियों से भरा पड़ा है। उन चुनौतियों का सामना करने के लिए हम उच्चतम कोटि की कर्त्तव्य भावना का परिचय देंगे।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उज्जवल एवं गौरवशाली भविष्य के लिए हमें जनमानस के पूर्ण सहयोग की आवश्यकता है । तभी हम अपने कर्त्तव्य को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभा सकेंगे।

रजि० नं० 47167/87



श्री अरुण नेहरू के० रि० पु० बल टीम के मैनेजर श्री चीमा को 39वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों में दूसरे स्थान की ट्राफी प्रदान करते हुए ।

मुख्य सम्पादक : ए० एन० शर्मा . सम्पादक : अनिल गुप्ता । मुद्रक : सी० आर० पी० एफ० प्रेस, झड़ोदा कलाँ, नई दिल्ली-110072 ।
मुद्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक के०रि०पु० बल, ब्लाक 1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से ए० एन० शर्मा ।


CRPF
SAMACHAR
APRIL 30, 1990



THE
CRPF SAMACHAR

Vol, 4 No.l
April 30, 1990.
Vaisakha 10, Saka 1912

Quarterly

Chief Editor ; ***A. N. Sharma***
Editor: **M.P Nathanael**
Photo Selection: **Satish Khanna**
Production: **Anil Gupta**

Cover Captions:

First Cover; ***Prime Minister VP Singh accepting greetings of audience at CRPF Golden Jubilee Parade.***

Second Cover: ***Prime minister V.P. Singh is seen on the dias flanked by Shri. P.G, Halarnkar DG, and ShriP.S. Bhindar Addl.DG during golden Jubilee Parade***

Third Cover: ***A Marching view of the CRPF conHgent in Golden Jubilee Parade,***

fourth Cover; ***Colourful CRPF Band:A Bird's eye-view.***

Cover photos by: ***Satish Khanna***

Editorial Office :

Directorate General Centrel Reserve Police Force Block-1, C.G.O Complex, Lodhi Road New delhi. 110 003.

Printed and Published by:

A. N. Sharma on behalf of The Directorate General, CRPF

Printed at

Geetanjli Advertisers And Printers, H-26, Kailash Coloney, New Delhi-lW 048. Phone: 6468 707

Editorial

Dear Reader,

Let me have the privilage of introducing myself as PRO cum chief editor of CRPF Samachar .CRPF is over 50 years old. The history of CRPF is the history of sacrifices and patriotism. And the saga of CRPF is Written by jawans by their own sweat and blood. From the deserts of Rajastan to the snow clad mountains of the Himalayas, there is no place which is not cleansed with the blood of CRPF personnel.

The Prime Minister Shri V.P. Singh in the Golden Jubilee Celeberations of the CRPF said “The CRPF men had shed blood in every part of the country in the service of nation”. To maintain the above standard we should take a vow to work selflessly for the security of our country. Years ahead are very challenging for all of us, so we must gear up to meet the situation with courage and dedication. This require us to keep our ears and eyes open and know what is happening all over the country. We will try to work as your eyes and ears through CRPF Samachar by giving you latest samachar.

This issue being a special Jubilee issue is unique in many ways. It is the first issue which is based on visual besides being printed on the offset press. In this issue ,pictures speak for themselves. Again herein a complete saga of CRPF have been depicted in pictures.

This issue also does not contain many of familiar features. Efforts are made to bring in some of the historical moments from the life of our dedicated jawans.

The whole issue has been divided into seven segments each complete in itself. Subjects covered under these segments are Fifty glorious years of CRPF, Moments of honour, Golden jubilee celebrations, Some notable operations CRPF in service of humanity. They brought laurels for us and Welfare activities.

Meanwhile once again I seek your Co-operation by sending information/writeups to us for CRPF samachar.

yours sincerely,



(A.N. SHARMA)



Message

The Golden Jubilee celebrations of the Central Reaserve Police Force are drawing to an end. The celebrations which were inaugurated on 6-4-1989,will end with a colourful function in Vigyan Bhavan on 21-4-1990.


50 years of the its existence, have been eventful for the Central Reserve Police Force. In 1939 a small force, called the Crown Representative's Police was created primarily to maintain law and order in Princely States. Over the years,the Force not only grew in strength but also transformed itself into a versatile instrument for the maintenance of internal security in the country. Of late, threats to internal security have multiplied and become more complex and challenging. The CRPF has met these challenges with professional competence and dedication. This fact was acknowledged by no less a person than the Prime Minister of India, Shri Vishwanath Pratap Singh while addressing the Golden Jubilee Parade held on 5th March, 1990 at Jharodakalan. The Prime Minister said:

> "The challenges have nurtured the CRPF and sacrifices have given it an identity. Today the CRPF has become symbol of our unity and integrity."

This is, however, no time to rest on our laurels. The Nation is passing through a difficult and trying period. The challenges that lie ahead of us will test our professional competence, out integerity and dedication. I have no

doubt the Central Reserve Police Force will not fail the country and the Government in their hour of need.

On this occasion, let us resolve to re-dedicate ourselves to the service of the Nation. It should be our constant endeavour to improve our professional performance and uphold the glorious traditions of secularism, nationlist orientation and dedication to duty in which we are second to none.



(P.G. Halarnkar)
Director General,
C.R.P.F.


CONTENTS



Fifty Glorious Years of C.R.P.F



Moments of honours



Golden Jubilee Celebrations



In the service of humanity



Some Notable Operations



They brought laurels for us



Welfare activities

Fifty Glorious Years of CRPF



Sardar Patel presenting colours to CRPF.



Pandit Nehru inspecting a guard of honour by CRPF at CRPF birth place Neemuch.

The Central Reserve Police Force originally known as Crown Representative Police was raised in Neemuch on July 27, 1939 to aid the Princely State in the maintenance of law and order. But the Force was however, utilised on other duties like guarding German & Italian detenues during 2nd World war, checking of Hurs menace in 1942 in Sind, curbing anti-dacoit menace in Central India and Baroda and performing the Viceregal guard duties in Delhi. In 1947 the force won many military honours, a number of king's police medals and Indian police medals for gallantry. One of the Commandant Mr. P.C. Parry, was decorated with the order of British Empire.

The independence of the country marked an important water-shed in the life of the CRPF which was renamed as Central Reserve. Police by an Act of Parliament in 1949. Sarder Vallabh Bhai Patel, the then Home Minister, Visualised a multidimensional role for the force in turn with the changing needs of newly independent nation. The Force was presented Colours on the 19th March, 1950 by Sardar Vallabh Bhai Patel on behalf of Dr. Rajendra

Prasad, the then President of India.

During the 50’s large number of ntorious dacoit gangs had struck terror in Madhya pradesh. The CRPF together with the state Police, liquidated many of these gangs.

In 60’s it was the CRPF which faced the brunt of the first onslaught of the Chinese at Hot Spring. On October 21st 1959, a CRPF patrol was ambushed and over whelmingly outnumberd by the Chinese. In ensuing battle, 10 CRPF men laid down their lives. The day is observed throughout the country as the Police commemoration day in memory of the Police-men who laid down their lives in the service of the nation.

During the Indo-Pak war of 1965 in the Runn of Kutch the dedication, commitment and professionalism of the CRPF were tested when they repulsed the attack of a Pak-Brigade. Shri Gulzari lal Nanda, the then, Home Minister, described the achiev-ment of the CRPF as historic.

Again in 1971, the CRPF with the Army In the Chicken Neck area during the Indo-pakistan War.




Paying homage to the martyrs at the memorial in the Hot Springs.




CRPF men guarding Jaffna Colombo highway.



Dr. Rajendra Prasad, the first President of Independent India with CRPF officers.



CRPF personnel at Chicken Neck.



Installation of Automax at CRPF Head Quarter: A step towards modernisation.


During the last two decade, the unity and integrity of India have been under constant threat. The story of CRPF is closely linked with the efforts of the Government in snuffing out these challenges.

With 99 Battalions the CRPF now has a strength of over 1,25,000 men.

This includes a women’s Battalion also. There are 19 Group Centers spread all over the country besides seven training institutions and other ancillary units. It has its own Academy at Mount Abu, Two Central Colleges and 3 recruits Training Centres.

The CRPF have now 5 signal Battalions. In addition there is a central Training College (Telecom nications) at Ranchi which provides the latest training to signal men. The CRPF has acquired a mini-super Computer as a part of modernisation plan. Another step towards modernisation is the installation of Computer-based Automax. Gradually this system would be installed in all the sector Head Quarters of CRPF.

Moments of Honour



Mrs. Padmini Mohanan getting Vir Chakra from President of India Shri R. Venketaraman, awarded to her husband Constable Thankapan Mohanan Posthumously. (Inset - Constable Mohanan)


The CRPF till now has won:

1- Vir Chakra,

1- Padmashri,

3- King's Police and Fire service medals for gallantry, 107 President's Police medals for gallantry, a Vishisht Seva medal,

1- Yudh Seva medal, 240 Police medals for gallantry,



Group Photo of Medal recipients for the year 1989-90 with the Prime Minister and Home Minister.

4- Sena medals,

55 Prime Minister's Life Saving medals and

1 Jeevan Raksha padak.

This is the highest tally of awards received by any Police Force of the country so far.

Golden Jubilee Celebrations



Inspection of weapons captured by CRPF from terrorists and insurgents by WIPs at opening ceremony of Golden Jubilee Year.



The release of CRPF Golden Jubilee Stamp at Vigyan Bhawan by then Home Minister Shri Buta Sineh.



CRPF Hoopsters in a tense moment during CRPF Gold Cup Basketball tournament.



CRPF Cycle Rally arriving New Delhi.



DG Shri P.G. Halarnkar flagging off runners at Vijay Chowk for Golden Jubilee Run.

The Golden Jubilee Celebrations were inagurated on 6th April, 1989 at a function in Vigyan Bhavan by the then Home Minister, Shri Buta Singh. A series of functions followed, On 27th July 89, a Commemorative postage stamp of CRPF and First day cover were released at a function held simultaneously in Delhi, Chandigarh, Amritsar, Calcutta, Madras and Gandhinagar. On 30th September, ’89 short runs were organised in Delhi Madras, Neemuch, Jammu, Calcutta and Guwhati.

A Mashal Rally was flagged off from Neemuch, the birth place of CRPF to Delhi on 8th October, ’89. It covered 716 Kms and reached Delhi on 18th October, ’89. The arrival of the Mashal Rally at Talktora Indoor Stadium synchronised with the commencement of CRPF Gold Cup Basketball Tournament in which top teams in the country participated. On the final day of the CRPF Gold Cup Basketball Tournament, Cycle rallies which had started from Durgapur, Gandhinagar, Hyderabad and Srinagar reached the Talktora Indoor Stadium just before the concluding function of the Tournament.



Prime Minister Shri V.P. Singh inspecting guard of honour at CRPF Golden Jubilee Parade at Jharoda Kalan.



Sh. G.S. Randhawa handing over Mashal to then Minister of State for Home Affairs Shri. P. Chidambaram, while Shri Halarnkar looks on.




Prime Minister Shri V.P.Singh and Home Minister Shri. Mufti Mohammed Syeed with the relatives of CRPF men who were awarded medals posthemously.



Smt. Sita Devi wife of Shri V.P. Singh Prime Minister, visiting CRPF Welfare Centre at Jharoda Kalan.



Prime Minister signing Visitor's Book at Officer's Mess at Group Centre New Delhi. (PM's comments below)



The Prime Minister, Shri V.P. Singh, took salute at a colourful and impressive ceremonial parade held in New Delhi on 5th March, 1990. The Prime Minister also gave away President's Police medals for gallantry to 13 CRPF personnel, Police medals for gallantry to 33 personnel and distinguished service medals to 6 personnel, 5 medals were received by widows (4) and father (1) of the deceaed CRPF personnal.

The Prime Minister also inaugurated blood donation Camp in which 137 CRPF personnal donated blood.

In The Service of Humanity



Central Reserve Police Force has made a place in the hearts of people by sheer dint of their hard work for the welfare of the humanity. The confidence, thus created, stands in good-stead for them when CRPF goes to tackle grim situation like riot, flood havoc and draught condition.

Realising the importance of human service CRPF have created a unit known as Peace Keeping Elements. It gives help to people affected by riots, natural calamities terrorists's attack and draught etc.



CRPF Jawans escorting trains during Railway Strike.



A CRPF Jawan carrying an old lady to cast her votes in Punjab elections.




Cops of Mahila Battalion rescuing an old lady during Merrut riots.

CRPF rescue operation in riot, in flood or against terrorism or suffering in draught,have been accalaimed all over the country. The role played by the CRPF,at Meerut or in J & K, or in Delhi or in Assam are loudly cheered. The Prime Minister Shri. V.P. Singh has acknowledged this fact when he said that CRPF has earned the confidence of the people after many sacrifices and expressed the hope that they will maintain this in the years to come.



CRPF Doctors attending Villagers in Punjab.



CRPF Jawans donating blood.



A CRPF Officer rescuing a newly born baby during floods in Delhi.

Be it in an election duty or helping old and helpless people, CRPF comes to forefront. Whether it is a blood donation camp or treating the patient, CRPF jawans and Doctors never lag behind.

In nutshell whether it is war or insurgency or terrorist attack or constructive work during peace time, the presence of CRPF is felt everywhere.

Some Notable Operations



CRPF Officers attending to wounded terrorists who had surrendered during Operation Black Thunder.



CRPF Jawans keeping a vigil near Golden Temple during operation black thunder.




A CRPF jawan along with the insurgent both died in an encounter.

E*ver since CRPF has taken birth on 27th July 1939, it was entrusted with one operation or the other. In forties and fifties it was involved in repulsing of Hur menace in Sind and curbing anti-decoity menace in Central India and Baroda. In sixties and seventies CRPF even involved in regular war with Chinese and Pak Troops. Such as fighting the Chinese at Hot Spring on Oct 21, 1959. Again in 1965 and 1971 it fought against Pak in roads in the*

Chicken Neck and Runn of Kutch respectively.

During eighties CRPF is checkmating the threat to internal security of country. CRPF played a major role whether it was the Naxalbari movement in West Bengal or insurgency in Nagaland or Mizoram or the agitation over Foreigner's issue in Assam or the GNLF movement in Darjeeling, in quelling them. The Force has also successfully put down many communal disturbances in different parts of the country.



Search Operation by CRPF men in Mand Area.



CRPF Jawans crossing a rope bridge in search of insurgents.



CRPF personnel in search of terrorists.

Since 1983 the prime arena of action for CRPF has been Punjab. Next only to the Punjab Police, the CRPF has borne the burnt of the fight against terrorism. During the last six years the Force in different encounters had captured about 3,125 major weapons. In the procwss, it has paid a heavy price, 105 officers and men were killed and 243 were injured.

In Srilanka two Battalions of CRPF men and one Mahila Company of CRPF were deployed as part of IPKF. The first major attack of the LTTE was launched against CRPF, In this CRPF lost four men. This and other encounters found CRPF men successfully repulsing the attack launched by the LTTE in an unconventional warfare. In all, we lost 15 CRPF men in Srilanka.

In Srinagar where deployment of CRPF has gone up considerably a large number of subversives were killed in encounters while 432 were apprehended during 1989. Five CRPF men lost their lives in the Kashmir Valley.



Manila Cops of CRPF with weapons recovered by them during Merrut riots.




Back to home from Sri Lanka.

The CRPF women's Battalion won laurels during the Meerut riots and then for its out standing work in Srilanka. One Coy of this Battalion is also actively involved in J & K to handle the women agitators for search duties.

During 1989, thirty nine officers and men of CRPF were killed an 90 injured in 295 encounters in Punjab. 313 terrorists were killed in these encounters while 982 terrorists were apprehanded.


In 57 other encounters in other parts of the country 57 extremists were killed and 2900 were apprehanded. 16 CRPF men lost their lives in these encounters while 124 were injured.



Khazan Singh

CRPF true to its tradition for maintaining high standard of proficiency have exelled in the sports field. In All India Police Games since 1972 CRPF team is claiming top honours except in 1978 and 1990 when CRPF became runners up. They have given to the country a band of dedicated sportsman who have represented the country in National/International arena. This includes four Arjuna Award winners viz Commandant G.S. Randhawa (1964), Dy. SP Hari Chand (1981) and Dy. SP R.S. Bal (1987) in Athletics and Dy. SP Khazan Singh (1986) in swimming.

Some of the other sportsmen of International repute are Dy. SP Pratap Kumar Dogra, Inspector Shamshud-din, SI Gurumukh Singh and Inspector Ram Bhagat in Athletics, Dy. SP N.B. Bhosle and Dy. SP Balrant Sheel in Gymnasytics, Inspector Mohinder Kumar Inspector Surender Singh and Inspector S. Radhakrishnan in Aquatics, Inspector Jesmender Singh in Basketball.




SI Banu Singh and SI Radhey Shyam who participated in Xth Asian Games at Seoul in 1986 and placed third and fifth respectively in their categorious in Judo.

Shri. T.S. Dhillion Assistant Commandant participated in first police games at Trento (Italy) in 1989 and secured IVth position in shooting and Dy. SP Ishwar Singh represented India in Commonwealth games at Edmontons in

1978 and won bronze medal in Wrestling, similarly Shri H.P.S. Cheema Assistant Commandant was selected by AAFI as Coach-cum-Manager of Indian athletic team which participated in grand prix Circuit in Europe at Colo (Norway). Besides above games, CRPF have also given sportsmen to the country in Chess, Vollevball and Kabaddi.


Welfare Activities



DG CRPF Shri. P.G. Halarnkar, Shri. P.S. Bhindar, Addl. DG and Shri. B.L. Vohra Deputy Director (Adm) talking to widows of CRPF Jawans after cheque presentation ceremony.



DG Shri. Halarnkar inaugurating CRPF Public School at New Delhi.



DG Shri. P.G. Halarnkar inaugurating CRPF ITI at New Delhi.

The Force has introduced a number of important welfare scheme for the Force. Financial benefits are being provided to the men through the following welfare measures:- Battalion Welfare and Amen-ties Fund; Central Welfare Fund; Risk Fund; and Education Fund.

The CRPF is the first para-military Force to have set up a public school in Rohini (Delhi) with hostle facilities for the children of CRPF personnel. An Integrated Training Institute (ITI), exclusively for the wards of CRPF personnel, with hostle facilities is also being run at Delhi and one more ITI is proposed to be set-up shortly in southern region. About 9000 scholarships

are given to CRPF children through the Education Fund. From the Welfare Fund, assistance is given to the next of kin of killed and those injured. The Risk Fund introduced in the force takes care of financial assistance to the families of Force personnel in case of death and injury. We have well equipped hospitals in all Group Centres to look after the medical problems of our personnel and their families





Regd. No. 45956/87

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सी आर पी एफ समाचार

मूल्य—1.60 रुपये, खंड-III अंक-III

31 मई, 1990 10 ज्येष्ठ, शक संवत 1912



कांस्टेबल हजारिका को पदक प्रदान करने के बाद मंच से उतरने के लिए सहारा देते गृहमंत्री ।

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सम्पादकीय

प्रिय पाठक,

समाचार का मई अंक आपके हाथ में है। कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से हम पिछले कुछ समय से समाचार आप तक सही समय पर नहीं पहुंचा पा रहे हैं। आशा है इन दिक्कतों को शीघ्र ही हल कर लिया जाएगा, और हम समय पर समाचार आप तक पहुंचा पाएंगे। समाचार युनिटों तक सही समय पर पहुंचाने की एक व्यवस्था यह भी की गई थी कि जब भी किसी युनिट का कोई सदस्य दिल्ली आए, तो वह महानिदेशालय के जन संपर्क विभाग से सी० आर० पी० एफ० समाचार की प्रतियां भी लेता जाए। मगर हमें अफसोस है कि काफी युनिटों की प्रतियां हमारे यहां काफी समय तक पड़ी रहती हैं। समाचार की उपयोगिता तभी है जब समय पर उसको उसका पाठक मिले तथा पाठक को उसका समाचार मिले।

मुझे के० रि० पु० बल में जन संपर्क अधिकारी के रूप में शामिल हुए लगभग तीन माह हो चले हैं। मगर हिन्दी समाचार के माध्यम से अपने पाठकों से पहली बार मिल रहा हूं, पिछले दो तीन महिने के० रि० पु० बल के लिए काफी हलचलों से भरे रहे हैं। अप्रैल माह में स्वर्ण जयन्ती समारोह का समापन तथा अलंकरण समारोह काफी भव्य रहा और इसकी प्रचार एवं समाचार माध्यमों ने भरपूर प्रशंसा की।

इस अवसर पर गृह मंत्री महोदय ने स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अंग्रेजी में प्रकाशित एक स्वर्ण जयंती पुस्तक का भी विमोचन किया। लगभग सवा सौ पृष्ठों की इस पुस्तक का सम्पादन उप निदेशक प्रशासन श्री बी. एल. वोहरा ने किया है। पुस्तक में बल के भूतपूर्व महानिदेशकों सहित कई लेखकों के लेख संग्रहित हैं । यह पुस्तक के० रि० पु० बल के भूत, वर्तमान तथा भविष्य के बारे में विशद जानकारी देने के साथ साथ बल के जवानों की कार्यविधि तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों का भी सजीव चित्रण करती है। पुस्तक का एक और जानकार पहलु यह है कि इसमें बल के जन्म से ले कर हाल तक के पुलिस पदक तथा अन्य पदक विजेताओं की सम्पूर्ण सूची प्रकाशित की गई है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पुलिस बलों में रुचि रखने वाले जिज्ञासुओं के लिए यह एक अच्छी संदर्भ पुस्तक साबित होगी। हमारे पाठक यह पुस्तक अपनी अपनी युनिटों से प्राप्त कर पढ़ सकते हैं। इसे बल की सभी युनिटों में प्रेषित किया गया है।

अंत में सी० आर० पी० एफ० समाचार का जिक्र फिर करना चाहूंगा। हमारा प्रयास है कि यह समाचार अधिकाधिक रोचक, आकर्षक एवं जानकारी पूर्ण हो, मगर हमारी कुछ सीमाएं हैं । हम चाहते हैं कि पाठक इस सम्बन्ध में हमें अपनी राय, एवं इसमें शामिल करने के लिए अपनी रचनाएं अवश्य भेजें। अच्छी रचनाओं को समाचार में शामिल कर हमें प्रसन्नता होगी।

आपका
ह०
(ए. एन. शर्मा)

शौर्य गाथाएं

सात कार्मिकों को शौर्यता पदक



रंजीत सिंह




चन्द्रपाल सिंह



सोदान सिंह



एल.बी. स्वामी



बीरेन्द्र सिंह नेगी

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सात कार्मिकों को भारत के राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरामन ने शौर्य वीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया है। इन कार्मिकों को ये पदक पंजाब में आतंकवादियों के साथ हुई भिन्न भिन्न मुठभेड़ों में दिखाई गई शौर्य वीरता के लिए दिए गए हैं। ये पदक प्राप्त करने वाले कार्मिक हैं—30 बटा० के कांस्टेबल बीरेन्द्र सिंह नेगी (मरणोपरान्त) 41 बटा० के इन्स्पेटर रणज़ीत सिंह, तथा 65 बटालियन के लांस नायक चन्द्रपाल सिंह और कांस्टेबल सोदान सिंह व एल. बी. स्वामी, 48 बटा० के उपाधीक्षक खूबीराम और नायक वी. के. वी. नम्बीयार ।

6 दिसम्बर 1988 को दौलतपुर गांव में 30 बटालियन की एक टुकड़ी की आतंकवादियों से हुई एक मुठभेड़ में कांस्टेबल बीरेन्द्र सिंह नेगी ने एक आतंकवादी को दबोच लिया, इस पर उस आतंकवादी के साथी ने कॉस्टेबल नेगी पर गोली चलाई, जिससे उनकी पकड़ आतंकवादी पर ढीली हो गई और वह भाग निकला। मगर गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद भी कॉस्टेबल नेगी ने अपनी एस. एल. आर से आतंकवादी पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी मारा गया। गम्भीर रूप से घायल होने के कारण कॉस्टेबल नेगी की भी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस मुठभेड़ में दिखाई गई वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए कॉस्टेबल बीरेन्द्र सिंह नेगी को मरणोपरान्त यह पदक प्रदान किया गया है।



खूबीराम



वी.के.वी. नम्बियार

सूचना प्राप्त होने पर के. रि. पु. बल की 41 बटा० की दो टुकड़ियों ने 12 दिसम्बर 1988 को पट्टी क्षेत्र के ग्राम तलवन्डी के एक फार्म हाउस पर छापा मारा। पुलिस बल को देखते ही आतंकवादियों ने उस पर ए. के. 47 राइफलों से हमला कर दिया। जब काफी देर तक गोला-बारी का कोई परिणाम नहीं निकला तो इन्स्पेक्टर रंजीत ने घर की छत पर चढ़ कर अन्दर हथगोले फेंके। जिससे दो कुख्यात आतंकवादी मारे गये । इस मुठभेड़ में दिखाई गई सौर्यवीरता के लिए इन्स्पेक्टर रंजीत सिंह को यह पदक दिया गया है।


16 मई, 1989 को के० रि० पु० बल की 65वीं बटालियन की एक टुकड़ी जो कि मोगा शहर के सदर क्षेत्र में गश्त पर थी, ने लुधियाना फिरोजपुर रोड पर एक तिपहिये स्कूटर को रोका। पूछताछ करने पर अचानक स्कूटर पर सवार व्यक्ति अपना पिस्तौल निकालकर पुलिस दल पर फायर करने लगा। पुलिस दल ने तत्परता से साहस का परिचय देते हुए गोली का जवाब दिया, जिससे एक आतंकवादी वहीं मारा गया मगर दूसरा आतंकवादी घनी झाडियों की आड़ लेकर भागने में सफल हो गया।

इस मुठभेड़ में लांसनायक चंद्रपाल सिंह, कांस्टेबल सोदान सिंह और कांस्टेबल एल०बी० स्वामी को उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिए यह पदक दिये गये हैं।

31 अक्तूबर, 1988 को उपाधीक्षक खूबी राम तथा नायक वी०के०वी० नाम्बेयार ने अपनी कम्पनी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश की।

इस प्रयास में तीन आतंकवादी मारे गए। यह सूचना प्राप्त होने पर कि आतंकवादी पंजाब के दुर्गापुर गांव के पास एक फार्म हाउस में छिपे हैं, बल की पार्टी ने इस इलाके में छानबीन शुरू की। जब उन्होंने आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और गांव थाथीनान महंता की तरफ भाग खड़े हुए। दोनों ओर की गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए।

दिल्ली में सिगनल कानफ्रेंस



सिगनल बटालियन के कम्प्यूटर विभाग में अपर-महानिदेशक श्री भिंडर एवं अन्य अधिकारी

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अपर महानिदेशक श्री पी० एस० भिंडर ने 10 अप्रैल, 1990 को के० रि० पु० बल सिगनल बटालियनों के कमांडेंटों की वार्षिक कानफ्रेंस का उद्घाटन किया। ।

कानफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए श्री भिंडर ने कानफ्रेंस में शामिल कमांडेंटों से कहा कि वे अपनी-अपनी बटालियनों में तकनीकी कुशलता तथा अपनी जानकारी बढ़ाने के लिए इस कानफ्रेंस का भरपूर फायदा उठाएं। उन्होंने कहा कि वे संचार उपकरणों की खरीद में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ये उपकरण सस्ते मगर

उपयोगी हों।

दो दिन की इस कानफ्रेंस में सिगनल कमांडेंटों ने रेडियो नेटवर्क, टेलीप्रिंटर लिंक के स्थान पर बेस्ट लिंक के उपयोग तथा आधुनिक डिजीटल सिस्टम फैक्स के संचार व्यवस्था से संबंधित आधुनिक प्रशिक्षण आदि की जरूरतों के बारे में विचार किया।

इस अवसर पर श्री भिंडर ने बल की प्रथम सिगनल बटालियन में कम्प्यूटर विभाग का उद्घाटन भी किया।

के० रि० पु० बल विद्यार्थियों का साइकिल अभियान


केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पब्लिक स्कूल, रोहिणी, दिल्ली के 7वीं और 8वीं कक्षा के 15 विद्यार्थियों की एक टुकड़ी ने दिल्ली से ग्रुप केन्द्र, के. रि. पु. बल रामपुर तक साइकिलों से जाने-आने में 200 किलोमीटर की दूरी 4 दिन में तय की।

11 से 13 वर्ष की आयु के इन विद्यार्थियों की टुकड़ी ने इस यात्रा में शांति, साम्प्रदायिक सद्भाव तथा मित्रता का संदेश फैलाया। वे रास्ते में नागरिकों से मिले तथा उन्हें साक्षरता, पर्यावरण के महत्व तथा वृक्षारोपण के लाभों से अवगत कराया।

श्री भूषण लाल वोहरा पुलिस उप-महानिरीक्षक (प्रशासन) के. रि. पु. बल द्वारा दिनांक 12 मई 1990 को के. रि. पु. बल मुख्यालय नई दिल्ली से साइकिल अभियान को झंडी दिखाकर यात्रा की शुरूआत की गई । 17 मई को राजघाट पर यात्रा का समापन हुआ जहाँ विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विद्यार्थियों के बीच साहस तथा सहचर्य भावना पैदा करने के उद्देश्य से भविष्य में इस प्रकार के और अधिक अभियान आयोजित किए जायेंगे।

महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क



सहायक निदेशक श्री बी० आर० शर्मा को महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क लगाते हुए महानिरीक्षक श्री द्विवेदी

7 मई; 1990 को आयोजित एक साधारण लेकिन बहुत ही आकर्षक समारोह में के. रि. पु. बल के उत्तरी क्षेत्र एवं महानिदेशक कार्यालय के 45 कार्मिकों को वर्ष 1989 के लिए महानिदेशक का प्रशंसा-डिस्क प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त दिल्ली स्थित बटालियनों में 14वीं बटालियन के. रि. पु. बल को सर्वोत्कृष्ट बटालियन ट्राफी प्रदान की गयी। श्री सी. एस. द्विवेदी, पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी सैक्टर, के. रि. पु. बल ने प्राप्त कर्ताओं को डिस्क लगाया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

महानिदेशक का प्रशंसा डिस्क वर्ष 1987 से ही शुरू किया गया था और प्रति वर्ष बल के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। इस का उद्देश्य बल के बहादुर, साहसी और ईमानदार कार्मिकों का मनोबल ऊंचा करना है। प्रोत्साहन देने के लिए कुछ महत्वपूर्ण आधारों जैसे आपरेशन के दौरान प्राप्त विशिष्ट उपलब्धियां या प्राकृतिक आपदाओं में किये गये प्रशंसनीय कार्य या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में देश के लिए उत्कृष्ट उपलब्धियां या कोई ऐसा प्रतिभापूर्ण नेया कार्य जिससे बल के कामकाज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हो आदि बातों को ध्यान में रखा जाता है।

जोखिम निधि लाभ

माह अप्रैल, 1990 में के. रि. पु. बल के अन्दर मृत्यु के 15 मामलों में जोखिम निधि से कुल 5,25,000 रुपये देने स्वीकार किये गए। इन में कल्याण निधि एवं सी. बी. एफ.

की राशि भी शामिल है।

इसी प्रकार अक्षमता के 7 मामलों में कुल 1,05,000 रुपये देने स्वीकार किये गए।

103 आतंकवादी पकड़े

31 मई, 1990 को खत्म हुए दूसरे पखवाड़े में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने देश भर में कुल 103 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए इन आतंकवादियों में पंजाब एवं जम्मू कशमीर के आतंकवादी भी शामिल हैं।

इस दौरान आतंकवादियों से हुई कुल 22 मुठभेड़ों में 12 आतंकवादी मारे गए, जबकि 2 घायल हुए। इन मुठभेड़ों में आतंकवादियों से 86 हथियार बरामद किए गए, जिनमें 54 ए० के०-47 राइफलें भी शामिल हैं। साथ ही 10,399 सजीव गोली बारूद भी बरामद किया गया। इन मुठभेड़ों में बल के 8 जवान भी घायल हुए ।

एशिया 90 कोचिंग शिविर में बल के कार्मिक

एशियाड 1990 में भाग लेने के लिए भारतीय टीम की तैयारी हेतु आयोजित बंगलूर में कोचिंग शिविर में सम्मिलित होने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की जूड़ो टीम के चार कार्मिकों को आमंत्रित किया गया है। यह प्रतियोगिता सितम्बर, 1990 में बीजिंग में होगी। कोचिंग शिविर में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित व्यक्तियों में उप-निरीक्षक तिलक थापा, हवलदार रणवीर सिंह, लांस नायक मुन्नी लाल यादव और सिपाही भीम बहादुर हैं।

स्वर्ण जयंती समापन समारोह

गृह मंत्री द्वारा बल के कार्यों की प्रशंसा



के० रि० पु० बल स्वर्ण जयन्ती पुस्तक का विमोचन करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ।

गृह मंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने देश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्यों की प्रशंसा की है। गृह मंत्री केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों के समापन समारोह के अवसर पर नई दिल्ली के फिक्की सभागार में 21 अप्रैल, 1990 को आयोजित अलंकरण समारोह के अवसर पर बोल रहे थे।

गृह मंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने इस अवसर पर कहा कि यह एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि देश को के. रि. पु. बल की सेवाओं और बलिदानों पर गर्व है। प्रस्तुत है इस अवसर पर गृह मंत्री द्वारा दिए गए भाषण का अविकल रूप—

के. रि. पु. बल के महानिदेशक, के.रि.पु. बल के अधिकारी गण और अन्य सदस्यगण, विशिष्ट अतिथिगण, महिलाएं और सज्जनों।

मुझे आज सुबह यहाँ के.रि.पु.बल की स्वर्ण जयन्ती के समापन समारोह में शामिल होकर बहुत ही खुशी हुई है।

राष्ट्र के प्रति के. रि. पु. बल की समर्पित सेवाओं का एक लम्बा इतिहास है। 50 वर्ष पहले केवल एक बटालियन से खड़ी की गई इस फोर्स की नफरी लगातार बढ़ती गई ओर आज एशिया में पहली महिला बटालियन होने से इसकी एक अलग पहचान बन गई है। निःसंदेह यह एक महत्वपूर्ण अवसर है और राष्ट्र को इसकी उत्कृष्ट सेवाओं के रिकार्ड तथा बलिदानों पर गर्व है। इसकी कार्यकुशलता की परीक्षा विभिन्न नाजुक अवसरों पर की गई, चाहे वो नागालैंड या मिजोरम में विद्रोहियों से जूझने में हो अथवा असम में विदेशियों के मामले को लेकर आन्दोलन हो या दार्जिलिंग में जी. एन. एल. एफ. का आन्दोलन हो या श्रीलंका में भारतीय शाांति सुरक्षा बल की सहायता प्रदान करना हो या पंजाब में आतंकवादी चुनौती का सामना हो या कश्मीर घाटी में अलगाववादी और विध्वंसकारी तत्वों से जूझना हो। हर अवसर पर बल के जवानों ने अपनी उत्कृष्ट मिसाल कायम की है और राष्ट्र की स्वयंसेवक के रूप में सेवा की है । के. रि. पु. बल के जवानों ने उन असामाजिक तत्वों की चुनौतियों का मुकाबला करने में भी अपनी जान की बाजी लगाई है जिन्होंने देश की एकता और अखण्डता को ललकारा है।

बल की ऐसी प्रभावोत्पादकता तथा निष्पक्ष रूप से सेवा करने की इसकी सामर्थ्यता में जनता का इतना गहरा विश्वास है कि जहां कभी भी कोई प्रतिकूल परिस्थिति पैदा होती है या साम्प्रदायिक शान्ति और सौहार्द को किसी खतरे की चुनौती आती है तो इस बल की लगातार मांग की जाती है। साम्प्रदायिक दंगों पर काबू पाने में इसकी भूमिका को सभी और से सराहा गया है। ऐसी सभी कठिन परिस्थितियों में के.रि.पु. बल द्वारा राष्ट्र के प्रति की गई विलक्षण सेवाओं के कई पर्याप्त उदाहरण दिये जा सकते हैं। मैं, के. रि. पु. बल द्वारा विशेष तौर से गुजरात में अहमदाबाद/बड़ौदा, बिहार में भागलपुर और मुंगेर, राजस्थान में कोटा और लडानु तथा देश के अन्य स्थानों पर हुए गंभीर साम्प्रदायिक अराजकताओं से निपटने में निभाई गई भूमिका की प्रशंसा करना चाहूंगा। के. रि. पु. बल ने आन्तरिक सुरक्षा की अनेक चुनौतियों का पूरी तरह से सामना किया है और इस दायित्व को निभाने में बहुत बलिदान दिया है । केवल 1989 में ही कार्रवाई के दौरान के. रि. पु. बल ने अपने 56 बहादुर अधिकारियों व जवानों का बलिदान दिया है और इसके अलावा 214 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। केवल 1989 में ही के. रि. पु. बल ने 47 शौर्य पदक अर्जित किये थे जो कि एक वर्ष के दौरान देश में किसी भी पुलिस फोर्स ने कभी भी प्राप्त नहीं किये हैं। देश के विभिन्न भागों से के. रि. पु. बल की बढ़ती हुई तैनाती की माँग ही संभवतः स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर इसके प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। आज यह कश्मीर में सभी विषमताओं के बावजूद कठिन कार्य निभा रही है और बहरहाल बहुत ही सफलता भी मिली है ।



गृहमंत्री पदक विजेताओं तथा अन्य पुरस्कार प्राप्त करने वालों को पुरस्कार प्रदान करते हुए।



उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते अपर महानिदेशक श्री भिंडर, जब कि मंच पर बैठे हैं (क्रमशः बाएं से दाएं) गृह मंत्री, गृह सचिव एवं महानिरीक्षक (मुख्या०)

आज के वर्तमान संदर्भ में यह कहना ठीक नहीं होगा कि कानून और व्यवस्था लागू करने वाला तंत्र अपराध और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को नियंत्रण करने में केवल नकारात्मक रुख अपनाता है।

अक्सर हम उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण में निभाई गई भूमिका के सकारात्मक पहलू की अनदेखी कर देते हैं। हमारी एक प्रजातांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष समाज है तथा हम सामाजिक न्याय और प्रजातांत्रिक मूल्यों की संकल्पना के साथ राष्ट्र का निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रजातांत्रिक ढ़ाचे में आगे बढ़ने की एक पूर्व शर्त ऐसे हालात को बनाने और बनाए रखने की है जिससे सभी आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। निःसंदेह शान्ति और प्रगति

दोनों साथ-साथ हो चल सकती है। इस संदर्भ में शान्ति के हालात बनाए रखने में के.रि.पु. बल की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आन्तरिक सुरक्षा ड्यूटियों में नियुक्त किया जाता है। इसलिए आज की वर्तमान परिस्थितियों में के.रि.पु. बल के सामने वास्तव में विस्मयकारी चुनौतियां हैं। क्योंकि विध्वंसकारी, अलगाववादी और साम्प्रदायिक ताकतें हमारे देश के कुछ भागों में अपना घृणास्पद सिर उठा रही हैं। इन चुनौतियों का दक्षता और प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए आने वाले दिनों में व्यावसायिक सक्षमता, दृढ़ आचरण और उच्च स्तर का निश्चय लगातार बनाए रखने की आवश्यकता है । हर संभव तरीके से वर्तमान तथा भविष्य की चुनौतियों और घटनाओं का सामना करने के लिए बल को तैयार करने हेतु फोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों के ऊपर एक विशेष जिम्मेदारी आ जाती है। इसके लिए रिफ्रेशर कोर्सों, उच्च स्तर की शारीरिक उपयुक्तता के रूप में प्रशिक्षण और सेवारत-प्रशिक्षण सहित वैज्ञानिक तथा तकनीकी उपकरणों के अत्याधिक प्रयोग पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है। इसके लिए नीचे तक फोर्स के जवानों को अपने सामने निर्धारित लक्ष्य एवं उनके द्वारा पूरा किये जाने वाले कार्य को अच्छी तरह समझने की आवश्यकता होगी। विभिन्न भागों से देश के सामने आ रहे खतरों का बेहतर बोध कर लेना न केवल भविष्य के खतरों से निपटने के लिए अपने आपको तैयार करना है बल्कि वर्तमान चुनौतियों से निबटने के लिए भी फोर्स के जवानों में एक उच्च स्तर का उद्देश्य बनाने की आवश्यकता है।

एक दूसरा पहलू बल के जवानों के कल्याण से संबंधित है, जिस पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि ये बहुत ही । कठिन परिस्थितियों में अपनी ड्यूटियाँ कर रहे हैं जैसा कि आप सभी जानते हैं, हाल के वर्षों में इसकी नफरी में अभिवृद्धि होने के बावजूद के. रि. पु. बल की बहुत ही अधिक तैनाती की मांग हो रही है । बल की लगातार आवाजाही से दबाव और तनाव की समस्या पैदा हो गई है। आप में से अधिकांश काफी समय पर अपने परिवार से दूर रहकर जीवन व्यतीत करते हैं। उपलब्ध आवास सुविधाएं बहुत ही अपर्याप्त हैं फल स्वरूप कई परिवारों को अलग रहने के लिए बाध्य होना पड़ा है। आप सब जिन कठिनाईयों के अन्तर्गत कार्य कर रहे हैं। उससे सरकार पूरी तरह वाकिफ है और संभावित सीमा तक आपके कामकाज की हालत में सुधार करने तथा इन कठिनाईयों को दूर करने के लिए सरकार कोशिश करती रहेगी।

आने वाले दिन हमारे लिए वास्तव में और भी कठिन हैं। पंजाब में लगातार आतंकवाद की समस्या, कश्मीर घाटी में अलगाववादी पौर विध्वंसकारी गतिविधियों का बढ़ना, देश के कुछ भागों में साम्प्रदायिकता का उभरना तथा प्रान्तीयता और जातीय आकांक्षाओं के लिए आन्दोलनों का सहारा लेने की मनोवृतियां ही कुछ ऐसी मुख्य चुनौतियां हैं जिनका राष्ट्र आज सामना कर रहा है। इन चुनौतियों का सामना प्रभावी ढंग से किया जाना है और वर्तमान सुरक्षा दृश्यों में के.रि.पु. बल की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि शान्ति और

सद्भाव का युग लाने के लिए हम राष्ट्र की एकता और अखण्डता के इन खतरों पर सफलतापूर्वक काबू करें ताकि गरीबी के खिलाफ लड़ाई की इस बाजी को सफलता पूर्वक जीत सकें। ये चुनौतियां ही आपकी हमेशा बढ़ती हुई व्यावसायिकता की परीक्षा होगी और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप सही माने में अपने उद्देश्य "सेवा और भक्ति" में खरे उतरेंगे।

यह बहुत ही खुशी की बात है कि के. रि. पु. बल ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके अपनी स्वर्ण जयन्ती बड़े ही उपयुक्त तरीके से मनाई है। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के लिए खिताब देने तथा योग्य व्यक्तियों को सेवा और शौर्य पदक देने का जो मुझे सौभाग्य मिला है इससे मुझे काफी प्रसन्नता हुई है। मेरी उन सभी को शुभकामनाएं । मैं के. रि. पु. बल को अपनी सभी शुभकामनायें देता हूं और बहुत दशकों तक उनके द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पित सेवा करते रहने की कामना करता हूं।

इस अवसर पर गृह मंत्री महोदय ने बल के पांच कार्मिकों को राष्ट्रपति के पुलिस पदक, तीन कार्मिकों को शौर्यवीरता के पुलिस पदक, 25 कार्मिकों को विशिष्ट सेवाओं के पुलिस पदक और 22 कार्मिकों को सराहनीय सेवाओं के पुलिस पदक प्रदान किए। वर्ष 1989 के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्रुप केन्द्र की ट्राफी गांधी नगर ग्रुप केन्द्र को तथा सर्वश्रेष्ठ बटालियन की ट्राफी 12 बटालियन को दी गई। साथ ही बल के विभिन्न कल्याण केन्द्रों की तीन महिलाओं को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा स्वर्ण जयन्ती वर्ष में आयोजित छायाचित्र एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार दिए गए।




गृह मंत्री महोदय ने इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा उप निदेशक वी. एल. बोहरा के संपादन में प्रकाशित स्वर्ण जयन्ती पुस्तक का भी विमोचन किया। इस पुस्तक में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के भूतपूर्व महानिदेशकों सहित कई प्रमुख लोगों के लेख संकलित किए गए हैं। पुस्तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अतीत, वर्तमान तथा भविष्य की एक झांकी प्रस्तुत करती है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कार्यशैली उसके सामने आने वाली चुनौतियों और इसके जवानों की वीर गाथाओं का यह एक सुन्दर दस्तावेज है । आशा की जानी चाहिए कि पुलिस बलों में रुचि रखने वाले जिज्ञासुओं के लिए यह एक अच्छी संदर्भ पुस्तक साबित होगी।

इससे पूर्व गृह मंत्री और उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए बल के अपर महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने गत वर्ष बल की उपलब्धियों और उसकी कुर्बानियों की जानकारी उपस्थित अतिथियों को दी।

इससे एक दिन पूर्व 20 अप्रैल को अपर महानिदेशक महोदय ने नई दिल्ली स्थित 14 बटालियन के अधिकारी मैस में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया। जिसमें देश के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया। पत्रकारों को बल की कार्य विधि और चुनौतियों की जानकारी देने के लिए स्वर्ण जयन्ती वर्ष में निर्मित फिल्म भी दिखाई गई।

36 बटालियन में पेथोलोजी लैब का उद्घाटन



के.रि.पु. बल के महानिदेशक श्री पी.जी. हलर्नकर की धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा पी. हलर्नकर अमृतसर में 36 बटालियन में पेथोलोजी लैब का उदघाटन करते हुए।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर की धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा पी. हलर्नकर ने 16 फरवरी, 1990 को अमृतसर स्थित 36 बटालियन में एक पेथोलोजी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस प्रयोगशाला की स्थापना से बल के कर्मियों को पेथोलोजिकल टेस्टों से संबंधित समस्याओं को दूर किया जा सकेगा। इससे पूर्व बल के कार्मिकों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये स्थानीय अस्पतालों और निजी प्रयोगशालाओं के चक्कर लगाने पड़ते थे।

इस प्रयोगशाला की स्थापना 36 बटा० ने अपने संसाधनों से ही की है। इस

प्रयोगशाला में प्रातोंदेन औसतन 30 से 40 टेस्ट किए जा सकेंगे।

नीति रत्न

पुरुषार्थ के बिना भाग्य सिद्ध नहीं होता।

—शुक्रनीति

संसार में जो अत्यन्त मूढ़ हैं और जो पूर्ण ज्ञानी है, वे दोनों सुख से रहते हैं।

—भागवत

अपने शत्रु को कभी कमजोर मत समझो।

—चाणक्य

जागा है भारत प्यारा

धूम मचाओ, रंग जमाओ, आज बजाओ इकतारा,
जागा है भारत प्यारा ।

सबसे पहले आज चली है, मेरे देश की टोली
प्यार भरी पिस्टल के अन्दर अमर प्रेम की गोली।

हिन्दू मुस्लिम नहीं रहेंगे हम सब भारतवासी
ख्वाजा जी अजमेर में पहले फिर मथुरा और काशी।

ये गीत सुनाते गली-गली में कुछ सैनिक मतवाले
ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र, वैश्य हम कुछ गोरे कुछ काले।

कसम खुदा की हम खेलेंगे प्रेम रंग की होली
सर्वप्रथम हम झेलेंगे हर दुशमन की गोली।

—स०उ०नि० तेजबीर सिंह ढाका
महानिदेशालय

माह अप्रैल, 90 में मृत बल के कार्मिक

माह अप्रैल, 1990 में के. रि. पु. बल के निम्न कार्मिकों की मृत्यु हुई। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

कां. भुवनेश्वर सिंह (77 बटा.), नायक मोहम्मद वाहिद अंसारी (65 बटा.), कां सोमराज (1 3 बटा.), कां. (बैंड) राजेन सिंह (ग्रु. के. इम्फाल), सूबेदार मेजर (अस्थायी उपाधीक्षक) निहाल सिंह (131 अग्ज. बटा.), का. बिजेन्द्र सिंह (124 अग्ज.

बटा.), कुक बलीराम वर्मा(31 बटा.), है. का. राम सूरत त्रिपाठी (7 बटा.), नायक/ड्रा जी. वर्गीज (78 बटा.), का. बहादुर सिंह (महानिदेशालय), ला. ना. रामायण मिश्रा (10. बटा.), कां/ड्रा. के. वी. सेबेस्टियन (सी. टी. सी.-2), उ. नि. ए. के. नायर (45 बटा.), ला.ना./ड्रा. रामदास यादव 45 बटा.) कां./ ड्रा. आर. के. शुक्ला (45 बटा.) नायक के. के. सैमुअल (63 बटा.), ना./रे. आ. एस. एन. दुबे (1 सिग.) कां. मोहम्मद अब्दुल्ला (8 बटा.), कां. राम सुरेश सिंह (95 बटा.), कां. बलदेव सिंह, (95 बटा.), है. कां. मूलराज (71 बटा.), है. कां. तेज नारायण (71 बटा.) और कां इटावा लकरा (ग्रु. के. भुवनेश्वर)।

नीति रत्न

प्रवास में विद्या मित्र है, घर में पत्नी मित्र है, रोग मे औषधि मित्र है और मृत व्यक्ति का सद्आचरण उसका मित्र है।

—चाणक्य

बहुसंख्यक निर्बलों के समूह को भी पार करना कठिन हो जाता है। छोटे-छोटे तिनकों से बनी हुई रस्सी से हाथी भी बंध जाते हैं।

—भोज प्रबंध

सत्संग से वंचित मनुष्य के मन को शांति नहीं मिल सकती।

—संकलित

हालात

हर इंसा के चेहरे पर खौफ के बादल हैं आज,
जिंदगी भी मौत की अमानत है आज।
लहू के छींटों से रंगी है आसमाँ की चादर,
दुकानों पर कफन खरीदने को चली आयी है ये भीड़ आज।


यह जो बगावत की पतवार झलकने लगी है साहिल पर,
डुबोने को इसे चाहिए लहू का इक समन्दर आज।
खुले आम घूम रही है मजहब की आड़ में जो मौत,
कुछ अपनी ही मां के जायों ने खुद बुलाया है इसे आज।
इंसानियत के सीने पर रखे इस अंगारे को निहारती है आँखें, दूर-दूर तक कोई नीर भरी बदली भी तो नहीं दिखती आज।

—तृप्ति शर्मा



"मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू....."

रजि० नं० 47167/87



नई दिल्ली से साईकल अभियान पर निकलने से पूर्व के० रि० पु० बल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

मुख्य सम्पादक : ए० एन० शर्मा . सम्पादक : अनिल गुप्ता। मुद्रक : सी० आर० पी० एफ० प्रेस, झड़ोदा कलां, नई दिल्ली-110072।
मुद्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक के०रि०पु० बल, ब्लाक 1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से ए० एन० शर्मा।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सीआरपीएफ समाचार

- के. रि. पु. बल संचार व्यवस्था
- पंजाब में हम
- 50 बटालियन की उपलब्धियां

मूल्य—1.60 रुपए खंड—III अंक—IV 30 जून, 1990 9 आषाढ़, शक सवत 1911



पंजाब में व्यास नदी के हरिके बांध पर बल के जवानों की चौकसी

छाया—सतीश खन्ना

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सम्पादकीय

भारतीय जन मानस में पुलिस की धूमिल छवि के बीच, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की उजली छवि इस बात का प्रतीक है कि हमारे जवानों ने जो खून आतंकवादियों, विद्रोहियों और समाज विरोधी तत्वों को काबू करने के लिए बहाया है वह व्यर्थ नहीं गया।

चाहे आतंकवाद से प्रभावित पंजाब हो, जातीय समस्या से धधकता असम हो, अलगाववाद की आंच में तपते उत्तर पूर्वी राज्य हों या फिर साम्प्रदायिकता से झुलसते उत्तर प्रदेश और बिहार के इलाके, जरा कल्पना कीजिए, यदि यहां फैलती नफरत की आग को के० रि० पु० बल के जवान अपने लहू से शांत न करते तो स्थिति क्या होती ?

"बड़ी खुशी और गर्व की बात है कि जब तनाव होता है, साम्प्रदायिक दंगे होते हैं, जब एक दूसरे पर विश्वास टूटते हैं और संदेह और घृणा की भावनाएं फैलने लगती हैं, तो उस समय जनता का विश्वास हमारी इस केन्द्रीय शक्ति सी० आर० पी० एफ० पर होता है।" जब देश का प्रधान मन्त्री यह बात कहता है तो यह कोरी प्रशंसा नहीं होती, बल्कि परीक्षाओं की अग्नि से तप कर निकले तथ्य होते हैं, जो इन उद्गारों को जन्म देते हैं।

अपनी उपलब्धियों को देखने के लिए हमें न तो किसी खुर्दबीन की जरूरत है, न ही बहुत दूर जाने की, अकेले इसी महिने (जून, 1990) में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने देश भर में 297 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जबकि 29 मुठभेड़ों में 23 आतंकवादी और देशद्रोही तत्व मारे गए। अकेले इसी महिने में हमने अपने 8 बहादुर साथियों से हाथ धोया, जब कि 52 घायल हुए।

यह अकेले इसी महिने की कहानी नहीं है—हमारे सामने हर शाम, हर सुबह जवानों के कारनामों तथा कुर्बानियों से रंगी एक तस्वीर पेश करती है। यह आत्म श्लाघा नहीं है, न ही अपने कारनामों पर मुग्ध हो चुप बैठ जाने का समय। आने वाला हर पल, हर घड़ी हमारे जवानों के सामने एक नई चुनौती ले कर आ रही है, हम प्रतिबद्ध हैं, उन चुनौतियों का सामना दृढ़ता से, साहस से और सेवाभाव से करने के लिए। हमारी इस प्रतिबद्धता की ज्वलंत मिसाल है पंजाब और काश्मीर। यहां पर हमारे जवानों की सफल कार्यवाहियां जवानों के सीने पर ऐसे मेडल हैं, जो लम्बे समय तक आने वाली पीढ़ियों को यह बताते रहेंगे कि जिस समाज में बे रह रहे हैं, उसकी शांति, उसकी व्यवस्था के पीछे कई देश भक्तों के रक्त का एक सैलाब बहा है। इस अंक में यही जानकारी, विशेष कर पंजाब में हमारे जवानों की स्थिति, उनके कारनामे, इनकी उपलब्धियां और उनका इतिहास।

(ए. एन. शर्मा)

गृह मंत्री का पंजाब स्थित बल की यूनिटों का दौरा



पंजाब में बल के जवानों द्वारा बरामद हथियारों का निरीक्षण करते गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद

अप्रैल माह में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद एक संसदीय प्रतिनिधि मंडल के साथ बटाला, पंजाब में दौरे पर आए। इस दौरे के दौरान गृह मंत्री ने बटाला स्थित के. रि. पु. बल की कम्पनियों का दौरा भी किया। जिस में उन्हें बल के जवानों द्वारा आतंकवादियों से बरामद किए गए हथियार भी दिखाए गए। गृह मंत्री ने पंजाब में बल के जवानों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर बल के महानिरीक्षक श्री के. आर. के. प्रसाद ने गृह मंत्री को पंजाब में बल द्वारा बरामद किए

गए इन हाथियारों के बारे में जानकारी दी।

23वीं अंतर रेंज तेराकी प्रतियोगिताएं

21 से 25 मई, 1990 तक ग्रुप केन्द्र नीमच के तत्वाधान में 23वीं अन्तर रेंज तैराकी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस में बल की 13 रेंजों ने भाग लिया।

240 अंक प्राप्त कर हैदराबाद रेंज ने चैंपियनशिप जीत ली। इम्फाल रेंज 79 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही। हैदराबाद रेंज के इन्स्पेक्टर प्रेमजीत सिंह ने प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया और वह प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ तैराक रहे।

प्रतियोगिता में 78 अंक प्राप्त कर मद्रास रेंज तीसरे स्थान पर रही।

नागपुर में गैस एजेंसी

के.रि.पु. बल ग्रुप केन्द्र नागपुर में 6 मई को एक गैस एजेंसी की स्थापना की गई। यह गैस एजेंसी भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से स्थापित की गई है। इस गैस एजेंसी के स्थापित हो जाने से ग्रुप केन्द्र के गैस उपभोक्ताओं की बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति सुगमता से की जा सकेगी।

इस से के. रि. पु. बल के सभी उपभोक्ताओं को कैम्प परिसर में ही आसानी से गैस उपलब्ध होगी। गैस के सभी उपकरण काफी कम कीमत पर मिल सकेंगे तथा नए गैस कनेक्शन भी आसानी से मिल सकेंगे।

गांधी नगर में रक्तदान शिविर

24 मार्च, 1990 को ग्रुप केन्द्र गाँधी नगर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अपर उपमहानिरीक्षक श्री पी. के. मेनन ने अपना रक्तदान कर किया। इस मौके पर ग्रुप केन्द्र, 47 बटालियन और 122 अक्जलरी बटालियन के 200 कार्मिक पंक्तिबद्ध हो कर रक्तदान के लिए एकत्रित थे। मगर रक्त बैंक के अधिकारियों ने बोतलों तथा तथा अन्य सुविधाओं के अभाव में अपनी असमर्थता जाहिर करते हुए मात्र 75 बोतल रक्त ही एकत्र किया।



रक्तदान करती बल की एक महिलाकर्मी

के. रि. पु. बल संचार व्यवस्था


आधुनिकीकरण की तरफ बढ़ते कदम

—अनिल गुप्ता—

देश के दूरदराज एवं दुर्गम इलाकों में आतंकवादियों एवं अलगाववादी तत्वों से निबटने में किसी भी सुरक्षा बल के लिए उसकी संचार व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान आज पूरे देश में जहाँ एक ओर शांति और व्यवस्था कायम करने में लगे हैं, वहीं देश के दूरदराज एवं दुर्गम इलाको में अलगाववादी तत्वों से भी जूझ रहे हैं। इस संघर्ष की सफलता पूरी तरह सही एवं समय पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर ही निर्भर करती है इस के लिए के. रि. पु. बल की पाँच नियमित सिगनल बटालियनें रात दिन कार्यरत रहती हैं।

पत्रकारों को सिगनल कार्य प्रणाली की जानकारी देने के लिए 13 जून को महानिदेशालय में उप निदेशक संचार ब्रिगेडियर जोगिंदर सिंह ने पत्रकारों को संबोधित किया। बाद में पत्रकारों को महानिदेशालय स्थित सिगनल सेंटर तथा झड़ौदा कलाँ स्थित प्रथम सिगनल बटालियन का दौरा भी कराया गया। श्री जोगिंदर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में संचार व्यवस्था को अत्याधुनिक

बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। संदेशों के प्रसारण हेतु कंप्यूटरयुक्त उपकरणों का प्रयोग शुरू करने की भी योजना है।



संचार व्यवस्था में कम्प्यूटर का प्रयोग

उन्होंने बताया कि अब से लगभग 50 साल पहले जब बल का गठन किया गया था तब बल में सेना के पुराने संचार उपकरणों का प्रयोग किया जाता था। मगर आज स्थिति काफी भिन्न है।



पत्रकारों को द्वितीय विश्वयुद्ध के समय के ट्रांसमीटर की जानकारी देते उपनिदेशक संचार श्री जोगिंदर सिंह

संगठन में मुख्य तौर पर स्टेटिक और मोबाइल संचार उपकरणों का प्रयोग किया जाता है । उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीका में बनाए गए जिन ट्रांसमीटरों का उपयोग किया गया था उन में से कुछ आज भी बल के पास हैं। इन उपकरणों का काफी समय तक भारतीय सेनाओं द्वारा भी प्रयोग किया गया। किसी समय बल ने सेना से ये उपकरण मात्र 500 रु० में खरीदे थे, आज इन के समकक्ष उपकरणों की कीमत 5 लाख तक है।

श्री जोगिंदर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बल की सिगनल बटालियनें लगभग 20 किस्म के रेडियो उपकरणों का प्रयोग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बल ने वैसे तो 1972 में ही कम्प्यूटर का प्रयोग शुरू कर दिया था, किन्तु साधनों की कमी के कारण कम्प्यूटरीकरण की प्रक्रिया तेजी से पूरी नहीं हो सकी। मगर इस समय इस क्षेत्र में अधिकाधिक ध्यान दिया जा रहा है और अनेक कार्यों में कम्प्यूटरों की मदद ली जा रही है। इन में वेतन तथा अन्य खर्चों का लेखा जोखा, उपकरणों और उनके पुर्जों से सम्बंधित जानकारी का संग्रह, संदेशों तथा सघन सूचनाओं का संग्रह और पुनर्सम्प्रेषण आदि शामिल हैं।

बल के कार्मिकों को आधुनिकतम संचार उपकरणों के संबन्ध में प्रशिक्षण देने के लिए रांची में एक केंद्रीय प्रशिक्षण विद्यालय भी स्थापित किया गया है, जो संचार से संबंधित व्यवसायिक प्रशिक्षणों के वर्ष में लगभग 54 कोर्स चलाता है।


केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को प्रतिदिन औसतन 10,000 संदेशों का टेलीप्रिंटर पर

व 12,000 संदेशों का वायरलैस पर आदान प्रदान करना पड़ता है।

पत्रकारों को संचार के आधुनिकतम यंत्रों आटोमैक्स, फैक्स, एवं बेस्ट की कार्यप्रणाली के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के केंद्रीय ट्रांसमीटर की कार्य प्रणाली भी बताई गई। देश के किसी भी हिस्से में तैनात बल के जवानों से इन के माध्यम से कुछ ही क्षणों में संपर्क स्थापित कर लिया जाता है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सरकार के पास अत्याधुनिक संचार व्यवस्था के लिए कुछ प्रस्ताव भी भेजे हैं, जिन में उपग्रह पर आधारित संचार व्यवस्था का प्रस्ताव भी शामिल है।

महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क



श्री कात्तिकेयन श्री ई. एस. बख्तावर को प्रशंसा डिस्क लगाते हुए।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,दक्षिण क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री डी. आर. कार्तिकेयन ने 30 जून को ग्रुप केन्द्र आवड़ी मद्रास में आयोजित एक समारोह के बीच अपने क्षेत्र के आठ कार्मिकों को महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क प्रदान की।

इस मौके पर बोलते हुए श्री कार्तिकेयन ने तमिलनाडु सरकार, विशेषकर मुख्य मंत्री श्री करुणानिधि को के. रि. पु. बल कार्मिकों के बच्चों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की इजाजत देने के लिए धन्यवाद दिया।

इस मौके पर निम्न अधिकारियों एवं जवानों को महानिदेशक का प्रशंसा डिस्क प्रदान किया गया।

अपर उप महानिरीक्षक ई. एस. बख्तावर, अपर उपमहानिरीक्षक पी. के. मेनन, कमांडेंट 63 बटालियन पी. एस. सायरस, डा० एम-देहूरी (बेस अस्पताल-2) उपाधीक्षक पी. चंद्रशेखरन (ग्रु.के. हैदराबाद), कार्यालय अधीक्षक सी. थोमस (डी.आई.जी. मद्रास कार्यालय), इन्स्पेक्टर वी. नारायण कुट्टी (पी. के. ई. हैदराबाद) एवं है. कां. एच. एम. बलीगर (91 बटा.)।

जोखिम निधि लाभ

माह मई, 1990 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल जोखिम निधि से मृत्यु के 20 मामलों में कुल सात लाख रुपए देने स्वीकार किए गए। इन में केन्द्रीय कल्याण निधि व सी. बी. एफ. की राशि भी शामिल है।

इसी प्रकार अक्षमता के पांच मामलों में कुल 75,000 रुपए देने स्वीकार किए गए।

माह मई, 90 में मृत बल के कार्मिक

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्न कार्मिकों की माह मई, 1990 में मृत्यु हुई। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

कां. उदय प्रकाश सिंह (58 बटा.), है. का. आर. के. पांडेय (77 बटा.), नायक/ड्राइवर हुकुम सिंह (20 बटा.), लां ना. बीरा लाल (35 बटा.), कां. लक्ष्मण पुरी (ग्रप केन्द्र दुर्गापुर), कां. एस. थंगावेलु, (30 बटा), कां. सुगर डंग (ग्रु.के. रामपुर), नायक रतिराम (34 बटा.), कां. टेलर बिंदेश्वरी राम (2 बटा.), इंस्पेक्टर सज्जन सिंह (74 बटा.), कां०, कृष्ण कुमार (64 बटा.)। इन के अतिरिक्त देर से प्रान्त सूचना के अनुसार मार्च माह में महानिदेशालय के कां. रणवीर सिंह की भी मृत्यु हुई।


पंजाब में हम

•ए० एन० शर्मा•

1980 के दशक के शुरु तक पंजाब में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की भूमिका बहुत सीमित थी। पंजाब में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का पदार्पण सबसे पहले 1946 में तब हुआ, जब कि इसकी एक छोटी सी टुकड़ी को पटौदी में डाकुओं के उन्मूलन से संबंधित एक आपरेशन में भाग लेने के लिए भेजा गया। स्वतंत्रता के बाद 1953 में पहली और दूसरी बटालियन की तीन कम्पनियों को मंसा ओर नाभा क्षेत्र में डाकू उन्मूलन के लिए भेजा गया। ये कम्पनियां 6 महिनों तक डाकुओं से जूझती रही और इस दौरान इन्होंने कराटा, गज्जन तथा जूँगा जैसे कुख्यात डाकुओं का सफाया किया।



पंजाब में आतंकवादियों से बरामद हथियार।



अमृतसर के बाजार में चौकस बल के जवान।



महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा में तैनात।



पुलों की चौकसी।


1965 में पाकिस्तान से युद्ध के समय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 12 कम्पनियां पंजाब में नागरिक तथा सैन्य सहायता के लिए भेजी गई। इन में से 6 कम्पनियों को उसी वर्ष नवंबर में तथा 6 कम्पनियों को मार्च 1966 में वापस बुला लिया गया।

1966 और 1967 में भी पंजाब में चुनाव तथा अन्य कार्यों के लिए कुछ समय तक के०रि०पु०बल की सहायता ली गई।

फरवरी, 1970 में चन्डीगढ़ मसले को लेकर उभरे विवाद से उभरी किसी अवांछित स्थिति से निबटने के लिए राज्य में के०रि०पु० बल की सहायता ली गई।

छाया--सतीश खन्ना

बीच का कुछ समय सामान्य रहा, मगर 1980 के बाद हालात बिगड़ते गए और प्रकारांतर में पंजाब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की प्रमुख कर्म भूमि बन गया। पंजाब में खालिस्तानी आंदोलन को लेकर उभरे आतंकवाद के घिनौने तांडव को दबाने के लिए के०रि०पु० बल को अपने अधिकांश साधन व क्षमता पंजाब में केंद्रित करनी पड़ी। 1982 के बाद से पंजाब में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की मांग लगातार बढ़ती रही है।



आतंकवादियों से नागरिकों की सुरक्षा

1982 में पंजाब में के०रि०पु०बल की कुल 16 कम्पनियां तैनात थी, जिनकी संख्या

1985 तक बढ़ कर 124 हो गई, इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ में 15 कम्पनियां अलग से तैनात थी। 1987 का वर्ष के०रि०पु० बल के लिए सर्वाधिक जटिल व तनावपूर्ण कार्य स्थितियों का वर्ष रहा। इस वर्ष चंडीगढ़ समेत पंजाब में बल की 232 कम्पनियां थी। यह अब तक की सर्वाधिक तैनाती थी। 1990 जून तक आते आते यह संख्या 215 तक रह गई है।

1984 के बाद से पंजाब में के.रि.पु. बल की तैनाती लगातार बढ़ती गई है। इस की जिम्मेदारियों में लगातार इजाफा हुआ है। 1988 के आपरेशन ब्लैक थंडर में, हालांकि अन्य संगठनों का योगदान भी प्राप्त हुआ था, मगर मुख्य रूप से इसकी सफलता का अधिकांश श्रेय के. रि. पु. बल को ही जाता है। पंजाब में आतंकवादियों से सीधा भिड़ना मुख्यतः के० रि० पु० बल के जिम्मे है। यह सभी भिड़ते भयंकर रक्तपात से सनी होती हैं। सभी आतंकवादियों के पास न केवल आधुनिकतम हथियार होते हैं, अपितु वे आतंकवादी गतिविधियों के लिए भलीभांति प्रशिक्षित भी होते हैं। मगर इन मुठभेड़ों में के०रि०पु०बल को अक्सर उल्लेखनीय सफलताएं ही मिली हैं। 1984 से अब तक बल के साथ हुई मुठभेड़ों में 834 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि 3315 को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान के०रि०पु० बल ने आतंकवादियों से 1150 हथियार भी बरामद किए हैं। मगर इन सब सफलताओं के एवज में के. रि. पु. बल ने अपने कई बहादुर जवानों की शहादत दी है। बल के जवानों की वीरता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि पंजाब में कार्यरत बल के जवानों में से अब तक 23 राष्ट्रपति के पुलिस पदक व 73 शौर्यवीरता के पुलिस पदक प्राप्त कर चुके हैं जबकि शौर्यवीरता के पुलिस पदकों के 36 मामले अभी मंत्रालय में विचाराधीन हैं। एक जवान को प्रधानमंत्री का जीवन रक्षा पदक तथा उप महानिरीक्षक (जालंधर) श्री एस. एस. विर्क को पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें यह सम्मान आतंकवाद के विरुद्ध उनके सतत संघर्ष के लिए दिया गया है। मगर यह संघर्ष अभी रुका नहीं है, यह जारी है। के. रि. पु. बल के जवानों ने अपने साहस और वीरता से आतंकवादियों पर लगातार दबाव बनाया हुआ है। वे अपना काम जानते हैं और उस पर प्राणोपन से डटे हैं।

जब भी किसी नए जवान को पंजाब भेजा जाता है, तो पहले उसे बाकायदा आतंकवादियों के साथ संघर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है और फिर उसे कम जोखिम से आगे बढ़ते हुए बहुत अधिक जोखिमपूर्ण कार्यों का दायित्व सौंपा जाता है। पंजाब में बल का कार्यभार इतना अधिक बढ़ गया है कि प्रशिक्षण के लिए भी कोई बटालियन समय नहीं निकाल पा रही है। मगर आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही आधुनिक तम तकनीकों की जानकारी तथा उसका सामना करने की विधियों के बारे में उन्हें प्रशिक्षण उनकी तैनाती के दौरान ही जुनियर कमांडरों द्वारा दिया जाता रहता है। रोजाना आतंकवादी गतिविधियों तथा उनकी स्थितियों का आकलन किया जाता है और उसी के अनुरूप आगे की योजनाएं तैयार की जाती हैं। यह एक कठिन कार्य है, मगर के० रि० पु० बल एक बहुमुखी बल है और आतंकवादियों को पस्त

करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

पंजाब में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की भूमिका के महत्व का अन्दाज मात्र इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1984 से जून 1990 तक पंजाब में के० रि० पु० बल के 107 कामिक आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए, जबकि सीमा सुरक्षा बल में यह संख्या 7, पंजाब पुलिस में 98 और पंजाब होमगार्ड में 55 रही। पंजाब के हालात का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि 1984 से जून 1990 तक आतंकवादियों ने पंजाब में 1798 पुरुषों, 47 महिलाओं तथा तीन बच्चों की हत्यायें की हैं। मगर यह संख्या कहीं अधिक हो सकती थी, यदि आतंकवादियों पर के०रि०पु०बल का दबाव निरंतर न बना रहता। इसी दबाव का परिणाम है कि जून 1989 तक हत्यारों की यह दर 1988 की अपेक्षा 922 से गिर कर 545 तक आ गई। अकेले 1989 में के० रि० पू० बल के जवानों ने विभिन्न मुठभेड़ों में 343 आतंकवादियों को मार गिराया। इस वर्ष पहली छिमाही तक यह संख्या 198 थी, जबकि 772 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जा चुका था।

पंजाब में आज के० रि० पु० बल जहां एक ओर मासूम ओर निरीह नागरिकों के लिए सबल रक्षक तथा शांतिदूत का प्रतीक बन चुका है, तो वहीं आतंकवादियों के लिए यह डर, दहशत प्रतीक और उनके घृणित इरादों के आगे आज यह एक खड़ी अडिग चट्टान का रूप ले चुका है।

दक्षिण क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक



बैठक को सम्बोधित करते श्री कार्त्तिकेयन

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दक्षिण क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की वार्षिक बैठक 21-22 जून को ग्रुप केन्द्र हैदराबाद में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कमांडेंट तथा उन से ऊंचे ओहदे के 35 अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री डी. आर. कार्तिकेयन ने की। इस बैठक में बल की तैनाती, परिचालन कुशलता, प्रशासनिक तथा प्रशिक्षण संबंधी कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

50 बटालियन की उपलब्धियां

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सोपोर स्थित 50 बटालियन ने मई माह में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की हैं। अनेक मुठभेड़ों तथा जांच कार्यों के दौरान इसने कई दुर्दान्त आतंकवादियों को पकड़ा तथा भारी संख्या में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया।

5 मई को 50 बटालियन की ए कम्पनी की एक टुकड़ी पुलिस स्टेशन सापोर के अन्तर्गत आने वाले अच्चीबाल, दोबगाह तथा लाडोरा इलाकों में गश्त पर थी। पैट्रोल पार्टी ने जब हंदवारा की तरफ से आती एक टैक्सी को रुकने के लिए इशारा किया, तो टैक्सी रोक कर उसका ड्राइवर व अकेला मुसाफिर एक तरफ को भागने लगे। पार्टी ने उनका पीछा कर उस युवक यात्री को पकड़ लिया, जबकि ड्राइवर भागने में कामयाब हो गया। बाद में गिरफ्तार युवक की पहचान परवेज इकबाल ककरू के रूप में कर ली गई। पूछताछ के बाद इस युवक ने स्वीकार किया कि वह हाल ही में पाकिस्तान से आतंकवादी प्रशिक्षण लेकर आया है। टैक्सी से एक चीन निर्मित 7.5 पिस्तौल तथा कई सजीव कारतूस बरामद किए गए।

13 मई को इसी बटालियन की सी कम्पनी की एक टुकड़ी ने कुपवारा इलाके में जांच के दौरान एक चीन निर्मित 6.4 एम० एम० स्टेनगन, दो स्टेनगन मैगजीन सहित कई सजीव कारतूस बरामद किए।

इसी कम्पनी की एक टुकड़ी ने 17 मई को सूचना प्राप्त होने पर कुपवारा इलाके में छानबीन शुरू की। छानबीन के दौरान पार्टी ने जमीन में गाड़ा गया भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद बरामद किया। बरामद हथियारों में आठ चीन निर्मित ए.के. 47 राइफलें, एक .30 स्प्रिंग फील्ड रायफल, एक चीन निर्मित 6.4 एम० एम० पिस्तौल, तथा 7 चीनी हथगोलों सहित भारी संख्या में कारतूस भी शामिल हैं।

18 मई को सूचना प्राप्त होने पर कमांडेंट 50 बटालियन के नेतृत्व में ए कम्पनी की एक टुकड़ी ने गांव मुआम में तलाशी के दौरान गांव से भारी संख्या में हथियार व गोलाबारूद बरामद किया गया । बरामद हथियारों में 11 चीन निर्मित ए० के० 47 रायफलें, एक चीन निर्मित स्टेनगन, 78 चीन निर्मित हथगोले, 42 एंटी पर्सनल माइन्स सहित भारी संख्या में गोलाबारूद शामिल है।

19 मई को पेट्रोल ड्यूटी के दौरान इसी बटालियन की एक टुकड़ी ने मोटर साइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों का पीछा कर उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसकी शिनाख्त कुख्यात आतंकवादी इनायत मजीद शाला के रूप में कर ली गई। उसकी तलाशी के दौरान उससे एक चीन निर्मित 6.4 एम० एम० पिस्तौल और 2 चीन निर्मित हथगोलों के साथ मैगजीन व कारतूस भी बरामद किए गए। उससे मिली सूचनाओं के आधार पर एक घर पर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान ए० के० 47 रायफल का चार्जर क्लिप बरामद किया गया ।

20 मई को सूचना प्राप्त होने पर कमांडेंट 50 बटालियन के नेतृत्व में बल की एक टुकड़ी ने सोपोर कस्बे के बट्टपोरा इलाके में छापामारी शुरू की। इस जांच कार्य के दौरान पाठ ए० के० 47 राइफलें, एक चीन निर्मित पिस्तौल, एक 7.65 बोर की फ्रांस निर्मित पिस्तौल, एक पाक निर्मित 32 बोर रिवाल्वर, 12 चीन निर्मित हथगोलों सहित भारी संख्या में गोलाबारूद व अन्य असला बरामद किया। इन हथियारों की बरामदगी के साथ ही बारामूला व कुपवारा जिले में सक्रिय आतंकवादियों का एक पूरा गैंग लगभग पूरी तरह शस्त्रहीन हो गया।

दो आतंकवादी मरे

3 मई को सूचना प्राप्त होने पर 76 बटालियन की टुकड़ी ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर पट्टी क्षेत्र के मनोचल गांव में तलाशी का काम शुरू किया। तलाशी के बाद लौटते हुए कोहारका गांव में पार्टी पर आतंकवादियों द्वारा गोली चलाई गई । जवानों ने तत्काल अपनी पोजीशन ले कर फायर का जवाब दिया। थोड़ी देर की गोलीबारी के बाद दो आतंकवादी मारे गए। बाद में मृत आतंकवादियों की पहचान भगवत सिंह तथा देव भाग सिंह उर्फ बाघ के रूप में कर ली गई । इलाके की छानबीन के दौरान एक 9 एम. एम. पिस्तौल, 3 राकेट, एक मोटर साइकिल तथा .38 की एक मैगजीन बरामद की गई।

तीन आतंकवादी पकड़े

19 जून को यह सूचना प्राप्त होने पर कि कुछ आतंकवादियों ने अमृतसर स्थित एक फेक्टरी के मैनेजर से 25,000 रुपयों की मांग की है, 10 बटालियन की 'बी' कम्पनी की एक टुकड़ी स्थानीय पुलिस के साथ नियत समय पर फैक्ट्री में पहुंच गई और छिपते हुए मोर्चा सम्भाल लिया।

कुछ ही देर में तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने फैक्टरी में प्रवेश किया और मैनेजर से रुपयों की मांग की। वे लोग जैसे ही पैसे ले कर बाहर निकले बल के जवानों ने उन्हें दबोच लिया। बाद में तीनों आतंकवादियों की पहचान जसबीर सिंह, अरविंदर सिंह तथा गुरबक सिंह के रूप में कर ली गई।

कुख्यात आतंकवादी मरा

28 जून को सूचना प्राप्त होने पर बल की 10 बटालियन की 'सी' कम्पनी की एक टुकड़ी ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर अमृतसार जिले के माजूपुरा गांव में छानबीन शुरू की। इस जांच में जब एक युवक से पूछताछ की जा रही थी, तो उस ने अचानक सायनायड का कैप्सूल खा लिया और घटना-स्थल पर ही दम तोड़ दिया। बाद में उस युवक की पहचान डा० सुख चैन सिंह उर्फ डा० श्याम सिंह के रूप में कर ली गई, जो कि बब्बर खालसा गुट का एक कुख्यात आतंकवादी था । उसकी तलाशी के दौरान विध्वंसक एवं आपत्तिजन सामग्री बरामद की गई।

एक आतंकवादी पकड़ा

18 जून को सूचना प्राप्त होने पर कि अमृतसर जिले के उधोके गांव के एक फार्म में कुछ आतंकवादी छिपे हुए हैं, 10 बटालियन की एक टुकड़ी ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर उस क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी। और उस फार्म हाउस पर छापा मार कर आतंकवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा को गिरफ्तार कर लिया। आतंकवादी के पास से एक ए. के. 47 राइफल तथा उसकी 250 मैगजीन भी बरामद की गई।

के० रि० पु० बल ने 297 आतंकवादी पकड़े

जून, 1990 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की देश भर में आतंकवादियों से हुई कुल 129 मुठभेड़ों में 23 आतंकवादी मारे गए तथा 297 गिरफ्तार हुए। इनमें पंजाब तथा श्रीनगर में हुई मुठभेड़ें भी शामिल हैं।

इन मुठभेड़ों में 59 हथियार बरामद किए गए, जिनमें 21 ए० के० 47 राइफलें, दो ए० के० 74 राइफलें, एक ए० के० 56 राइफल तथा एक राकेट लांचर शामिल है। इन मुठभेड़ों में 4158 सजीव कारतूस भी बरामद किए गए।

मगर इस सबके एवज में के०रि०पु० बल को अपने 8 बहादुर जवानों से हाथ धोना पड़ा, जबकि 52 जवान इन मुठभेड़ों में घायल हुए।

अंग्रेजों का जाड़ा और आजाद की मस्ती

अमर शहीद चन्द्रशेखर जब 15 वर्ष के थे, तभी से उनके मन में देश के प्रति प्रेम और अंग्रेजों के प्रति घृणा पनपने लगी थी, उन्होने अपना उपनाम 'आजाद' भी तभी रख लिया था।

एक दिन एक अंग्रेज अफसर के स्वागत में जुलूस निकल रहा था, बैंड बाजे की ध्वनि सुनकर आजाद का खून खौल उठा और उन्होंने पत्थर उठाकर एक अंग्रेज सिपाही पर दे मारा। बस फिर क्या था, पुलिस उनके पीछे पड़ गई । हट्टे कट्टे शरीर तथा माथे पर तिलक के कारण आजाद शीघ्र ही पहचान लिए गए।

अफसर की आज्ञानुसार दारोगा ने उन्हें एक कोठरी में बन्द कर दिया और ओढ़ने के लिए कंबल भी नहीं दिया; दारोगा ने सोचा कि जाड़े की ठिठुरन में इस छोकरे का दिमाग ठिकाने आ जायेगा और यह रोकर, गिड़गिड़ा कर क्षमा मांगने लगेगा, पर आजाद ने कंबल नहीं मांगा बल्कि मस्ती से देश प्रेम का गीत गाने लगा।

रात बीतती गई। दारोगा भी सो गया। करीब आधी रात को दारोगा फिर देखने आया कि शायद अब वह कंबल मांगे; पर उसने चन्द्रशेखर आजाद की कोठरी में देखा तो आश्चर्यचकित रह गया। आजाद ने अपने कपड़े उतार दिए थे। वह दंड बैठकें निकाल रहे थे, फलत : उनके शरीर से घोर जाड़े में भी पसीना बह रहा था।

दारोगा बेचारा शर्म से वापस लौट गया। मन ही मन उसे अपने देश के नौजवानों पर गर्व महसूस हुआ ।

—अनिल

ज्ञान वर्षा

जब तक मनुष्य पुरुषार्थ नहीं करता तब तक दूसरे पर विजय दुर्लभ है।

—पंचतंत्र

जो दूसरों के धन, रूप, बल, कुलीनता, सुख, सौभाग्य और सत्कार से ईर्ष्या करता है, उस का यह रोग असाध्य है।


—विदुर नीति

मनुष्य को चाहिए कि वह अपना उद्धार स्वयं करे, अपने को अधोगति में न डाले, क्योंकि मनुष्य स्वयंमेव अपना मित्र और शत्रु दोनों होता है।

—भगवद्गीता

के.रि.पु. बल कार्मिकों को शौर्यता पदक

भारत के राष्ट्रपति श्री आर. वेंकट रामन ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 41वीं बटालियन के कांस्टेबल आजाद सिंह को पंजाब में आतंकवादियों से हुई एक मुठभेड़ में दिखाई गई वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता के लिए शौर्यवीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया है।



आजाद सिंह

6 जनवरी, 1989 को के०रि०पु० बल 41वीं बटालियन की एक टुकड़ी पर पंजाब में हरिके भीखीविंड़ मार्ग पर किरतोवाल गांव के समीप आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया। दो वाहनों में सवार बल के जवानों ने तत्काल आक्रमण का जवाब दिया। वाहनों से कूदकर आतंकवादियों से लोहा लेने वालों में कांस्टेबल आजाद सिंह सबसे आगे थे। उनके इस कदम से आतंकवादियों के पांव उखड़ गए और वे भाग खड़े हुए। पुलिस दल ने उनका पीछा किया।

इसी बीच दो आतंकवादियों ने मोर्चा संभालकर पीछा करते पुलिस दल पर गोलियों की बौछार कर दी। कांस्टेबल आजाद सिंह अपने एक साथी के साथ घनी घास में रेंगते हए आतंकवादियों के पास पहुंचे और एक आतंकवादी पर फायर कर दिया, जिससे वह आतंकवादी मारा गया । दूसरा आतंकवादी अपने साथी को मरते देख भाग खड़ा हुआ।

मनोरंजन

यही जीवन है

स्कूल टीचर

एक युवा महिला को ट्रैफिक के नियमों का उल्लंघन करने पर जज के सामने

लाया गया। जज के सामने आते ही महिला बोली कि वह एक स्कूल अध्यापिका है और उसे अपने स्कूल पहुंचने की जल्दी है, क्योंकि वहां विद्यार्थी उस का इंतजार कर रहे होंगे। अतः वे अपना निर्णय जल्दी सुना दें।

"ठीक है, ठीक है" जज ने कहा, "तो आप स्कूल टीचर हैं ? मैं वर्षों से अपनी अदालत में किसी स्कूल टीचर का इंतजार कर रहा था । आप सामने मेज पर बैठ जाएं और 500 बार लिखें कि मैं आइंदा कभी लाल बत्ती पर सड़क पार नहीं करूंगी।"

सजा

एक पत्रकार जेल के कैदियों पर एक लेख तैयार कर रहा था। उसने एक कैदी से पूछा, "क्या तुम यहां टेलीविजन देखते हो?"

कैदी ने जवाब दिया, "केवल दिन में, रात को हमें कोठरी में बंद कर दिया जाता है और हम टेलीविजन नहीं देखते।"

"ओह, यह तो बहुत बुरा है," पत्रकार ने कहा, मगर मैं सोचता हूं कि वार्डन तुम्हें दिन में टी० वी० देखने देता है यह एक अच्छी बात है।"

"अच्छे से तुम्हारा क्या मतलब है?" कैदी ने पूछा, "वह तो हमारी सजा का एक हिस्सा है।"

कारण

जज—तुमने अपने मालिक को कुर्सी क्यों मारी।

नौकर—क्यों कि मेज भारी थी।

ज्ञान वर्षा

सलाह देना आसान है, किंतु उसके सम्भावित परिणामों से हम बचना चाहते हैं।

आंदोलनात्मक भावना मात्र किसी विषय के पूर्ण विचार के लिए ठीक नहीं है।

आधार मजबूत न होने से कोई भी सेना नहीं लड़ सकती।

जो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं वे सदैव महान नहीं होते।

बाहरी खतरों का सामना प्रभावी ढंग से तभी हो सकता है, जबकि आँतरिक शाँति तथा संगठित राष्ट्र हो।



अंकल जी आप कौन सी क्लास में पढ़ते हो ?

रजि० नं० 47167/87



अशांत इलाकों में बल के जवानों की गश्त ।

मुख्य सम्पादक : ए० एन० शर्मा । सम्पादक : अनिल गुप्ता । मुद्रक : पी० आर० पी० एफ० प्रेस, झड़ौदा कलाँ, नई दिल्ली-110072 ।
मुद्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक के०रि०पु० बल, ब्लाक 1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से ए० एन० शर्मा ।

CRPF SAMACHAR

Vol. 4 No. 2 July 31, 1990 Sravana 9, Saka 1912





Home minister Shri Mufti Mohammed Sayeed with medal winners.



THE
CRPF SAMACHAR

Sravana 9, Saka 1912
Vol No. July 31,1990

Quarterly

Editor : A. N. Sharma

Cover : Home Minister Mufti Mohammed Sayeed releasing CRPF Golden Jubilee Book.

Back Cover : Home Minister Mufti Mohammed Sayeed presenting Gallentry Medal to Ct. Hazarika of 44 Bn.

Photos : **Shatish Khanna**

Editorial Office :
Directorate General,
Central Reserve Police Force,
Block-I, C.G.O. Complex, Lodi Road,
New Delhi-110003

Printed and published by :
A. N. Sharma on behalf of The Director General, CRPF.


Letter from the Editor

Dear Reader,

Much water has flown under the Thames since I last spoke to you. During the last quarter, the CRPF fought terrorists on two fronts-Punjab and Kashmir and in both the places it has done work that speaks volumes for its courage in facing grim challenges. A large number of CRPF personnel sacrificed themselves for the unity & integrity of the Country. This fact has been recognised by the Govt and this prompted the Govt to award highest number of Gallantry awards to them. Our first write-up is on the Investiture ceremony function. A number of other important events that took place during this period include All India Police Games, DG's Commendation Disc presentation ceremony of Northern Sector, All India Police Duty Meet, Inauguration of Computer room in Signal Unit, Announcement of Gallantry awards, and Relief operation in rail accident.

The citation of Constable Asin Khan says that on the night of 13th January, 1989, a patrol party of 44 Battalion of Central Reserve Police Force, under the command of a Sub-Inspector, was patrolling the village Bhakna Kalan, Amrit-sar. While the police party was passing through a narrow lane at village Bhakna Kalan, at about 2300 hours, Constable Asin Khan, who was leading the party, spotted a human figure standing beside the door of a near-by house. Constable Asin Khan challenged him to raise his hands, suspecting him to be an inmate of that house. The suspected person started firing with the result that Shri Asin Khan was severely

injured, but in-spite of injuries, Shri Asin Khan fired from his rifle, which narrowly missed the terrorists as the terrorists jumped towards the other side of the wall to escape. Firing also came from other directions, where the terrorists were hiding. Police party also opened fire in retaliation towards the terrorists. As the visibility was very poor because of thick fog, the terrorists had made good their escape. Constable Asin Khan was immediately rushed to S.G.T.B. Hospital, Am-ritsar but he succumbed to his injuries on the way. In the exchange of fire three other CRPF personnel received bullet injuries.

In this encounter, Shri Asin Khan, Constable, displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

CRPF Public School Celebrates Independence Day

Independence day was celebrated with gaity and enthusiasm by the students of Central Reserve Police Force Public School at the school primises. Mr. Joginder Singh, IPS, I.G.P., Northern Sector hoisted the flag. The function was also graced by the other dignitaries of CRPF.

It was followed by an exhibition of handicrafts, counselling, social science, science and languages. A cultural show added colour to the programme. The highlight of the day was the ballet depicting the life history of Jhansi Ki Rani.

Shri Joginder Singh applauded the efforts of the students and teachers and said that in a short span of two years the school has done commendable work.

A man ordered a large Pizza. “Do you want me cut it into six pieces or eight?” the waitress asked.

“Better make it six,” the man said, “I don’t think I can eat eight pieces.”



Regd. No. 45950/89



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सीआरपीएफ समाचार

- महानिदेशक की विदाई
- नीमच में सहायता कार्य
- गैर हिंदी भाषी का हिंदी प्रेम
- के. रि. पु. बल बैंड

मूल्य—1.60 रुपये, खंड-III अंक-6 31 अक्तूबर, 1990 9 कार्तिक, शक संवत 1912



श्री पी. एस. भिंडर को पद भार सौंपते श्री पी. जी. हलर्नकर।

छाया—एस. के. खन्ना

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सम्पादकीय

21 अक्तूबर, पुलिस स्मारक दिवस है, पूरे देश के पुलिस बलों द्वारा वर्ष भर में शहीद हुए अपने सहयोगियों को स्मरण करने का दिवस 21 अक्तूबर 1959 को हाट स्प्रिंग्ज में चीनी सैनिकों का सामना करते हुए शहीद हुए के. रि. पु. बल के 10 वीर जवानों की शहारत से प्रेरणा लेने का दिवस।


के. रि. पु. बल एक अनुशासन बद्ध पुलिस बल है। 21 अक्तूबर का महत्त्व हमारे लिए इस लिए और भी बढ़ जाता है, कि यह एक दिवस हमें मौका देता है कि हम अपने व्यस्त जीवन से दो क्षण निकाल कर अपनी गौरवशाली परम्पराओं की ओर एक नजर डालें और अपने वर्तमान तथा भविष्य की चुनौतियों से निबटने के लिए पर्याप्त ऊर्जा प्राप्त करें। एक संकल्प लें, इस बात का कि ये गौरवशाली परम्पराऐं धूमिल न हों हमारे प्रति जनता के विश्वास को कोई धक्का न पहुंचे और हमारी कार्यशैली ऐसी हो कि जन सहयोग के एक नए युग के सूत्रधार बनें।

के. रि. पु. बल ने बढ़ते समय के साथ नित नई समस्यामों का सामना किया है। इतिहास गवाह है कि कमोबेश हर बार हमें सफलता ही मिली है। आज के. रि. पु. बल के सम्मुख मुख्यतः आतंकवाद, साम्प्रदायिकता और कानून और व्यवस्था की समस्याएं हैं। निस्संदेह यह बेहद संवेदनशील एवं नाजुक समस्याएं हैं, इनसे निबटने के तरीके भी उतने ही आधुनिक और परिष्कृत होने चाहिए, हमें गर्व है, हम अपनी इस परीक्षा में भी खरे उत्तर रहे हैं।

अंत में एक बात और, गत 30 सितम्बर को हमारे महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर ने अवकाश ग्रहण किया। इस मौके पर 25 सितम्बर को नई दिल्ली ग्रुप केन्द्र में इनके सम्मान में एक शानदार परेड का आयोजन किया गया। के. रि. पु. बल के कार्मिकों के हृदयों पर श्री हलर्नकर की छाप लम्बे समय तक रहेगी, मगर सी. आर. पी. एफ. समाचार के पाठक उन्हें एक और कारण से भी हमेशा याद रखेंगे। श्री हलर्नकर के सतत प्रयास व रुचि के कारण के. रि. पु. बल मुद्रणालय में एक आफसैट प्रेस की स्थापना की गई है, इसका उदघाटन भी स्वयं श्री हलर्नकर ने ही 30 सितम्बर को किया। हम पूरे बल के साथ श्री हलर्नकर को भावभीनी विदाई देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना करते हैं। श्री हलर्नर ने अपना पदभार अपर महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर को सौंपा है। नए महानिदेशक की नियुक्ति तक श्री भिंडर इस कार्यभार को देखेंगे, हम उन्हें उनके इस नए पदभार के लिए अपनी शुभ कामनाएं देते हैं।

(ए. एन. शर्मा)

श्री अजयराज शर्मा नए महानिरीक्षक (मुख्या.)



भारतीय पुलिस सेवा के उत्तर प्रदेश काडर से 1966 बैच के श्री अजयराज शर्मा ने पदोन्नति पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय नई दिल्ली में महानिरीक्षक (मुख्यालय) का पदभार संभाल लिया है।

इससे पूर्व वह के.रि.पु.बल मुख्यालय में उपनिदेशक प्रशिक्षण एवं खेल थे। शौर्यवीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदकों से दो बार सम्मानित श्री अजय राज शर्मा सर्वाधिक सम्मान प्राप्त करने वाले भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों में से एक हैं तथा वह स्वयं एक खिलाड़ी भी हैं।•

माह अक्तूबर, 1990 में बल की उपलब्धियां

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अक्तूबर, 1990 में पंजाब तथा जम्मू कश्मीर सहित पूरे देश में 168 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

इस अवधि के दौरान हुई 120 मुठभेड़ों में 98 बड़े हथियार तथा 2612 गोलीबारूद भी बरामद किया गया। इन मुठभेड़ों में कुल 77 आतंकवादी मारे गए तथा भागने का प्रयास कर रहे दो आतंकवादी घायल हुए। मारे गए आतंकवादियों में कई कुख्यात 'ए' श्रेणी के आतंकवादी भी शामिल थे। इन मुठभेड़ों में बल के 6 जवान भी मारे गए, जबकि 54 गम्भीर रूप से घायल हुए।

जवान की आश्रिता को एक लाख रुपये की भेंट



श्रीमती उन्नीथन को एक लाख का चैक भेंट करते हुए श्री कात्तिकेयन।

पंजाब में आतंकवादियों का सामना करते हुए शहीद हुए 84 बटालियन के हैड कांस्टेबल सी. एस. उन्नीथन की विधवा श्रीमती वसंता कुमारी को ग्रुप केन्द्र पल्लीपुरम में आयोजित एक सादे समारोह में दक्षिणी क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री डी.आर. कार्तिकेतन ने 29 जून को एक लाख रुपये का चैक भेंट किया। यह राशि अनुदान स्वरूप कर्तव्य पर मृत कामिक के आश्रित को पंजाब सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

एक अग्रिम दल कुरुक्षेत्र से फिरोजपुर में 130 सहायक बटालियन, के. रि. पु. बल की कम्पनियों के आगे की बंदोबस्ती के बारे में परामर्श करने हेतु भेजा गया। अग्रिम

दल 23 नवंबर, 80 को जीप द्वारा कुरुक्षेत्र से रवाना हुआ। जब यह दल तलवंडी चौक के निकट पहुंचा जो कि फिरोजपुर से लगभग 30 कि मी. दूर है, दो व्यक्तियों ने लाइट दिखा कर जीप रोकने की कोशिश की। यह सोच कर कि सामने अर्द्ध सैनिक बल के जवान ही हैं, जीप की गति कम कर दी गई। जैसे ही जीप धीमी हुई वहां पर छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलियों चलानी शुरू कर दी। इस हमले का सामना है।

कां. उन्नीथन तथा अन्य जवानों ने निर्भीकता से किया। मगर वह आतंकवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों से भयंकर रूप से घायल हो गए। उनके साथ उनके दो अन्य साथी भी घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहाँ हवलदार सी. एस. उन्नीथन तथा उनके दो सहयोगी नायकों की मृत्यु हो गई।•

हैदराबाद में गैस एजेंसी

19 सितस्बर, 1990 को ग्रुप केन्द्र हैदराबाद में एक गैस एजेंसी तथा सुपर बीम वीडियो प्रोजेक्शन सिस्टम का उद्घाटन किया गया। गैस एजेंसी का उद्घाटन करते हए दक्षिणी क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री डी. आर. कार्तिकेयन ने बताया कि इस सुविधा के उपलब्ध होने से हैदराबाद स्थित बल के लगभग 600 कार्मिक गैस के नए कनेक्शन प्राप्त कर सकेंगे।

इसी प्रकार सुपर बीम वीडियो प्रोजेक्शन सिस्टम के तहत हैदराबाद स्थित बल के कार्मिक टी. वी. तथा वीडियो कार्यक्रम 100 इंच स्क्रीन पर देख पाएंगे।•

बल द्वारा नीमच में सहायता कार्य


1 अगस्त, 1990 की सुबह नीमच निवासियों के लिए एक सामान्य सुबह ही थी, मगर इस सुबह लगभग 10-45 बजे पूरे नीमच शहर में उस समय सनसनी फैल गई जब कि कांटजू मार्केट की एक इमारत धराशायी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निर्माणाधीन भवन तथा नीचे की दुकानें गिरने से एक जोरदार धमाका हुआ और चारों तरफ गुबार छा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए।

बाद में घटना की गम्भीरता को देखते हुए के. रि. पु. बल को सहायता के लिए बुलाया गया। के. रि. पु. बल के जवान और अधिकारी तत्काल राहत कार्यों में जुट गए। स्थानीय लोगों का कहना था कि यदि के. रि. पु. बल की सहायता तत्काल न मिलती, तो मलवे में दबे पड़े लोगों को बचाना कठिन हो जाता। घटनास्थल के आसपास भारी तादाद में भीड़ एकत्र हो गई। बाद में

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भी के. रि. पु. बल का सहयोग लिया गया। के. रि. पु. बल ने तीन घंटे के लिए वह मार्ग बन्द कर दिया। के. रि. पु. बल द्वारा जबरदस्त रूप से राहत कार्य चलाए जाने के बावजूद 2 व्यक्तियों की मलबे के नीचे दबने से मृत्यु हो गई, जबकि 10 घायलो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को के. रि. पु.

बल के जवानों ने शासकीय अस्पताल के अतिरिक्त के. रि. पु. बल अस्पताल में भी पहुंचाया।

के. रि. पु. बल के इस कार्य की स्थानीय प्रशासन, नागरिकों तथा अखबारों ने भरपूर प्रशंसा की है।•



राहत कार्य में जुटे बल के जवान।

हैदराबाद में कराटे क्लब

के रि०पु० बल के कार्मिकों के बच्चों को कराटे तथा मार्शल आर्टस की ट्रेनिंग देने के लिए ग्रुप केन्द्र हैदराबाद में एक कराटे क्लब की स्थापना की गई है। इस क्लब का उद्घाटन दक्षिण क्षेत्र के महानिरीक्षक श्री डी० आर० कात्तिकेयन ने 26 अगस्त, 1990 को किया। यह कराटे क्लब स्टार कराटे क्लब, हैदराबाद की एक शाखा के रूप में काम करेगा। इस क्लब की पूरे देश में 300 से अधिक शाखाएं हैं। तथा इसके पास अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक उपलब्ध है। इस मौके पर क्लब के सदस्यों द्वारा कराटे तथा मार्शल आर्टस का सुन्दर प्रदर्शन भी किया गया। यह क्लब के० रि० पु० बल कार्मिकों के बच्चों को 25 रुपए प्रति माह की फीस पर प्रशिक्षण देने के लिए सहमत हो गया है।•

गैर हिंदी भाषी का हिंदी प्रेम



के० रि० पु० बल महानिदेशालय में 20 से 30 सितंबर तक आयोजित हिंदी कार्यशाला के अन्त में ली गई परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उ० नि० प्रभाकरन ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रभाकरन ग्रुप केन्द्र-2 अजमेर से महानिदेशालय में संबद्ध हैं। इस कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों को विभिन्न विषयों से संबंधित पाठ पढ़ाए गए, तथा उन्हें हिंदी की पारिभाषिक शब्दावली का ज्ञान भी कराया गया। प्रथम

स्थान हासिल करने पर उ. नि. प्रभाकरन को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 200 रुपए प्रदान किए गए तथा उन्हें महानिदेशक का प्रथम श्रेणी का प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की घोषणा भी की गई।

श्री प्रभाकरन के संबंध में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि वह गैर हिंदी भाषी है, तथा उन्होंने हिंदी का व्यावहारिक ज्ञान भी दिल्ली आ कर ही प्राप्त किया। 1950 में केरल के त्रिचुर जिले में जन्मे प्रभाकरन की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा अपने गृह प्रदेश में ही हुई, जहां कि हिंदी अध्ययन का एक विषय तो थी, मगर व्यवहारिक दृष्टि से इस का उपयोग नगण्य था। ऐसे में 1974 में दिल्ली में एक निजी नौकरी प्राप्त करने के बाद बोलचाल में आने वाली दिक्कत के कारण उन्होंने हिंदी सीखनी प्रारंभ की। मार्च, 1981 में प्रभाकरन के. रि. पु. बल में शामिल हुए, उसके बाद हिंदी के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया और प्रकारांतर में उन्होंने इसमें सिद्धहस्तता प्राप्त कर ली।

एक गैर हिंदी भाषी कार्मिक द्वारा हिंदी प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने का जिक्र करते हुए महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में कहा कि उ. नि. प्रभाकरन ने यह प्रमाणित कर दिया है कि हिन्दी में कार्य करना सरल है तथा लोगों का यह कहना कि हिन्दी में काम करने में अधिक समय लगता है तथा यह कठिन है, बिलकुल मिथ्या है। यह लोगों की एक कुँठा है, जिसे कि हिंदी कार्यशालाओं व प्रतियोगिताओं के जरिए दूर किया जाना चाहिए।•

छात्रों को संदेश

के० रि० पु० बल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के बेल्डिंग ट्रेड के प्रशिक्षाथियों के पहले बैच ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को सलाह देते हुए संस्थान के प्रधानाध्यापक श्री डी० पी० अग्रवाल ने कहा कि अब आप को रोजगार के क्षेत्र में काम की दुनिया में प्रवेश करना हैं । वेल्डिंग तकनीक प्रतिदिन तेजी से बदल रही है । मैं आपको सलाह देना चाहूंगा कि वेल्डिंग व्यवसाय पर नवीनतम पुस्तकें खरीदें और अपना काम करते समय उन्हें अपने साथ रखें। इससे आपको रोजगार के क्षेत्र में प्रतियोगिता की चुनौतियों का सामना करने में सहायता मिलेगी।

कुशल वेल्डरों के लिए जनरल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज, वर्कशापों, सिविल निर्माण परियोजनाओं, फेब्रिकेशन दुकानों, रेलवे, राज्य परिवहन उपक्रमों, विद्युत बोर्डों तथा गैर सरकारी उद्यमों में रोजगार उपलब्ध होते हैं। इसके अलावा आप एक गैस वेल्डिंग सैट खरीदकर अपना व्यवसाय भी खोल सकते हैं।

प्रिंसिपल महोदय ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि हम अपनी ओर से आपको रोजगार दिलाने में पूरी-पूरी कोशिश करेंगे। इसके साथ ही समय-समय पर आपकी रोजगार स्थिति के बारे में भी जानते रहना चाहेंगे।

इससे पूर्व बल के महानिदेशक श्री पी० जी० हलनकर ने भी प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया। उन्होंने संस्थान की प्रगति, स्टाफ के कार्य तथा विद्यार्थियों की प्रगति पर सन्तोष व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान दिनोंदिन प्रगति करेगा।

पल्लीपुरम में राजभाषा समिति

7 जुलाई, 1990 को संसदीय राजभाषा समिति की प्रथम उपसमिति ने ग्रुप केन्द्र पल्लीपुरम में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का निरीक्षण किया। उप समिति के अध्यक्ष डा० रुद्रप्रताप सिंह ने कहा कि इस कार्यालय द्वारा पिछले निरीक्षण के समय दिए गए आश्वासन भी पूरे कर लिए हैं और आगे भी ये हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के प्रति सतत प्रयत्नशील है, अतः समिति इसके कार्य की सराहना करती है । समिति ने यह भी पाया कि ग्रुप केन्द्र द्वारा सभी स्थायी मदें द्विभाषी तैयार कर ली गई हैं तथा पत्राचार भी निर्धारित लक्ष्य से अधिक हिंदी में किया जा रहा है।


गांधीनगर में वन महोत्सव

ग्रुप केन्द्र गांधी नगर में 14 से 21 जुलाई, 1990 तक वन महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम का उदघाटन 14 जुलाई को गुजरात के पर्यटन, योजना, सहकारिता एवं तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री अरविंद भाई पटेल ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने ग्रुप केन्द्र परिसर में एक अशोक वृक्ष भी लगाया। इस मौके पर लगभग 3,000 वृक्ष लगाए गए, जिनमें 500 वृक्ष फलों के हैं।

महानिदेशक श्री हलर्नकर को भावभीनी विदाई

लेख—**अनिल गुप्ता**

छाया—**एस० के० खन्ना**



परेड का निरीक्षण करते महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर




श्री हलर्नकर से पदभार सम्हालते श्री पी० एस० भिंडर।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र झड़ौदा कलां नई दिल्ली में 25 सितम्बर, 1990 को बल के पांचों सेक्टरों के जवानों और अधिकारियों ने एक भव्य समारोह व

शानदार परेड के साथ अपने महानिदेशक श्री पी० जी० हलनकर को विदाई दी। श्री हलर्नकर 30 सितम्बर को के० रि० पु० बल से अवकाश ग्रहण कर रहे हैं।

समारोह की शुरुआत सुबह के०रि०पु० बल में एक आफसैट प्रेस के महानिदेशक द्वारा उद्घाटन के साथ हुई। बल की महिला बटालियन तथा बल के पांचो सैक्टरों की टुकडियों द्वारा पेश की गई शानदार परेड को सलामी लेने के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों को सम्बोधित करते हुए श्री हलर्नकर ने उनका आह्वान किया कि वे बल की महान परम्पराओं को बनाए रखें, जिन की खातिर बल के कई जवानों और अधिकारियों ने अपनी जान की आहुति दी है। के० रि० पु० बल अपने आप में एक लघु भारत है, यह धर्म निरपेक्ष बल है, जिसमें कि निरपेक्षता, निस्वार्थ सेवा तथा समर्पण की भावनाए गहरें तक जड़ पकड़ चुकी हैं।



श्री हलर्नकर को विदाई देते श्री पी०एस० भिंडर।



महानिरीक्षक (आपरेशन) श्री आर० के० शर्मा श्री हलर्नकर को पंजाब में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।



विदाई परेड के मौके पर महानिदेशक की आगवानी करते वरिष्ठ अधिकारी।



महानिरीक्षक (मुख्या०) श्री अजयराज शर्मा श्री हलर्नकर को विदाई देते हुए।

श्री हलर्नकर ने कहा कि पिछले 51 वर्षों में बल ने देश की भरपूर सेवा की है। जब जब जिन राज्यों में साम्प्रदायिक दंगे, अनेक प्रकार के आंदोलन तथा आतंकवादी गतिविधियों पर काबू पाने की आवश्यकता पड़ी है, केन्द्र सरकार ने के० रि० पु० बल का इस्तेमाल किया है । और के० रि० पु० बल ने इन सभी समस्याओं का सफलतापूर्वक सामना किया है। के. रि० पु० बल ने देश की सेवा में अपने अनेकों अधिकारियों एवं जवानों की कुर्बानी देकर अपने लिए एक विशेष स्थान बनाया है।

अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह इतने महान बल के महानिदेशक रहे।

श्री हलर्नकर भारतीय पुलिस सेवा के 1956 बैच के कर्नाटक कैडर से है । कर्नाटक राज्य के अंदर उन्होंने कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया। उन्होंने सितम्बर 1987 में के० रि० पु० बल के अपर महानिदेशक तथा 31 मार्च 1989 को महानिदेशक का पद भार संभाला।

श्री हलर्नकर को 1973 में विशिष्ट सेवानों के लिए पुलिस पदक तथा 1982 में सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

श्री हलर्नकर एक कुशल अध्येता, टेनिस के खिलाड़ी, तैराक तथा घुड़सवार भी है। बाद में 30 सितम्बर, 1990 को श्री हलर्नकर ने अपना पदभार अपर महानिदेशक श्री

पी. एस. भिंडर को सौंप दिया। श्री भिंडर नए महानिदेशक की नियुक्ति तक इस पद भार को संभालेंगे।

महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ने के० रि० पु० बल की आन्तरिक सुरक्षा अकादमी माउन्ट आबू के चार अधिकारियों-कर्मचारियों को वर्ष 1990 में किये गये सराहनीय कार्यों के लिए महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क प्रदान करने की घोषणा की है।

ये अधिकारी हैं—सहायक कमाडेंट (द्वितीय कमान अधिकारी) एस० सी० अरोड़ा, पुलिस उपाधीक्षक गिलबर्ट पाल, उपनिरीक्षक न्याजू खान और कुक बहुलेयान ।

जम्मू कशमीर में कार्य के लिए सराहना

महानिदेशक महोदय ने जम्मू कशमीर में कार्यरत बल के 11 अधिकारियों को इस वर्ष किए गए सराहनीय आपरेशन कार्यों के लिए महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क प्रदान करने की घोषणा की है।

ये अधिकारी हैं—सहायक कमांडैंट आर० रमन (48 बटालियन), रंजीतसिंह (50 बटालियन), किरपाल सिंह (50 बटालियन), उपाधीक्षक रणदीप दत्ता (5 बटालियन), अजय भरतन (13 बटालियन), डी० पी० त्यागी (24 बटालियन), ए० के० पांडेय (46 बटालियन), पी० नागराज (50 बटालियन), ए० बी० चौहान (77 बटालियन), एन० वी० दास (54 बटालियन) एवं के० के० शर्मा (79 बटालियन)।

के०रि०पु० बल महिलाओं के कार्य की प्रशंसा

श्रीनगर में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य के लिए, जम्मू कशमीर पुलिस के महानिदेशक ने उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 9825 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया है।

श्रीनगर हवाई अड्डे पर तैनात बल की महिला कर्मियों की उच्च श्रेणी की कार्य-कुशलता और कार्य के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। बल की इन महिला कर्मियों की निःस्वार्थ सेवा की श्रीनगर निवासियों ने भी मुक्त हृदय से प्रशंसा की है।

तीन कार्मिकों को शौर्यता पदक

उच्च श्रेणी की कर्त्तव्यपरायणता, साहस तथा वीरता के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के तीन कार्मिकों को शौर्यवीरता के पुलिस पदकों के सम्मानित किया गया है। इनमें से 32 बटालियन के कांस्टेबल (ड्राइवर) रविन्द्र कुमार को यह पदक

मरणोपरांत दिया गया है। पदक प्राप्त करने वाले अन्य दो कार्मिक हैं—32 बटालियन के सब इन्स्पेक्टर दलीप सिंह तथा 48 बटालियन के कांस्टेबल (अब लांस नायक) एम० सुदरम।

30 मार्च, 1989 को नवांशहर बंगा क्षेत्र से आतंकवादी गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर 32 बटालियन के कमांडैंट ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए विभिन्न दल बनाए। सब इन्स्पेक्टर दलीपसिंह को एक टुकड़ी के साथ नवांशहर बंगा में गश्ती ड्यूटी के लिए तैनात किया गया।

अपनी गश्त के दौरान पुलिस पार्टी ने एक संदिग्ध ट्रैक्टर को रुकने का इशारा किया, मगर रुकने के स्थान पर ट्रैक्टर पर बैठा व्यक्ति गोली चलाने लगा। मगर अपनी जान की परवा न करते हुए दलीपसिंह उस व्यक्ति पर झपट पड़े तथा उसे निशस्त्र कर दिया । स्वयं को असहाय पा कर उस व्यक्ति ने सायनाइड का कैप्सूल निगल लिया। जिस कारण उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई। बाद में उस की शिनाख्त मजारी के मनजीत सिंह उर्फ रामलाल उर्फ राम भैया के रूप में कर ली गई।

तरनतारन उप मंडल के इलाकों में आतंकवादी गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर 48 बटालियन की एक टुकड़ी को 19 दिसम्बर, 1988 को छानबीन के कार्य के लिए तैनात किया गया। जब यह टुकड़ी पारवोक गांव में बचन सिंह संधू के फार्म हाउस के नजदीक पहुंची तो फार्म हाउस में छिपे आतंकवादी उस पर गोलियां चलाने लगे, जिससे कांस्टेबल एम० सुदरम घायल हो गये। मगर वह दृढ़ता से आतंकवादियों का सामना करते रहे। इस मुठभेड़ में दो खूंखार आतंकवादी शेरसिंह और करज सिंह मारे गए। 7 मार्च, 1989 को 32 बटालियन की एक टुकड़ी एक जीप पर बैठ कर नवांशहर चकदाना क्षेत्र में गश्त ड्यूटी पर निकली। जीप को कांस्टेबल ड्राइवर रविंद्र कुमार चला रहे थे। रास्ते में आतंकवादियों ने घात लगाकर जीप पर ए० के० 47 राइफल से गोलियां चलानी शुरू कर दी। इससे कांस्टेबल (ड्राइवर) रविंद्र कुमार बुरी तरह घायल हो गये। मगर वह अपूर्व साहस का परिचय देते हुए जीप को घात स्थल से दूर ले गये। मगर गम्भीर रूप से घायल होने के कारण वह अधिक दूर तक नहीं जा पाए। उनके इस प्रयास से जीप में बैठे अन्य लोगों की तो जान बच गई। मगर कांस्टेबल (ड्राइवर) रविंद्र कुमार को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जीप में बैठे अन्य पुलिस कर्मियों ने आतंकवादियों की गोलियों का जवाब दिया, मगर आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले।

यह दुनिया तुम्हारी है, तुम्हारी ही रहेगी, क्योंकि तुम नौजवान ओजस्विता और जीवन-शक्ति से भरपूर, सुबह के सूरज की तरह अपनी जिंदगी की पुरबहार मंजिल पर हो।

-माओ-त्से-तुंग

के० रि० पु० बल बैंड



गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर राजपथ पर के० रि० पु० बल बैंड।

इतिहास के आरम्भ से ही संगीत हमारे जीवन का अभिन्न अंग रहा है । आदि काल से संगीत अनेकों रूपों में चला आ रहा है। उस समय युद्ध में सैन्य दलों के उत्साह को बुलन्द करने, युद्ध के आरम्भ और अन्त की दिशासूचक भूमिका को संगीत निभाता रहा है। युद्ध में जोशीले वचनों के बजाय संगीत अधिक अहम भूमिका अदा करता था, जो शूरवीरों के लिये प्रेरणात्मक स्रोत माना गया है।

ग्रुप-केन्द्र, बनतालाब, जम्मू में सन् 1970 में सर्वप्रथम पाईप बैण्ड की शुरूआत हुई। संगीत जगत में आगे बढ़ने का यह पहला प्रयास था, लेकिन कुछ दिक्कतें पेश आने की वजह से पाईप बैण्ड को ब्रास बैंड में बदलने की योजना बनाई गई। 6 वर्ष बाद 1976 में इसको ब्रास बैंड में तब्दील कर दिया गया। इसका संचालन उ० नि० हरभजन सिंह की देख-रेख में हुआ । तत्पश्चात इस ब्रास बैण्ड ने शानदार उपलब्धियाँ हासिल की। 1979 में ब्रास बैंड का नेतृत्व निरीक्षक प्रेमसिंह थापा ने सम्भाला। श्री थापा स्वयं एक मेहनतकश, लगनशील, अनुभवी एवं कर्मठ कार्यकर्ता हैं । अभी भी वह इस दायित्व को बड़ी बखूबी से निभा रहे हैं। इस ब्रास बैंड दल में 34 सदस्य हैं, जो अपने कार्य में पूर्णतः दक्ष हैं।

ग्रुप-केन्द्र बनतालाब, जम्मू के लिये यह एक गौरव का विषय है कि यह ब्रास बैंड 1980 से लगातार गणतन्त्र दिवस परेड में भाग ले रहा है। इसके अतिरिक्त लगभग हर वर्ष के० रि० पु० बल वार्षिकोत्सव समारोह में भी इसे ब्रास बैंड को विशेष तौर से आमन्त्रित किया जाता है।

ब्रास बैंड की एक अन्य उपलब्धि केन्द्रीय रिजर्व बल मार्च और निरीक्षण ट्रप हेतु 'देश की शान' नामक शीर्षक रचनायें हैं। इसकी उत्कृष्ट सेवाओं के एवज में इसने के

रि०पु० बल 'स्वर्ण-जयन्ती' समारोह में भी भाग लिया। निरीक्षक, प्रेमसिंह थापा के नेतृत्व में 1985 से के० रि० पु० बल के 105 बैंड कर्मियों की टुकड़ी प्रतिवर्ष गणतन्त्र दिवस परेड में शामिल होती है। निरीक्षक थापा आर्मी एजुकेशन कोर मिलिट्री स्कूल आफ म्युजिक पंचमढ़ी, (म० प्र०) जो एशिया में म्युजिक का एकमात्र स्कूल है, से म्युजिक इन्स्ट्रक्टर कोर्स में डिप्लोमा होल्डर हैं। म्युजिक में डिप्लोमा करने के उपरान्त उन्होंने 7 वर्ष तक आर्मी म्युजिक स्कूल में इन्स्ट्रक्टर पद पर सेवा की और बाद में काबुल, अफगानिस्तान में आर्मी में प्रतिनियुक्ति पर चले गये। बाद में उन्होंने 1979 से ग्रुप-केन्द्र, के०रि०पु० बल, बनतालाब, जम्मू में बैंड निरीक्षक का कार्य भार संभाला। जम्मू केन्द्र से उनके एक परिक्षार्थी सिलवा राज को पंचमढ़ी में आर० एम० कोर्स के लिए चुना गया।



निरीक्षक प्रेम सिंह थापा

ग्रुप-केन्द्र, जम्मू में ब्रास बैंड के अतिरिक्त एक आर्केस्ट्रा बैंड भी खड़ा किया गया है जो दिन-प्रतिदिन लोकप्रिय हो रहा है। इस सम्बन्ध में उचित ध्यान देने पर इस आर्केस्ट्रा बैंड की कार्यक्षमता में और अधिक सुधार लाया जा सकता है। ग्रुप-केन्द्र, बनतालाब, जम्मू में सेवारत रहे अधिकारियों और बैंड प्लाटून कर्मियों के गहन प्रयासों और उल्लेखनीय सेवाओं की वजह से ग्रुप. केन्द्र का ब्रास बैंड पिछले कुछ ही वर्षों में लोकप्रियता की बुलन्दियों को छू गया है।

राजभाषा सम्मेलन

भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र के राजभाषा सम्मेलन का

आयोजन 1 जून, 1990 को शिलांग में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता श्री निशिकांत महाजन, संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने की। इस सम्मेलन में पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित विभिन्न केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों व उपक्रमों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात साहित्य कार डा० वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य उपस्थित थे। अध्यक्षीय भाषण में श्री महाजन ने गृहराज्य मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय का संदेश पढ़कर सुनाया। बाद में मुख्य अतिथि ने अन्य लोगों के अतिरिक्त पुलिस महा निरीक्षक, पूर्वोत्तर सैक्टर, शिलांग को प्रथम, कमांडेन्ट 80 बटालियन, गंगटोक, सिक्किम को द्वितीय तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बेस अस्पताल-3 गुवाहाटी, असम को तृतीय और कमांडेंट 67 बटालियन, मिजोरम को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए।

के. रि. पु. बल विजय

3 से 6 अक्टूबर, 1990 तक नई दिल्ली में हुई अखिल भारतीय मास्टर पृथ्वी नाथ शर्मा स्मारक बास्केट बाल प्रतियोगिता की चैंपियनशिप ट्राफी के. रि. पु. बल ने जीत ली है। फाइनल मुकाबले में के. रि. पु बल टीम ने एच. ए. एल. बेंगलौर को 80-62 अंकों से पराजित किया।

इस प्रतियोगिता में पूरे देश की 9 चोटी की टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के तत्काल बाद 8 से 11 अक्तूबर, 1990 तक नई दिल्ली में ही आयोजित अखिल भारतीय राजकुमार कौशिक स्मारक बास्केटबाल प्रतियोगिता में भी बल की टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में देश की 11 चोटी की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बल की टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

माह सितंबर, 90 में मृत बल के कार्मिक

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्न कार्मिकों की मृत्यु सितम्बर 1990 में हुई । सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

ना०/ड्रा० बिरफी चंद (60 बटा.), कां० मोहम्मद शाहवान खान (8 बटा.), ना० प्रेमा राम (82 बटा.), कां. आर. वी. कुलकर्णी (ग्रु .के. हैदराबाद, एस.वी.पी.एन. पी. ए. हैदराबाद में प्रतिनियुक्ति पर), कां. डब्ल्यू. एच. गोटफोड़े (गु.के. मोकामाघाट), उ.नि. (टेलर) पद्दी राम (ग्रु. के. बनतलाब), उ. नि. (मि.) टी. के. आचारी (ग्रु. के. भुवनेश्वर), कां. शिवरमण सी. वी. (54 बटा.), ना. हरद्वारी लाल (2 सिग. बटा.) कां. मोजेफार (न.के.-1 अजमेर), लां. ना. छोटू राम (53 बटा.), लां. ना. यू. एस. जीवप्पा (18 बटा.), उ. नि. सुदामा प्रसाद (30 बटा), कां. जगदेव सिंह (50 बटा.), कां. एच. (दाइलोवा (अप केन्द्र गुवाहाटी), नि. आर. एस. उपाध्याय (53 बटा.) तथा है. का. अल्लाह रक्खा (50 बटा.)।

इसके अतिरिक्त देर से प्राप्त सूचना के अनुसार कां./ड्रा. श्यामलाल (83 बटा. दिल्ली पुलिस में प्रतिनियुक्ति पर) की फरवरी में, कां./ड्रा. सतीश कुमार (न.के. बनतलाब) की जून में तथा कां० मनोज कुमार (61 बटा.), की अगस्त, 1990 में मृत्यु हुई।

जोखिम निधि लाभ

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में माह सितम्बर, 1990 में मृत्यु के 15 मामलों में जोखिम निधि से 5,25,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए। इनमें प्रत्येक मामलों में 10,000 रुपए की केन्द्रीय कल्याण निधि तथा केन्द्रीय बेनेवेल निधि की राशि भी शामिल है।

इसी प्रकार अक्षमता के 4 मामलों में कुल 60,000 रुपए देने स्वीकार किए गए।

शांतिदूत

आज देश में एक आवाज सी. आर. पी. एफ. भारत महान
उत्तर में जम्मू कश्मीर को रखा सिर पर मुकुट समान।

भारत मुकुट की रक्षा में झेल रहा पग-पग संघर्ष संग्राम
आगे हिमाचल में देता अपने पग को थोड़ा विश्राम।

फिर शुरू हुआ भागा-दौड़ी का सिलसिला पंजाब के भू पर खास
"सेवा-भक्ति" का नारा देकर जीत लिया लोगों का विश्वास।

आज देश में एक आवाज सी. आर. पी. एफ. भारत महान
देख चुका है कुरुक्षेत्र, राजपूताना, शिवाजी, गांधी का प्रदेश।

बहुत बड़े संघर्षों का आते-जाते सुनते सन्देश
इस कारण शान्त हुआ है सी. आर. पी. एफ. का थामे हाथ।

दे रहा शान्ति सन्देश भारत का उत्तर प्रदेश लेकर मध्य भारत को साथ
उत्कल, बंग, बिहार का अब शुरू हुआ प्यारा बेशकीमती प्रदेश।

सारा यन्त्र-तन्त्र का लिए हाथ में समृद्धि का सुखद सन्देश
आज देश में एक आवाज सी. आर. पी. एफ. भारत महान।

उठो आगे बढ़ो बढ़ते ही रहो दे रहे साथ उत्तर पूर्व के पाठो प्रदेश
सीमा की रक्षा करने में कदम से कदम मिला अब चल लिए पूरे प्रदेश।

आन्ध्र, तमिल का वह प्रदेश झेल-झेल कर सागर के तूफान
आवाज दे रहे हम एक हैं बड़े-बड़े सहकर भी आघात।

अपना कर्नाटक लिए साथ केरला का झुरमुट सा प्यारा हाथ
सीमा तट की रक्षा में दे रहा नूतन प्रदेश गोवा का साथ।

आज देश में एक आवाज सी० आर० पी० एफ० भारत महान
किसी प्रदेश का कोना अब तक शेष न बच पाया।

जहां के नर नारियों का बन्धन इसमें न जुट पाया
जन-गण के मन में गूंज रहा बुलन्द सी०आर०पी०एफ० का नारा।

"चलते रहो प्यारे" विश्व भर में बनकर "शान्तिदूत" का फव्वारा
समूचे भारत की आंखों का तारा बन गया "जवान" हमारा।

कहते "अमर" हम भी साथ रहेंगे बनकर एक स्तम्भ तुम्हारा
आज देश में एक आवाज सी० आर० पी० एफ० भारत महान।

अमर नाथ सिंह कुशवाहा
(सहायक उप निरीक्षक)
ग्रुप केन्द्र, दुर्गापुर

इतिहास पहेली

मध्य भारत

एन. पॉ. एस. नेगी

1. सन 1000 से सन 1026 के बीच मोहम्मद गजनी ने भारत पर कुल कितने आक्रमण किये ?

2. दिल्ली पर शासन करने वाली पहली महिला कौन थी?

3. 20 अप्रैल, 1526 को हुई लड़ाई का नाम बताओ?

4. बाबर का पूरा नाम क्या था।

5. 1532 में मुगल साम्राज्य की सीमा बिहार और जौनपुर तक किसने बढ़ायी?

6. किस मुगलिया शासक का राज्य भिषेक 13 वर्ष की आयु में हुआ ?

7. अकबर का पूरा नाम क्या था ?

8. प्रशासनिक सुविधा के लिए अकबर ने अपने साम्राज्य को कितने हिस्सों में बांटा था ?

9. उस राजपूत राजकुमारी का नाम बतायो जिससे अकबर ने शादी की ?

10. अकबर के चाचा का नाम बताओ जो अकबर का शिक्षक भी था और जिसने अकबर की तरफ से पानीपत की दूसरी लड़ाई लड़ाई थी?

उत्तर:—1.17 बार, 2. रजिया सुल्तान (1236-39), 3. पानीपत की पहली लड़ाई (इब्राहीम लोदी और बाबर के बिच, जिसमे बाबर की जीत हुई), 4.जहीरुद्दीन बाबर 5. हुमाऊं 6. अकबर (जन्म 1543, राज्याभिषेक 1556), 7. जलालुद्दीन मोहमद अकबर,8.12 सुबों में (1580 में) 9. जोधाबाई बैरम खां।

रजि० नं० 47167/87



के० रि० पु० बल मुद्रणालय में ग्राफसैट मशीन का उद्घाटन करते महानिदेशक श्री पी. जी. हलर्नकर।

मुख्य सम्पादक : ए० एन० शर्मा। सम्पादक : अनिल गुप्ता। मुद्रक : सी० आर० पी० एफ० प्रेस, झड़ोदा कलाँ, नई दिल्ली-110072।
मुद्रक तथा प्रकाशक : महानिदेशक के०रि०पु० बल, ब्लाक 1, सी०जी०ओ० काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से ए० एन० शर्मा।

सी.आर.पी.एफ.

समाचार

खंड - III अंक - 7 30 नवंबर, 1990 9 अग्रहायण, शक 1912



लाल चौक, श्रीनगर, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की निगरानी में

51वें वार्षिकोत्सव पर

विशेष अंक



दीपावली के अवसर पर बेस अस्पताल, नई दिल्ली में मरीज़ो को मिठाई बाटते महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर

सी. आर. पी. एफ. समाचार

51वें वार्षिकोत्सव पर विशेष अंक

सी. आर. पी. एफ. समाचार

खंड-III

अक-7

30 नवंबर, 1990

9 अग्रहायण शक 1912

मुख्य संपादक

ए. एन. शर्मा

संपादक

अनिल गुप्ता

आवरण चित्र

सतीश खन्ना

अंतिम पृष्ठ का चित्र परिचय

पुलिस स्मारक दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

प्रकाशक

महानिदेशक, के. रि. पु. बल ब्लाक -1 सी. जी. ओ. काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से ए. एन. शर्मा.


फोटो टाइप सैंटिग

गीतांजलि एडवरटाइज़रस एड पिंटर्स, एच.-26, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-110048

मुद्रक

सी. आर. पी. एफ. प्रेस झड़ौदा कलां, नई दिल्ली -110072


विषय सूची



रोगियों को दीपावली की शुभकामनाएँ



पश्चिम क्षेत्र पुलिस खेल



हाट स्प्रिंग्जः देशभक्तों का तीर्थ



श्रीनगर में के. रि. पु. बल.

संपादकीय

शौर्यगाथाएं

समाचार

सफरनामा

कविता


सम्पादकीय

इस वर्ष के. रि. पु. बल अपनी 51वीं वर्षगाँठ मना रहा है। यह मात्र एक वार्षिक उत्सव नहीं, एक संकल्प दिवस है। जो अब तक शहीद हुए हैं उनकी अमर शहादत को स्मरण कर उनसे प्रेरणा लेकर उनके द्वारा स्थापित परम्परा को ऊँचा रखने और आगे ले जाने का संकल्प दोहराने का दिवस।

देश में शांति व व्यवस्था बनाये रखने का काफी बड़ा दायित्व के. रि. पु. बल पर है। इस के लिए पूरी फोर्स को रात दिन काम करना पड़ता है, इस कारण हमारे जवानों पर जो दबाव पड़ता है, वह बहुत कष्टदायक है। यह उनको असाधारण शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक दबावों में डाल देता है। फिर भी हमारे जवान सदैव सावधान और उत्तेजनात्मक परिस्थितियो में शांत रहते हैं और अपनी सामर्थ्य से भी अधिक काम करते हैं।

ज्यों ही देश में एक समस्या का निदान होता है, दूसरी समस्या मुँह खोले सामने आ खड़ी होती है। ऐसी स्थिति में बल के किसी भी सदस्य के लिए आराम की कोई घड़ी नहीं है। बल के हर सदस्य को, हर पल, हर घड़ी कर्तव्यपालन के लिए तैयार रहना चाहिये। यही फोर्स का सम्मानित आदर्श जीवन है। यही हमारा अतीत था, यही वर्तमान है और ऐसा ही भविष्य होगा।

हमारे कंधों पर एक बहुत बड़ा दायित्व है और वह है राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को अबाध गति से चलने देने का। इस प्रक्रिया में बाधा न आए, इस सुरक्षा का दायित्व हम पर है। हमें देश को आगे बढ़ाने में सहायता करनी है। इसके लिए हमें तैयार रहना है। जब तक पूरे देश में शाति और अमन कायम नहीं हो जाता, तब तक हमारे लिए विश्राम असंभव है। हमारी हर वर्षगाँठ हमे इसी संकल्प की याद दिलाती है।



(ए. एन. शर्मा)



संदेश


केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 51वीं वर्षगाँठ के अवसर पर बल के अधिकारियों, जवानों, अन्य कार्मिकों तथा उनके परिवार वालों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है।

इस अवसर पर मेरा मन अपने उन अधिकारियों और जवानों के प्रति कृतज्ञता से भर उठता है, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगा कर देश की अस्मिता को सुरक्षित रखा है। हाल के वर्षों में पंजाब और जम्मू कश्मीर में हमारे जवानों ने बहुत बड़ी कुर्बानियां दी हैं। ये हमारे जवानों की बहादुरी का ही नतीज़ा है कि इन प्रदेशों में हालात काबू से बाहर नहीं जा पाए। केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जाबाज सिपाहियों के अपूर्व साहस, वीरता और देश भक्ति ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में एक बड़ा योगदान दिया है।


आज पूरे देश में हिंसा और साम्प्रदायिकता की जो लपटें सुलग रही हैं उन्हें बुझाने का काम काफी कुछ हमारे ही ज़िम्मे है। आज जहाँ कहीं भी आतंकवादी या अन्य हिंसात्मक कार्यवाहियाँ बढ़ती हैं, तो वहाँ सब से पहले केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल ही शांति दूत के रुप में अवतरित होता है। जनता, प्रशासन और सरकार का यह विश्वास हमारी अमूल्य धरोहर है। यह विश्वास हमारी फोर्स ने लगातार परीक्षाओं की कसौटी पर खरा उतर कर अर्जित किया है। वीरता, साहस, कर्तव्यपरायणता और सेवा भक्ति के मामले में हमारे जवानों ने उच्च कोटि की गौरवशाली परंपराएँ स्थापित की हैं। हमें गर्व है कि हम इन परंपराओं के वाहक हैं,

हमें अपनी इन परंपराओं की रक्षा ही नहीं करनी, अपितु धर्म-निरपेक्षता, जन-विश्वास और जन-सहयोग के एक नए युग का सूत्रपात भी करना है।

बल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर बल के इतिहास को एक नज़र देखते हुए, मैं यह बात दृढ़ता के साथ कह सकता हूँ कि हमारा एक एक जवान अपने दायित्व के सफल निर्वाह के लिए प्रतिबद्ध है। सफलता हमारी है, इस में हमें तनिक भी संदेह नहीं।


(पी. एस. भिंडर)
महानिदेशक
के. रि. पु. बल

महानिदेशक द्वारा बेस अस्पताल का दौरा



एक रोगी बच्चे को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ मिठाई भेंट करते महानिदेशक

मरीज़ों को मिष्ठान वितरण

दीपावली की पावन बेला पर बल से महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर, नई दिल्ली ग्रुप केंद्र स्थित बेस अस्पताल में रोगियों से मिलने गए। उन्होनें अस्पताल में भरती 115 मरीज़ों को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ मिष्ठान के पैकेट भेंट किए। इन रोगियों में बल के कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य शामिल थे।

पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में आतंकवादी मुठभेड़ों में घायल जवानों से महानिदेशक महोदय विशेष रूप से प्रभावित थे। उन्होंने उनकी समस्याओं को धैर्य के साथ सुना और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अस्पताल से छुट्टी के बाद इन जवानों के पुनर्वास की ओर विशेष ध्यान दे।

के. रि. पु. बल ने 168 आतंकवादी गिरफ्तार किये

केंद्रीय रिर्ज़व पुलिस बल के जवानों ने माह अक्तूबर, 1990 में पंजाब तथा जम्मू कश्मीर सहित पूरे देश में आतंकवादियों के साथ हुई 120 मुठभेड़ों में 168 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा इन मुठभेड़ो में 77 आतंकवादी मारे गए व भागने का प्रयास कर रहे दो आतंकवादी घायल हुए। इस दौरान आतंकवादियों से 98 बड़े हथियार तथा 2612 गोली बारूद बरामद किए गए।

मगर इस सब के एवज में बल को अपने 6 बहादुर साथियों से हाथ धोना पड़ा, जबकि 54 घायल हुए।

पश्चिम क्षेत्र पुलिस खेल

के.रि.पु. बल सिरमौर



विजेता टीम के साथ महानिदेशक व अन्य अधिकारी

गोवा पुलिस द्वारा 23 से 27 अक्तूबर तक पणजी, गोवा में आयोजित 40वें पश्चिम क्षेत्र पुलिस खेलो में विजय का सेहरा के. रि. पु. बल के सिर बंधा है। इन खेलों में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा गोवा पुलिस सहित केंद्रीय पुलिस संगठनों, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, के. रि. पु. बल तथा स्पेशल सिक्योरिटी ब्यूरो के 600 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस पूरी प्रतियोगिता में बास्केटबाल, फुटबाल, हाकी, जिमनास्टिक, बालीबाल, कबड्डी, जूडो, तथा कुश्ती के मुकाबले हुए। केंद्रीय रिर्ज़व पुलिस बल ने कुल 15 अंक प्राप्त करके गोवा पश्चिम क्षेत्र पुलिस ट्राफी जीत ली। 11 अंक प्राप्त कर भारत तिब्बत सीमा पुलिस दूसरे स्थान पर रही तथा 7 अंक प्राप्त करने पर महाराष्ट्र पुलिस तीसरे स्थान पर रही।

कबड्डी, बालीबाल, कुश्ती फुटबाल तथा जडो प्रतियोगिताओं में के. रि. पु. बल को प्रथम स्थान हासिल हुआ।

बल के विजेता खिलाड़ियों के सम्मान के लिए नई दिल्ली स्थित 6 बटालियन में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बल के महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बल के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए महानिदेशक महोदय ने कहा कि उन्हें अखिल भारतीय पुलिस खेलों की ट्राफी जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत करनी चाहिये। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष अखिल भारतीय पुलिस खेलों में के. रि. पु. बल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। महानिदेश महोदय ने खिलाड़ियों को सलाह दी कि वे अपनी उपलब्धियों पर शांत हो कर न बैठें, बल्कि वेस्ट जोन पुलिस खेलों में अर्जित अपनी विजय को अपनी प्रतिभा से और अधिक निखार कर अगले अखिल भारती पुलिस खेलों का खिताब हासिल करें।

हाट स्प्रिंग्जः देशभक्तों का तीर्थ

उपाधीक्षक के. वेंकटेश

54 बटालियन



वह 21 अक्तूबर, 1959 का दिन था, जब केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 10 बहादुर जवान अपनी वीर भोग्या मातृभूमि की सुरक्षा के लिए हाटस्प्रिंग्ज में चीनियों के साथ लड़ते हुए शहीद हो गए। तभी से इन शहीदों के सम्मान में पूरे देश के पुलिस बलों द्वारा 21 अक्तूबर को पुलिस स्मारक दिवस के रूप में मनाया जाता है। चूँकि अक्तूबर के महीने में हाटस्प्रिंग्ज की तरफ जाने वाले सभी रास्ते भारी हिमपात के कारण बंद हो जाते हैं। अतः प्रति वर्ष सितम्बर माह में पूरे देश के पुलिस बलों की एक प्रतिनिधि टुकड़ी इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए हाटस्प्रिंग्ज जाती है।

इस वर्ष केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की ओर से इस टुकड़ी में शामिल शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका मुझे मिला। समुद्र तल से लगभग 16,000 फुट की ऊँचाई, हिमालय के बीहड़तम बंजर इलाके, जहाँ कि सर्दी में तापमान शून्य से 40 डिग्री तक नीचे चला जाता है, जहाँ आक्सीजन की 70 प्रतिशत तक कमी है, तथा दुर्गम इतना कि सामान्य स्थितियों में कोई यहाँ जाने का साहस तक न करे। सहसा यकीन नहीं होता कि इन स्थितियों में हमारे बहादुर साथियों ने निस्वार्थ भाव से अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान लुटा दी थी। मगर यह हम सब के लिए गर्व की बात थी कि किस प्रकार अभी भी विभिन्न बलों के कई जवान इस क्षेत्र की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्य को अंजाम दे रहे हैं।

पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न राज्यों तथा केंद्रीय पुलिस बलों के 13 सदस्यों की इस टुकड़ी ने जम्मू से 19 अगस्त को सड़क के रास्ते हाटस्प्रिंग्ज की तरफ प्रस्थान किया। ये टुकड़ी 25 अगस्त को लेह पहुँची। लगभग 11,365 फूट की इस ऊँचाई पर स्थित लेह के मौसम के अनुकूल स्वयं को ढालने के लिए हम 6 दिन तक यहाँ ठहरे और 1 सितम्बर को हम 13,600 फुट की इस ऊँचाई पर स्थित फोबरंग की तरफ निकल पड़े। 4 सितम्बर को हम पैदल तथा घोड़ो पर सवार होकर चट्टानों, झरनों तथा पर्वतों को पार करते अपने गंतव्य की ओर बढ़ चले। रास्ते में हम बाऊ, स्नेक और सालु स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस की पोस्टो पर रुके और अंततः 6 सितम्बर को हाटस्प्रिंग्ज पहुँचे।

इंटैलिजेंस ब्यूरो के उप-निदेशक श्री अंजन घोष के नेतृत्व में पुलिस दल ने 7 सितम्बर को अपने अमर शहीदों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सेना तथा वायु सेना अधिकारियों के अतिरिक्त भारत तिब्बत सीमा पुलिस के लेह स्थित सहायक निदेशक पी. एन. दीक्षित, भा. ति. सी. पु. की 3 बटालियन के कमांडेंट व अन्य अधिकारी भी शामिल थे। इन अमर शहीदों के प्रति हृदय में अपार सम्मान लिए हम लोगों ने उसी दिन हाटस्प्रिंग्ज से प्रस्थान कर दिया और 10 सितम्बर को फोबरंग पहुँच गए और चुसुल की तरफ बढ़ चले, जहाँ कि 1962 की जंग के हीरो मेजर शैतान सिंह ने चीनियों के दांत खट्टे करते हुए मातृभूमि की सेवा में अपने प्राण अर्पित कर दिये थे। हमने उनके स्मारक पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और इन स्मारकों की यात्रा का अविस्मरणीय अनुभव अपने मन में समेटे न्योमा के रास्ते लेह को लौट चले। लेह में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के अपने सहयोगियो से भावभीनी विदाई लेकर हम सभी अपने अपने गंतव्यों की ओर निकल गए।

माह अक्तूबर, 1990 में मृत बल के कार्मिक

माह अक्तूबर, 1990 में के. रि. पु. बल के निम्न कार्मिकों की मृत्यु हुई। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

नायक सिंघा राम (85 बटा), कां. बिहारी लाल ठाकुर (डी. आई. जी. कार्यालय,

श्रीनगर), नाइ सतीश कुमार (98 बटा.), वाड ब्वाय भिवानी सिंह (ग्रु. के. नीमच), कां. नरवेल सिंह (51 बटा.), ला. ना. सलाई कुडाडा (24 बटा.), द्वितीय कमान अधिकारी, आर. एस. कुहार बटा (2 बटा.), कां. बसंत गोडा (98 बटा.), नायक ड्राइवर कैसर अली (96 बटा.), कां. श्रीराम मिश्रा (ग्रु. के. मोकामाकाट), कां. राज कुमार (13 बटा.), नायक पी. वी. नारायणन (68 बटा.), नायक सतपाल सिंह (24 बटा.), नायक के. पी. त्रिपाठी (45 बटा.), कां. राजन बस्ती (18 बटा.), कां. जयपाल सिंह (71 बटा.), कां. टेलर फूल चंद (58 बटा.), का राम झलक (96 बटा.), उ. नि. ओम प्रकाश (84 बटा.), वाटर कैरियर के. मरियाना (ग्रु. के. सावड़ी), है. कां. डा. धर्म सिंह (48 बटा.), स. उ. नि. (मि.) एन. मल्लिकार्जुन प्रसाद (ग्रु. के. हैदराबाद), नायक डा. आर. डी. चौधरी (53 बटा.), और कां. धरनीधर नाथ (53 बटा.)।

जोखिम निधि लाभ

माह अक्तूबर, 1990 में मृत्यु के 18 मामलों में बल की जोखिम निधि से कुल 6,12,000 रुपये देने स्वीकृत किए गए। इस में केंद्रीय कल्याण निधि तथा केंद्रीय बेनेवल निधि की राशि भी शामिल है।

इसी प्रकार अक्षमता के 2 मामलों में 30,000 रुपये देने स्वीकृत किए गए।

शौर्यगाथाएं

8 के. रि. पु. बल कार्मिकों को शौर्यता पदक



क्रमशः बाएं से दाए - उपाधीक्षक रामपाल सिंह, स्व. कां. हीरालाल, नायक हरिहर यादव, कां. महेन्द्रपाल, गोपाल सिंह, तालिब हुसैन और स्व. कां. गुलफाम

पंजाब में आतंकवादियों के साथ हुई विभिन्न मुठभेड़ों में दिखाई गई वीरता और साहस के लिए भारत के राष्ट्रपति ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के चार कार्मिको को राष्ट्रपति के पुलिस पदक तथा चार कार्मिको को शौर्यवीरता के पुलिस पदको सम्मानित किया है। राष्ट्रपति के पुलिस पदक प्राप्त करने वाले कार्मिक हैं : सहायक कमांडेंट सुशील कुमार शर्मा (24 बटालियन), नायक हरिहर यादव (41 बटालियन), कांस्टेबल गुलफाम और कांस्टेबल हीरालाल यादव (दोनों 76 बटालियन), उपाधीक्षक रामपाल सिंह और कांस्टेबल गोपाल सिंह (दोनों 76 बटालियन), कांस्टेबल तालिब हुसैन (25 बटालियन) तथा कांस्टेबल मोहिंदर पाल सिंह (9 बटालियन) को

शौर्यवीरता के पुलिस पदक प्रदान किये गये हैं।

1 दिसंबर, 1988 को सूचना प्राप्त होने पर कि ग्राम गगुबुहा थाना झाबल में तीन खूंखार आतंकवादी छिपे हुए है, 24 बटालियन के सहायक कमांडेट सुशील कुमार शर्मा के निर्देशन में एक टुकड़ी संदिग्ध स्थल की ओर कूच कर गई। 25 बटालियन की एक टुकड़ी को भी उस ओर पहुँचने के निर्देश दिए गए।

श्री शर्मा के नेतृत्व में उस फार्म हाउस को घेरा ही जा रहा था कि श्री शर्मा ने तीन आतंकवादियों को भागते हुए देख लिया। रुकने के लिए ललकारने पर उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरु कर दी। पुलिस दल द्वारा गोलियों का जवाब देने पर आतंकवादी विभिन्न दिशाओं की ओर भागने लगे। श्री शर्मा ने अपने जवानों के साथ उनका पीछा किया। अंततः आतंकवादी एक भट्टे के पीछे छिपकर गोलियाँ चलाने लगे। पुलिस दल भी मोर्चा सम्भाल कर धीरे धीरे उस तरफ रेंगने लगा।

इसी बीच एक आतंकवादी गांव की ओर बच निकलने का प्रयास करने लगा, मगर कांस्टेबल तालिब हुसैन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए दौड़ कर उसका पीछा किया और अपनी कारबाईन से उस पर गोलियां चला दी।

फलस्वरूप वह आतंकवादी लौट कर फिर अपने स्थान पर आ गया। इसी प्रकार अन्य दो आतंकवादियों ने भी भागने का प्रयास किया जिसे श्री सुशील कुमार शर्मा तथा मोहिंदर पाल ने विफल कर दिया। इस प्रकार अब आंतकवादियों को दो तरफ से घेर लिया गया। इसी बीच 25 बटालियन तथा 78 बटालियन की एक टुकड़ी भी वहां पहुँच गई। अब आतंकवादियों पर संयुक्त रुप से हमला करने का निर्णय लिया गया। इस अंतिम हमले के बाद क्षेत्र की छानबीन में तीन आतंकवादियों के शव बरामद हुए, जिन की शिनाख्त बाद में सुरजीत सिंह उर्फ सीता, जोगिंदर सिंह उर्फ जब्ता और दलविंदर सिंह उर्फ जिन्दा के रुप में कर ली गई। इन पर कई पुलिस कर्मियों की हत्याओं तथा अन्य वारदातों के आरोप थे।

इस मुठभेड़ में दिखाई गई वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता के लिए सहायक कमांडेट सुशील कुमार, कांस्टेबल तालिब हुसैन तथा कांस्टेबल मोहिंदर पाल को यह पदक प्रदान किए गए।

1 दिसंबर, 1988 को आतंकवादियों की सूचना प्राप्त होने पर 10 और 76 बटालियन की एक टुकड़ी ने मजीठा जिले से ग्राम टपियाला में एक घर पर छापा मारा।

इनमें से एक दल ने खुंखार आतंकवादी मेजर सिंह के घर को घेर लिया। आत्मसर्मपण के लिए कहने पर घर के मुख्य द्वार से तीन व्यक्तियों ने बाहर निकल कर पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरु कर दी। पुलिस दल ने भी जवाब में गोलियां चलायी। इसी बीच एक आतंकवादी एक तरफ को भागने लगा। कांस्टेबल गुलफाम ने अपनी जान की परवा न करते हुए उस का पीछा कर उस पर गोलियां चलाई, मगर इसी बीच भागते हुए आतंकवादी की एक गोली उस की छाती में लग चुकी थी, मगर

वह फिर भी आतंकवादियों पर गोलियां चलाता रहा। परिणामतः इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, जिनकी बाद में मेजर सिंह और परगट सिंह के रूप में शिनाख्त कर ली गई। कांस्टेबल गुलफाम की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। इस मुठभेड़ में कांस्टेबल गुलफाम को उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता के लिए यह पदक दिया गया।

पुनिया बरनाला क्षेत्र में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर 27 अक्तूबर, 1988 को पट्टी वाल्टोहा राज-मार्ग पर एक घात लगाई गई। रात को स्वयं को चादरों में लपेटे 8 व्यक्ति पेड़ों के पीछे से निकले। जब पुलिस दल ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरु कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी फायर करने पर दो आतंकवादी नीचे गिर कर लुढ़कते हुए खेतो की तरफ निकल गए। नायक हरिहर यादव और कांस्टेबल पी. अजय कुमार ने उनका पीछा किया। आतंकवादियों ने उन पर गोली चलाई। इसी बीच जब नायक हरिहर यादव अपनी मैगजीन को बदलने का प्रयास कर रहे थे, तो एक आतंकवादी भागने लगा। मगर अपनी जान की परवा न करते हुए हरिहर उस पर झपट पड़े और उस की राइफल छीनने का प्रयास करने लगे। इस पर दूसरे आतंकवादी ने उन पर गोलियां चला दी। नायक हरिहर को 6 गोलियां लगी और वह गिर पड़े। यद्यपि आतंकवादी भाग निकला, मगर नायक हरिहर ए. के. 47 राइफल की भरी हुई मैगज़ीन को पकड़े रहा और इसे ले जाने नहीं दिया। इस मुठभेड़ में नायक हरिहर यादव द्वारा दिखाई गई उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता के लिए यह पदक प्रदान किया गया है।

12 सितंबर, 1988 को मध्य रात्रि के बाद 76 बटालियन के उपाधीक्षक रामपाल सिंह के नेतृत्व में एक टुकड़ी ने जोरा बाग के रास्ते में घात लगाई। थोड़ी देर बाद सामने से आते एक ट्रेक्टर को रुकने का संकेत दिया गया तो उस पर सवार आतंकवादियों ने भारी गोली-बारी शुरु कर दी।

उपाधीक्षक रामपाल सिंह ने तत्काल हैड कांस्टेबल हीरालाल यादव के साथ गोलियां चलाकर उन्हें रुकने के लिए मजबूर कर दिया। 110 मिनट तक गोली-बारी जारी रही। अपनी जान की परवा न करते हुए उपाधीक्षक रामपाल सिंह एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहे और उन्होंने एक आतंकवादी भी मार गिराया। भागने की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी का पीछा कर कांस्टेबल गोपाल सिंह ने उसे मार गिराया। उस मुठभेड़ में उपाधीक्षक रामपाल सिंह, हैड कांस्टेबल हीरालाल यादव और कांस्टेबल गोपाल सिंह द्वारा दिखाई गई उत्कृष्ट वीरता और साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता के लिए यह पदक दिये गये हैं।

महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के तीन अधिकारियों को जम्मु कश्मीर में उन के सराहनीय कार्यों के लिए के, रि. पु. बल के महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क से

सम्मानित किया गया है। ये सम्मान प्राप्त करने वाले अधिकारी हैं – 53 बटालियन के सहायक कमांडेट बी. के. टिक्कू, 50 बटालियन के उपाधीक्षक डा. एस. लक्खा और पी. जे. मोंहती तथा महानिदेशालय के उ. नि. /स्टेनो पी. पी. बख्शी।

महानिदेशक का प्रशंसा डिस्क वर्ष 1987 से शुरु किया गया था। इस का उद्देश्य बल के बहादुर, साहसी और ईमानदार कार्मिकों का मनोबल ऊँचा करना है। प्रोत्साहन देने के लिए कुछ महत्वपूर्ण आधारों, जैसे आपरेशन के दौरान प्राप्त विशिष्ट उपलब्धियों या प्राकृतिक आपदाओं में किए गए प्रशंसनीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में देश के लिए उत्कृष्ट उपलब्धियाँ या कोई ऐसा प्रतिभापूर्ण कार्य जिस से बल के कामकाज में उल्लेखनीय

वृद्धि हुई हो आदि बातों को ध्यान में रखा जाता है।

ज्ञान वर्षा

संस्कृति या यहाँ तक कि ईश्वर के बारे में सोचना मूर्खता है जबकि मानव भूखा हो और मर रहा हो।

नव निर्माण जीवन का चिन्ह है, न कि पुनरावृति या अनुकरण।

जो हर कार्य के लिए मरने के लिए तैयार है, उस का हारना बहुत मुश्किल से होता है।

श्रीनगर में के. रि .पु. बल

आतंक के घटाटोप में आशा की किरण

लेख – अनिल गुप्ता

चित्र – एस. के. खन्ना



“कश्मीर में उग्रवादियों ने जो हालात पैदा कर दिए हैं, उसमें स्थानीय नागरिकों के लिए और घाटी में फिर से अमन चैन बहाल करने के लिए एकमात्र उम्मीद सुरक्षा बलों से बंधती है।” कश्मीर की मौजूदा स्थिति का जायज़ा लेने गए दिल्ली के पत्रकारों ने घाटी में केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल की गतिविधियों का जायज़ा लेने के बाद यह निष्कर्ष निकाला। के. रि. पु. बल 1948 से ही जम्मू कश्मीर की आतंरिक सुरक्षा में जुटा है, लेकिन आतंकवाद को कुचलने के लिए 1990 में बल के जवानों को उत्तर-पूर्वी सीमा प्रांतो और दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश से अचानक उठाकर घाटी में लाया गया। तभी से घाटी की सुरक्षा का मुख्य भार केंद्रीय रिर्जव पुलिस के जवानों पर ही है।

अपनी रिपोर्ट में राजधानी के एक अखबार ने लिखा है “एक महिला बटालियन सहित 99 बटालियनों वाले सवा लाख जवानों के इस बल की प्रतिबद्धता को देखते हुए ही देश की सीमा से लगे घाटी प्रदेश की आतंरिक सुरक्षा का भार इसे सौंपा गया।”

5 सितम्बर 1990 की दोपहर जब एक विमान से राजधानी के संवाददाताओं का यह दल कश्मीर पहुंचा, तो धरती का स्वर्ग कही जाने वाली कश्मीर घाटी अपने पूरे निखार पर थी। ऊपर से देखने पर सब कुछ सामान्य दिखाई दे रहा था। राजधानी के सभी प्रमुख समाचारपत्रों तथा समाचार एजेंसियों के संवाददाताओं के साथ साथ दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के संवाददाता भी इस दल में शामिल थे।

हल्की बरसात की फुहारों के बीच जब विमान कश्मीर घाटी में उतरा, तो आसपास का माहौल दुनिया भर के पर्यटकों के जमघट के स्थान पर युद्ध क्षेत्र लग रहा था। पत्रकारों को कड़ी सुरक्षा के बीच 79 बटालियन के मुख्यालय तक ले जाया गया।

मुख्यालय में पत्रकारों को घाटी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की उपलब्धियों तथा अन्य कारनामों की जानकारी दी गई व आतंकवादियों से बरामद किए गए विध्वंसक हथियार व गोलीबारूद भी दिखाए गए। यह जानकारी पत्रकारों को दिए जाने के वक्त तक घाटी में केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल के 24 बहादुर जवान आतंकवादियों का सामना करते हुए शहीद हो चुके थे, जबकि 186 इन मुठभेड़ों में घायल हुए थे। मगर इन मुठभेड़ों में आठ आतंकवादी मारे गए और 180 को गिरफ्तार किया गया। आतंकवादियों द्वारा 234 बार के. रि. पु. बल के जवानों पर गोलाबारी की गई, 90 बार बम या ग्रेनेड फेंके गए, 9 बार राकेटों से हमला किया गया और 19 बार बल की टुकड़ियों पर घात लगाई गई। इन मुठभेड़ों में बल के जवानों ने आतंकवादियों से 71 ए. के. -47 राइफलों, 92 पिस्तौलों व राइफलों, तीन राकेट लाचरों सहित कई अन्य घातक हथियार व भारी संख्या में गोला बारूद भी बरामद किया।

बरामद हथियारों में कुछ चीन में बने थे, तो कुछ पाकिस्तान में, कुछ फ्रांस में और कुछ अन्य देशों में। इन में स्प्रिंग फील्ड राइफलें थी तो डुम टाइप कही जाने वाली मशीनगनें भी। राकेट भी थे और राकेट लांचर भी। दूरबीनें भी थी और आधुकितम वायरलैस सैट भी। चीन में बनी स्टेनगनें थी तो अनेक पिस्तौलें और रिवाल्वर ऐसे भी थे, जिन पर लिखी इबारत खुरच दी गई थी। टैंको को उड़ा देने वाली सुरंगें थी, तो डिब्बों में बनाये गए अत्यधिक खतरनाक बम भी।


बाद में पत्रकारों को बल के जवानों की कार्यशैली और परिस्थितियों से अवगत कराने के लिए शहर का दौरा भी कराया गया । पत्रकार बल के जवानों की मुस्तैदी और उपलब्धियों से बेहद प्रभावित थे और अपने अपने अखबारों में उन्होंने बल की प्रशंसा में यह लिखा भी।

दो दिन के इस संक्षिप्त दौरे के दौरान श्रीनगर में बल के परिचालन महानिरीक्षक श्री डी. डी. गुप्ता, स्वयं पत्रकारों को जानकारी देते रहे। उन्होंने औपचारिक रूप से पत्रकारों को संबोधित भी किया। पत्रकारों के साथ हुई उनकी बातचीत का संक्षिप्त ब्यौरा इस प्रकार है।

महानिरीक्षक श्री डी. डी. गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि जब हमारे जवान घाटी के लोगों की मदद के लिए भी जाते हैं, तो उन्हें जवाब मिलता है कि आप हमारे घर न आया करो। आतंकवादी हमें पुलिस का आदमी समझ कर मार देंगे। यही कारण है कि जब हमारे जवानों को देश के विभिन्न भागों से एकत्र कर घाटी की सुरक्षा का भार सौंपा गया था तो उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। जवानों को मैदानी इलाकों से लाकर बर्फीली घाटियों की सुरक्षा का भार दिया गया था। उन्हें अपना सूचना तंत्र तैयार करना था। आम जनता दोनों ओर से भयभीत थी। फिर भी हम आतंकवाद की कमर तोड़ने में सफल रहे।

“आतंकवादियों का मनोबल गिर रहा है। हमारे जवानों का मनोबल बढ़ रहा है। यही वजह है कि लगातार घातक हमले होने पर भी हमारे जवान अपनी ड्यूटी छोड़ने

के लिए तैयार नहीं हैं।”



डल झील में सतत चौकस दल का एक जवान

श्री गुप्ता का कहना था कि हमारे जवान नवम्बर तक आतंकवादियों पर अपना दबाव बनाये रखेंगे। इसके बाद घाटी की बर्फीली वादियों में छिपना आतंकवादियों के लिए कठिन हो जाएगा, क्योंकि तब बर्फ के कारण हरियाली कम हो जाएगी।

कश्मीर की वादियों से साग और बैंगन

दिल्ली से कश्मीर गया पत्रकारों का दल 6 सितम्बर, 1990 को लौट रहा था। सुरक्षा के नाम पर घाटी का माहौल दिखाने के बाद के. रि. पु. बल के उप-महानिरीक्षक स्वयं पत्रकारों को हवाई अड्डे तक ले जा रहे थे। स्टेनगन और ए. के. 47 राइफलों को मुस्तैदी से पकड़े के. रि. पु. बल के जवानों की छः गाड़ियाँ पत्रकारों की गाड़ियों को घेरे चल रही थी।

तभी अचानक उप-महानिरीक्षक साहब की गाड़ी को ब्रेक लगा और उन की गाडी रुकते ही पीछे की सातों गाड़ियाँ एक झटके से रुक गई। जवानों ने अपनी गाडियों से उतर कर बाघ की फुर्ती से सड़क के दोनों ओर पोजिशन ले ली।

पत्रकार अनुमान लगाने लगे कि शायद आगे कुछ हो गया है। धमाके की कोई आवाज भी नहीं। गोलियों की तड़ातड़ भी नहीं। तभी एक पत्रकार ने अनुमान से कहा, "वायरलैस पर कुछ सूचना आयी होगी।" काफिला बाजार में खड़ा था। सभी दुकानों के शटर गिरे थे। केवल एक दुकान खुली थी, वह भी सब्जी की। आगे की गाड़ी से एक छोटा अफसर उतर कर भागता हुआ आया और दुकान में बैठे आदमी से कुछ कहा और फिर पत्रकारों की गाड़ी के पास आकर बोला, "साब ने कहा है 'साग' लेना हो तो ले लें।"

पत्रकारों के मुँह से निकला, 'साग' लेकिन तभी उनमें से एक पत्रकार तेज़ी से नीचे उतरा और सब्ज़ी वाली दुकान की ओर लपका, उसी के पीछे उसका एक और साथी उतरा।

तनाव का माहौल। चारों ओर केंद्रीय रिर्ज़व पुलिस बल के जवान पोजीशन लिए खड़े थे। कहीं से भी तड़तड़ की आवाज़ के साथ गोलियाँ गूंज सकती थी। लगभग बीस मिनट बाद दोनों पत्रकार गाड़ी की तरफ लौटे। एक के हाथ में बोरी में लिपटी सरसों की ताजा हरी पत्तियाँ थी, तो दूसरे के हाथ में पोलीथीन बैग के अंदर बैंगन।

उस माहौल में खरीदी गई सब्ज़ी देखकर सख्त चेहरे वाले जवानों के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। गाड़ी के अंदर बैठते हुए उन्हें देखकर उनके साथियों ने कहा, "वाह, क्या बात है। कश्मीर की वादियों से खूबसूरत फूलों के गुच्छे और केसर न सही, एक किलो बैंगन ही सही, चलेगा।"

सुन कर गाड़ी में बैठे स्टेनगनधारी जवान की मुस्कराहट ठहाके में बदल गई और उसके साथ गूँजा पत्रकारों का जोरदार ठहाका। गाड़ियाँ अब हवाईअड्डे की ओर दौड़ रही थी

उप-महानिरीक्षक ने ऐसे माहौल में भी दिल्ली के कुछ पत्रकारों को “साग” और “बैंगन” खरीदने की फरमाइश पूरी कर दी थी।

—नवभारत टाइम्स से साभार



डल झील में पैट्रोल ड्यूटी पर बल का जवान



श्रीनगर, लालचौक में वाहनों की तलाशी



श्रीनगर स्थित होटल सेंटूर के. रि. पु. बल के जवानों की निगरानी में

पत्रकारों ने जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक श्री. जे. एन. सक्सेना से भी बात की। श्री. सक्सेना ने पत्रकारों को बताया कि घाटी के लगभग पाँच हज़ार युवक लापता हैं। वे पाकिस्तान में प्रशिक्षण और गोला बारूद लेने गए हैं, लेकिन सीमा पर सख्ती हो जाने के कारण वे घाटी में लौट नहीं सके। श्री सक्सेना ने सुरक्षा बलों के जवानों पर लगाए जा रहे आरोपों का भी खंडन किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा सख्ती किए जाने के कारण ही उन पर हत्याओं और बलात्कार के आरोप लग रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई शिकायत मिलने पर वे उसकी जाँच भी करते हैं और दोषी जवानों के विरुद्ध कार्यवाही भी।

बहरहाल आज घाटी के झर झर बहते झरनों की कलकल सुनने के लिए कोई सैलानी वहां मौजूद नहीं है। ऐसा लगता है घाटी की सारी रौनक आतंकवादियों के भय से लाडली बेटी की तरह किसी अदृश्य कोने में जा कर छुप गई है। और घाटी को उसकी यह रौनक चहचहाते स्थानीय लोगों और देशी विदेशी सैलानियों के सैलाब के रूप में लौटा देने की काफी कुछ जिम्मेदारी आज केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल के कंधों पर ही है। और राजधानी वापस लौटे पत्रकारों में से अधिकांश का यह मानना था कि घाटी में तैनात बल के हर जवान के चेहरे पर इस जिम्मेदारी के अहसास की छाप स्पष्ट देखी जा सकती है। पत्रकारों के ये उद्गार घाटी में तैनात बल के जवानों की अपने कर्त्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता का ही प्रतीक है।

दिल्ली में टीका केंद्र

महानिदेशक उत्तरी क्षेत्र के स्टाफ कैंप आर. के. पुरम, नई दिल्ली में बेस अस्पताल-1 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देख-रेख में एक महानिदेशालय चिकित्सालय काम कर रहा है। इस अस्पताल की स्थापना महानिदेशालय, महानिरीक्षक तथा उप-महानिरीक्षक कार्यालय और दिल्ली स्थित बल की अन्य युनिटों के सदस्यों तथा उनके परिवारों को ओ. पी. डी. सुविधाएँ प्रदान करने के लिए की गई थी। इस अस्पताल में बेस अस्पताल के विशेषज्ञ अकसर दौरा करते हैं। प्रयोगशाला, एक्सरे तथा लगभग सभी | फिजियोथैरेपी सुविधाएँ इस अस्पताल में उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं में और अधिक विस्तार करने की दृष्टि से 25 अक्तूबर से यहाँ बच्चों के लिए एक टीका केन्द्र की स्थापना की गई है। इस टीका केन्द्र में बच्चों को चेचक, डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खाँसी, पोलियो तथा बी. सी. जी. के टीके लगाए जा सकेंगे। गर्भवती महिलाओं को टिटनेस का टीका लगाने का प्रबन्ध भी यहाँ है। आर. के. पुरम में इस सुविधा के कारण दिल्ली स्थित बल के कार्मिक बड़ी संख्या में लाभ उठा सकेंगे।

समाचार

निबन्ध प्रतियोगिता

महानिदेशालय, के. रि. पु. बल की ओर से आंतरिक सुरक्षा अकादमी, के. रि. पु. बल, आबू पर्वत डा. भीम राव अम्बेडकर के जीवन और योगदान पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है।

हिन्दी में निबन्ध का विषय है :

“डा. भीम राव अम्बेडकर का जीवन और योगदान”।

अंग्रेजी में निबन्ध का विषय है :

"Life and contributions of Dr. Bhim Rao Ambedkar"

इस प्रतियोगिता में के. रि. पु. बल के सभी सदस्य, जिनमें अन्य संगठनों में प्रतिनियुक्त व्यक्ति भी शामिल हैं, भाग लेने के पात्र हैं।

हिन्दी और अंग्रेजी में निबन्धों के मूल्यांकन के लिए एक मूल्यांकन सीमित होगी। निदेशक, आ. सु. अ. द्वारा नामित तीन सुविख्यात शिक्षा-शास्त्री इस समिति में शामिल होंगे। निदेशक, आ. सु. अ. इस समिति के संयोजक होंगे।

किसी भी प्रतियोगी की पात्रता से संबधित सभी प्रश्नों का निर्णय समिति द्वारा किया जाएगा।

(क) निबन्ध हिन्दी अथवा अंग्रेजी में प्रस्तुत किया जाना चाहिये।

(ख) यह स्वरचित होना चाहिये।

(ग) निबन्ध 5000 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये। यह कागज के बाई तरफ 3.75 सें. मी. का हाशिया छोड़कर कागज के एक तरफ ही (डबल स्पेस) में टाइप होना चाहिये।

(घ) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निबन्ध की 5 प्रतियां प्रस्तुत की जायें।

(ङ) पृष्ठों पर क्रमानुसार पृष्ठ संख्या अंकित हो और उन्हें ठीक ढंग से क्लिप अथवा स्टेपल किया जाये।

(च) यदि कहीं किसी लेख / पुस्तक का कोई संदर्भ दिया जाता है तो पाद टिप्पणी (फुट नोट) में शीर्षक व पृष्ठ संख्या को अवश्य उद्धत किया जाए।

इन नियमों के अनुरुप न पाई जाने वाली किसी भी प्रविष्टि को रद्द करने का समिति के पास सर्वाधिकार सुरक्षित है। यदि किसी पुरस्कृत प्रविष्टि के संबंध में समिति को बाद में ज्ञात होता है कि वह इन नियमों के विरुद्ध थी तो ऐसी अवहेलना करने वाले के खिलाफ मूल्यांकन समिति को जैसा कि वह उचित समझे, कार्रवाई करने का अधिकार होगा।

प्रतियोगी द्वारा निबन्ध अपने संबंधित कार्यालय प्रमुख को प्रस्तुत किया जाना चाहिये, जो निश्चित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक अथवा रिकार्डिड डिलीवरी द्वारा उसे सर्वश्रेष्ठ निबन्ध से चयनार्थ प्रतियोगिता समिति के संयोजक (निदेशक-आसुअ, आबू पर्वत, राजस्थान, पिन : 307501) को भेजेंगे। प्रत्येक निबन्ध के साथ एक पत्र संलग्न किया जाना चाहिये जिसमें प्रतियोगी का नाम, रैंक और कार्यालय पता आदि विवरण दिया हुआ हो। निबन्ध निदेशक, आसुअ के पास 31 जनवरी, 1991 तक अवश्य पहुँच जाना चाहिये। इस तिथि के बाद प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों के लेखकों को महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क / नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जिसकी अलग से घोषणा की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए

प्रस्तुत किया गया कोई भी निबन्ध महानिदेशक, के. रि. पु. बल द्वारा प्रकाशित किया जा सकेगा और प्रकाशित निबन्ध का स्वत्वाधिकार (कॉपीराइट) महानिदेशालय के अधिकार में होगा। प्रतियोगिता के लिए प्राप्त निबन्ध प्रतियोगियों को लौटाए नहीं जाएंगे।

समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एवं इसके बाद निर्णय के विरुद्ध कोई अपील स्वीकार्य नहीं होगी।

ज्ञान वर्षा

स्वयं में समाहित करने की मानव में अपार शक्ति है।

आक्रमण का सामना करना चाहिये क्योंकि उस से शांति भंग होती है।

कर्ज लेना मूर्खता है यदि उस के भुगतान के साधन या योग्यता न हो।

शिकायत करना बड़ा आसान है परंतु बिना पूरी छानबीन के उस पर भरोसा करना बड़ा खतरनाक है।

के.रि.पु.बल द्वारा भव्य प्रदर्शन



उत्सव में प्रस्तुत बल की एक झांकी

केरल सरकार द्वारा एक सप्ताह तक चले ओनम समारोहों के 8 सितंबर, 1990 को समापन कार्यक्रमों में के. रि. पु. बल की आर. टी. सी. -3 के कार्मिकों ने भी काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

केरल सरकार से निमन्त्रण प्राप्त होने पर पल्लीपुरम स्थित आर. टी. सी के कार्मिकों और रंगरूटों ने अपूर्व उत्साह का परिचय देते हुए कार्यक्रमों की तैयारी शुरु कर दी। बल के कार्मिकों ने इस अवसर पर भागडा आदिवासी नृत्य लेसियम और बिह नृत्य के अतिरिक्त आकर्षक झांकियाँ भी निकाली। बल के जवानों के प्रदर्शन की पूरे देश तथा विदेशों से आए पर्यटको ने भरपूर प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम के दौरान केरल के राज्यपाल डा. स्वरुप सिंह, मुख्यमत्री ई. के. नायनार मंत्रिगण तथा कई विदेशी प्रतिनिधि और पर्यटक मौजूद थे।

बल की टीम के प्रदर्शन को देखते हुए केरल सरकार द्वारा उसे विशेंष पुरस्कार प्रदान किया गया।

बाद में इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर केरल हिन्दी प्रचार सभा ने अपने हिन्दी सप्ताह के दौरान भी बल की टीम को अपना प्रदर्शन करने के लिए आमन्त्रित किया। इस अवसर पर भी बल की टीम ने एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के दौरान राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंन्त्री और मंत्रियों के अलावा अन्य

कइ गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे ।

संस्मरण

सफरनामा

निर्मलसिंह ढिल्लन

51 बटालियन

“गुज़ारी थी खुशी की चन्द घड़ियाँ उन्ही की याद अब मेरी ज़िन्दगी है।”

पाठकों से अनुरोध है कि वह कहीं यह अनुमान न लगा लें कि इस लेख में, मैं अपनी आत्मकथा कहने या अपनी तारीफ करने जा रहा हूँ। मेरा विचार सिर्फ अपने छोटे से सी. आर. पी. एफ. के सफर के अनुभव के बारे में आप लोगों को परिचय देना है।

बात 25 मार्च 1957 की सुबह की ह. जब मेरा दोस्त मुझे यह बताने के लिए आया कि आज पठानकोट में भर्ती है। हम लोग अपने कालेज जाने की बजाय सीधे पठानकोट पहुँच गए। उस समय तक हम लोगों को यह भी ज्ञात नही था कि भर्ती किस विभाग की है। जिस समय हम लोग रोजगार कार्यालय पठानकोट में पहुँचे तो देखा कि एक अच्छा खासा मेला लगा हुआ था, जिसमें पूरे पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश के लगभग 5 हजार नौजवान अपने भाग्य को आजमाने के लिए वहाँ पर पहुँचे हुए थे। कुछ समय के बाद वहाँ पर एक जीप में कुछ लोग वर्दी में पहुँचे, और पता चला कि सी. आर. पी. एफ. की तीन नयी बटालियनें खड़ी हो रही है जो कि विशेषकर जम्मू और कश्मीर के लिए होगी।

जो व्यक्ति वर्दी में थे उनमें से एक व्यक्ति थे ले. कर्नल के. एस. रावत जो बाद में चाचा रावत के नाम से प्रसिद्ध हुए। वे उस समय सेना से सीधे आये थे। उनकी वेश-भूषा तब तक सेना की थी, जिनके जिम्मे तृतीय बटालियन सी. आर. पी. एफ. जम्म कश्मीर की भर्ती तथा उन्हें प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यही तृतीय बटालियन (जम्मू कश्मीर) बाद में छठी बटालियन, सी. आर. पी. एफ. बनी । श्री एम. एम. भार्गव, पुलिस उपाधीक्षक, उस समय ले. कर्नल रावत के साथ भर्ती के लिए आये हुए थे।

सुबह से शाम तक की छान बीन के पश्चात लगभग 50 व्यक्ति भर्ती के लिए छाटे गये, जिनमें से करीब 20 व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक थे तथा 10 व्यक्ति अनुचर के लिए थे, केवल 20 व्यक्ति नये रिक्रूट के तौर पर थे। शाम के समय पूरी भर्ती की कार्यवाही समाप्त होने के बाद चाचा रावत ने हम लोगों को मोटे तौर पर सी. आर. पी. एफ. के बारे में एक अच्छा खासा भाषण दिया तथा बताया कि अभी शाम की गाड़ी से आप

लोग नीमच के लिए रवाना होंगे, तब हम लोगों ने उनसे निवेदन किया कि अभी हम लोगों के पास कोई भी सामान सफर के लिए उपलब्ध नहीं है और न ही हम लोग अपने घर वालों को बता कर आये हैं कि हम भर्ती होने जा रहे हैं, इसलिए अगर हो सके तो हमारा सफर कल तक के लिए मुल्तवी कर दिया जाए। कल शाम तक हम लोग अपना सामान लेकर व घर वालों से विदा लेकर इसी स्थान पर उपस्थित हो जायेगे। जैसे तैसे चाचा रावत हम लोगों के अनुनय आग्रह पर सहमत हो गये तथा हमारा सफर हम लोगों की इच्छा के अनुरूप

25 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

अगले दिन सभी लोग बताए हुए स्थान पर पहुँच गये, वहाँ से शुरू हुआ हमारी जिन्दगी का, सी. आर. पी. एफ. का सफर। दिल्ली, अजमेर होते हुए हमारी पार्टी रेल द्वारा नीमच पहुँच गई। वहाँ पर रेलवे स्टेशन पर ही सी. आर. पी. एफ. की गाड़ियाँ हमें लेने के लिए आई हुई थी, उनमें बैठ कर हम लोग विक्टोरिया बैरक में पहुँचे, जिसकी छवि आज भी हम लोगों है की आखों के सामने घूमती है। उस समय सी आर पी. एफ. की प्रथम एवं द्वितीय बटालियन नीमच में थी और तृतीय बटालियन हम लोगों के पहुँचने से कुछ ही महीने पूर्व अपने हेडक्वाटर सहित अजमेर के लिए प्रस्थान कर गई थी। उस समय नीमच में एक छोटा सा चिकित्सालय तथा । एक बेतार केन्द्र था जो कि पी. आर. ओ. के अधीन कार्य करता था। यह जो तीन बटालियने जिनकी भर्ती जम्मू तथा कश्मीर के लिए की गई थी उसमें प्रथम व द्वितीय,

बाद में जाकर भरतपुर में चौथी तथा पाँचवीं बटालियन सी आर पी. एफ. बनी तथा तृतीय बटालियन नीमच में छठी सी. आर पी. एफ. बनी। उस समय हमारे अपने कोई पुलिस महानिरीक्षक तथा उप-महानिरीक्षक नहीं थे। श्री पी. एल. मेहता जो कि दिल्ली पुलिस के पुलिस महानिरीक्षक थे तथा श्री वी. वी. मिश्रा अजमेर, राजस्थान के पुलिस उप-महानिरीक्षक के अधीन एवं नियंत्रण में सी. आर. पी. एफ. कार्य करती थी, बस वही था उस समय छोटा सा परिवार।

नीमच पहुँचने के पश्चात हमारी बटालियन का बडे जोर शोर से प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ जो कि लगातार एक वर्ष तक चला। उस समय नीमच छावनी की जलवायु तथा आवास ने हम लोगों के दिलों पर ऐसी छाप छोड़ी जो आज तक भुलाने से भी नहीं भुलाई जा सकती। अभी प्रशिक्षण आरम्भ हुए दो महीने भी नहीं हुए थे कि भारत सरकार की तरफ से आदेश मिला कि यह तीनों नयी बटालियनें जो प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय जम्मू-कश्मीर के नाम से खड़ी की गई थी, चौथी, पाँचवी तथा छठी सी. आर. पी. एफ. होंगी। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद हमारी एक छोटी सी फौज की भूमिका परिवर्तित हो गयी, जो सी. आर. पी. एफ. पहले रियासतों में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनात की जाती थी, उसको अब पूर्वोत्तर क्षेत्र में विरोधियों का सामना करना पड़ा तथा जम्मू-कश्मीर में सीमा क्षेत्र की देख-रेख का दायित्व सौंपा गया, जो आगे जाकर सीमा सुरक्षा बल के अधीन दिया गया। 21 अक्तूबर, 1959 का दिन हमारे इस महान बल के इतिहास में एक नया कीर्तिमान बन

कर उभरा, इसी दिन चीन ने हमारे बल की एक छोटी सी टुकड़ी के ऊपर घात लगा कर हमला किया जिसमें हमारे बल के 10 जवानों ने अपने जीवन का बलिदान हँसते हँसते किया। यह वही दिन है जो कि आज भी सम्पूर्ण भारत में पुलिस शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। देखते ही देखते अक्तूबर 1962 में चीन ने हमारी सीमाओं पर भयंकर आक्रमण किया, अपनी देश की सीमाओं को बचाए रखने एवं उसकी सुरक्षा के लिए फौजी जवानों के साथ-साथ हमारी फार्स ने भी अपना खून बहाने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

इस अकस्मात धक्के को अभी पूरी तरह से सह भी न पाये थे कि सन 1965 में पाकिस्तान ने नियोजित ढंग सी घुसपैठियों को कश्मीर में भेज कर साथ ही एक बड़ा आक्रमण किया। उस समय भी हमारी छोटी सी फोर्स, जो अब तक 15 बटालियनों की संख्या में तकरीबन जवान हो चुकी थी, कश्मीर सीमा पर भारतीय सेनाओं के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर पाकिस्तान से लड़ी, जिसमें जवानों को बहादुरी के लिए तमगे भी मिलें और इस छोटी सी फोर्स की प्रशंसा सारे देश में फैल गई।

पाकिस्तान के इस आक्रमण के समाप्त होने पर ही भारत सरकार ने सीमाओं की सुरक्षा के लिए अलग से फोर्स बनाने का निर्णय लिया, जिसके फलस्वरुप सीमा सुरक्षा बल को अपने मौजूदा स्वरुप में तैयार किया गया और हम लोगों ने सीमा का भार सीमा सुरक्षा बल के सुपुर्द करने के पश्चात थोड़ी सी आराम की सांस ली, परन्तु इस पर भी हमारा यह सफर रुका नहीं, क्योकि पूर्वोत्तर सीमाओं पर बसे छोटे छोटे राज्यों नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में विद्रोहियों की गतिविधियों की आग जोरों से भड़की जिसके परिणामस्वरुप हम लोगों का सफर और लम्बा हुआ और उस भड़कती हुई आग में पूरी फोर्स को पक्के इरादे के साथ लम्बे समय तक जूझना पड़ा। इसी के अन्तर्गत बंगाल तथा आन्ध्रप्रदेश में नक्सलवादियों ने भी हमारी इस फोर्स को काफी परेशान किया।

देखते ही देखते 1967 में इस फोर्स में एक बहुत बड़ा तूफान आया, जिसके फलस्वरुप इस छोटी सी फोर्स का आकार काफी बड़ा हो गया। इसमें राज्यों की सशस्त्र पुलिस की बटालियनों को शामिल कर इसकी संख्या 60 बटालियन तक हो गई। इसी के साथ इस फोर्स में एक नया परिवर्तन आया, जिसके कारण 3 या 4 बटालियनों के लिए एक ग्रुप केन्द्र की स्थापना की गई, जिसके अन्तर्गत बल के जवानों के लिए परिवार के साथ रहने के लिए आवास की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई।

फिर एक बार पाकिस्तान के साथ जंग छिड़ा जिसके परिणामस्वरुप पाकिस्तान दो टुकड़ों में विभाजित हो गया। उस समय भी हमारे बल के जवानों का उल्लास देखते ही बनता था, तथा उन्होने अपने हर दायित्व को बड़ी निष्ठा के साथ निभाया। इसके बाद असम में आन्दोलन की बारी आयी जो शुरु शुरु में काफी हद तक शान्ति पूर्ण रहा लेकिन अन्त में जाकर नैली जैसे विष्फोटक काण्ड से इसका अन्त हुआ तथा इसके बाद पंजाब जो हमेशा से शाति का पजारी एवं प्रतीक माना जाता था, उसमें भी

अकाली आन्दोलनों ने भयानक रूप धारण किया जो अभी शात होने पर नहीं है। हमारे सैकड़ों भाई इस धरती पर अपने खून की नदियाँ बहा चुके हैं। अब कश्मीर में फिर 1955 या 1971 वाली परिस्थितियाँ बनती जा रही हैं।

अब जैसा कि सी. आर. पी. एफ. के साथ मेरा यह छोटा सा सफर समाप्त होने को है, इससे पहले कि बचा हुआ सफर पूरा करूँ, मैं उन सब साथियों के लिए अपनी

श्रद्धान्जली अर्पित करता हूँ, जिन्होने अपने देश की खातिर अपने प्राणों की आहूति दी है।

कविता

नए जवानों को सलाम


मुबारक हो ये बंदगी ऐ मेरे नौजवान
तुम्ही से है ये जिंदगी, है ये वतन की शान।

न रुकेगें कभी नजाकत से ये हसी कदम
तू आंधियों में मुस्कराए हर खुशी हर दम,
सदा रहेगा आबाद तू , है ये वीरता महान।
मुबारक हो ये बंदगी, ऐ मेरे नौजवान।

तू रोशनी का ताज है, हर किसी के वास्ते
झूम उठी है ये बहार बन के तेरे वास्ते,
हर कोई तुझे पुकारे सारा जहाँ, ये आसमाँ।
मुबारक हो ये बंदगी, ऐ मेरे नौजवान।

आजादी के पथ पे तूने अपना खून बहाया
लगाकर अपनी जान की बाजी अपना फर्ज निभाया
कौन मिटाए तेरी हँसी, तू ही है बलवान।
मुबारक हो ये बंदगी, ऐ मेरे नौजवान।

- सिपाही एस. एस. जगतार
37 बटालियन



फुरसत के लिए

महत्त्व

सब्जी में मसाले का।
ताले में कुँजी का।
रिश्ते में साले का।
खेल में मदारी का।
भारत में नारी का।
कवियों में बिहारी का।
मुसलमानों में कुरान का।
संसार में विज्ञान का।
नपाई में फीते का।
वेदों में गीता का।
नारियों में सीता का।
रणभूमि में वीरों का।
फिल्म में हीरो का।
गिनतियों में ज़ीरो का।
ज़ख्म में पट्टी का।
बचपन में घुट्टी का।
फौज में छुट्टी का।
विवाह में डोली का।
नीलामी में बोली का।
सीमा पे गोली का।
फौज में लिपाई का।
स्कूल में पढ़ाई का।

साड़ी में कढ़ाइ का।
परिवार में सन्तान का।
खेत में किसान का।
फौज में जवान का।
राजनीति में सिंहासन का।
महाभारत में दुःशासन का।
फौज में अनुशासन का।
बड़ा ही महत्व है।

- सिपाही जगमोहन सिंह
53 बटालियन

गज़ल

यह कैसी आग है जो घरों को जला रही है
यह कैसी दहशत है जो दिलों में समा रही है
यहां हर भाई, भाई के फूल चुनता है
और अस्थिकलश में भी अब
भाई चारे का अंश कहां मिलता है
हैवानियत के जनून से,
इस देश की सरहद पर
एक और शहीदे मज़ार बनता है।
इंसानियत के दुश्मन
हैं भले थोड़े ही,
कर रहे हैं खोखला
इस चमन को लेकिन।
रोता है कवि मन यह

सोच कर कि क्या
वर्तमान रह जाएगा वंचित
भविष्य की गोद से भी।

- तृप्ति शर्मा

सूत्र वाक्य

हिंसा से हिंसा ही पैदा होती है।

जनता की कला उस के दिमाग का दर्पण है।

सच्ची क्रांति से पैदा होने वाली शक्ति हमेशा जोरदार होती है।




पश्चिम क्षेत्र पुलिस खेलों की विजेता टीम के कोच/कप्तान महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर के साथ

रजि. न. 47167/87



सी.आर.पी.एफ.
समाचार

खंड - III अंक - 8 31 दिसंबर, 1990 10 पौष, शक 1912



एक जवान की आश्रिता को चेक भेंट करते प्रधान मंत्री

-छाया -डी. एन. तिवारी

सी आर पी एफ समाचार

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की मासिक पत्रिका

सम्पादकीय

वर्ष, 1990 के लिए यह हमारा आखिरी समाचार है । वर्ष, 1990 हमारे लिए कई मामलों में महत्वपूर्ण रहा है । जहां तक आपरेशनस् का संबंध है, इस वर्ष हमने जम्मू कश्मीर और पंजाब में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की। राम जन्म भूमि विवाद को लेकर उभरी तनावपूर्ण स्थिति को संभालने में भी हमें काफी व्यस्त रहना पड़ा । चल रहे दिनों में पूरे देश में व्याप्त साम्प्रदायिकता के अंधकार को छितराने का भी काफी कुछ जिम्मा हमें ही सौपा गया। पंजाब और कश्मीर में हमने कई नामी आतंकवादियों को पकड़ कर हालात सामान्य बनाने की कोशिश की, तो अयोध्या में विवादित मस्जिद को उड़ाने के प्रयास को विफल कर हमारे दो जवानों ने बहुत बड़ी अनहोनी को टाल दिया। हमेशा की तरह साम्प्रदायिक दंगों के समय हमारे बल की मांग जहां हमारे प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक है, वहीं इस विश्वास को बनाए रखने के लिए हमारे जवानों ने भी कोई कसर बाकि नहीं छोड़ी है। इस वर्ष आतंकवादियों का सामना करते हुए हमारे 70 जवान शहीद हुए और 594 बुरी तरह घायल, मगर हमारी उपलब्धियों का आंकड़ा इस से कहीं बड़ा है, इस वर्ष हमारे जवानों ने देश भर में 2830 आंतकवादियों को गिरफ्तार किया, जब कि 470 आतंकवादी विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए व 111 घायल हुए।

हमें अपने जवानों की बहादुरी पर गर्व है। हम उन परिवारों के दुःख में बराबर शरीक है, जिन्होंने अपने सदस्यों को एक बड़े उद्देश्य की खातिर खोया है। पूरे विभाग की संवेदनाएं उनके साथ है ।

यह वर्ष और कई मामलों में भी हमारे लिए महत्वपूर्ण रहा है। हमारे पूर्व महानिदेशक महोदय श्री पी. जी. हलर्नकर ने इस वर्ष 30 सितंबर को अवकाश ग्रहण किया। यह हमारे लिए काफी भावभीना मौका था। इस के साथ ही इसी महिने दिसम्बर में जब श्री के. पी. एस. गिल ने बल के महानिदेशक का पदभार संभाला तो, पूरे बल ने एक गर्वानुभूति के साथ उन का स्वागत किया। श्री गिल बल के लिए नए व्यक्ति नहीं है। वह बल को अच्छी तरह जानते समझते हैं, हम आशा करते हैं कि श्री गिल के कार्यकाल में बल सफलता के और नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। श्री गिल के साथ ही श्री आर. एस. वढेरा ने भी बल के अपर महानिदेशक का पद भार संभाला है। हम इन नियुक्तियों को बल के लिए नव वर्ष का उपहार मानते है। हां, इस सब के बीच में एक कमी हमें जरुर खलेगी और वह है श्री पी. एस. भिंडर की। श्री पी. एस. भिंडर की छाप बल के सदस्यों के दिलों पर लम्बे समय तक रहेगी। श्री भिंडर ने बल से विदाई लेने के बाद के. औ. सुरक्षा बल के महानिदेशक का पद भार संभाल लिया है। हम उन्हें उनकी इस नई नियुक्ति पर बधाई भी देते हैं।

आइए वर्ष के इस अंतिम माह में हम, वर्ष 1990 की आपनी उपलब्धियों और क्षतियों के विषय में सोचें। हर क्षति से सबक लें और उपलब्धियों से प्रेरणा। आने वाले

वर्ष की हर सुबह हमारे जवानों के सामने सफलता और आशा का एक नया संदेश ले कर आए। देश में शांति और अमन कायम हो। यही हमारा ध्येय है, यही हमारा लक्ष्य है और यही हमारा कर्म है। हम इस कर्म पथ पर बने रहें, हमें हमारे लक्ष्य की शीघ्र प्राप्ति हो, हमारा ध्येय सिद्ध हो, नव वर्ष की पूर्व संध्या पर इसी मंगल कामना के साथ।

आपका

अरविन्द शर्मा

(ए. एन. शर्मा)

संदेश




प्रिय अधिकारियों और जवानों, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मेरे लिए कोई नया नहीं है । बल में महानिदेशक के पद पर नियुक्ति मुझे जहां एक ओर घर वापसी की तरह लग रही है, वहीं इस विशाल, गौरवशाली बल की कमान सम्भालने पर एक गर्व भरी अनुभूति भी हो रही है ।

देश में आंतारेक सुरक्षा और कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति में जनता और सरकार की बहुत सी आशाएं के. रि. पु. बल से जुड़ी है। के. रि. पु. बल अब तक अपने कर्तव्य का निर्वाह पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ करता आया है। मुझे पूरा विश्वास है कि जब कभी भी देश के वर्तमान हालात का इतिहास में जिक्र किया जाएगा, तब पूरी निष्ठा के साथ देश की सेवा में लगे इस सतत् गतिशील, सजग और कर्त्तव्यपरायण बल का वर्णन स्वर्णाक्षरों में किया जाएगा।

ईमानदारी, कर्त्तव्यपरायणता, सेवा भक्ति, निष्ठा तथा बलिदान की जो अनूठी परंपराएं इस बल ने स्थापित की है, उन की मिसाल अन्यत्र मिलना कठिन है।

ऐसी महान परंपराओं वाला यह बल निश्चित ही मान का पात्र है। नव वर्ष की पावन बेला पर इस बल के तमाम सदस्यों , को मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। और आशा करता हूं कि आने वाला वर्ष बल के लिए सुख, समृद्धि और सफलता के नए सोपान पैदा करेगा।

जय हिन्द



श्री गिल बल के नए महानिदेशक



श्री गिल को पदभार सौंपते श्री पी. एस. भिंडर

भारतीय पुलिस सेवा के असम कैडर के 1957 बैच के श्री के. पी. एस. गिल ने 18 दिसंबर 1990 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशालय में बल के महानिदेशक का पद भार संभाल लिया। श्री गिल को यह पद भार कार्यवाहक महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने सौपा। श्री गिल इस नियुक्ति से पूर्व पंजाब पुलिस के महानिदेशक थे। श्री गिल असम राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। सर्वप्रथम वह सिबसागर जिले में एस. डी. पी. ओ. रहे। अक्टूबर, 1961 में वह सिब सागर जिले में ही पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत कर दिए गए। वह एस. पी. तेजपुर, संयुक्त खांसी व जाजिया हिल्स (मेघालय) तथा अधीक्षक कामरूप भी रहे। पदोन्नति पर वह अक्टूबर, 1974 में सिलचर में दक्षिण रेंज के उप महानिरीक्षक नियुक्त किए गए। एक वर्ष बाद ही गुवाहाटी रेंज का कार्य भार उन्होंने संभाल लिया, जहाँ कि उन्होंने आतंकवाद विरोधी मुहिम का सफल निर्देशन किया। श्री के. पी. एस. गिल जनवरी, 1980 में मेघालय में फिर से पुलिस महानिरीक्षक के रूप में भेजे गए, उन्होंने यह पद संभालने के 15 दिन के भीतर बंगाली विरोधी दंगों को नियंत्रित कर लिया। जून 1981 में वह ब्यूरो आफ इंवेस्टीगेशन, इकोनामिक फाइनांस/ आई. जी. लॉ एंड आर्डर असम नियुक्त किए गए।

जून 1984 में श्री गिल सीमा सुरक्षा बल के जम्मू के महानिरीक्षक नियुक्त किए गए, सितम्बर, 1984 में वह महानिरीक्षक पी ए पी तथा आपरेशन जालधंर (पंजाब) रहे। जनवरी, 1986 में वह केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिरीक्षक बने तथा जून, 1986 में वह के. रि. पु. बल के चंडीगढ़ स्थित महानिरीक्षक पद पर नियुक्त हुए। जून

1987 में वह चंडीगढ़ के अपर महानिदेशक कानून व व्यवस्था नियुक्त किए गए। अप्रैल, 1988 में श्री गिल पंजाब पुलिस के महानिदेशक नियुक्त किए गए। पंजाब में अपने कार्यकाल के दौरान स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए की गई आपरेशन ब्लैक थंडर कार्रवाई के सफल निर्देशन के कारण श्री गिल सुर्खियों में रहे।

श्री गिल को 1972 में विशिष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक से, 1982 में सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से तथा 1989 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

श्री गिल ने अपनी स्नात्तकोत्तर डिग्री अंग्रेजी साहित्य में ली है तथा उर्दू शायरी में उनकी विशेष रुचि है।

निशाने बाजों को पदक

तुगलगाबाद रेंज नई दिल्ली में संपन्न हुई दिल्ली स्टेट ओपन चैपियनशिप प्रतियोगिता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महिला तथा पुरुष निशानेबाजों ने कई पदक जीते। बल की पुरुषों की टीम में द्वितीय कमान अधिकारी टी. एस. ढिल्लन, सब इंसपेक्टर सरबजीत सिंह तथा मुराद खान ने एयर राइफल चैंपियनशिप जीत ली। स्टैंडर्ड पिस्टल, सेंटर पिस्टल तथा 22 ओपन साइट पिस्टल प्रतियोगिताओं में बल की टीम दूसरे स्थान रही।

महिला कांस्टेबल किरण आर्य ने दोनों व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते, जबकि महिला कांस्टेबल निर्मल रानी, प्यारी पूर्ति, कनक लता ने रजत पदक और महिला नायक टी. दास ने कांस्य पदक प्राप्त किए।

एयर पिस्टल, प्रतियोगिताओं में बल की महिला टीम, जिसमें चिकित्सा अधिकारी एस. के. दिल्लन, कांस्टेबल किरण आर्य तथा कनक लता शामिल थी, ने रजत पदक जीते।

केन्द्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री ने इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

श्री वढेरा नए अपर महानिदेशक



श्री. पी. एस. भिंडर से पदभार ग्रहण करते श्री बढेरा

1959 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के उत्तर प्रदेश काडर के श्री आर. के. वढेरा ने 19 दिसंबर, 1990 को के. रि. पु. बल महानिदेशालय में श्री पी. एस. भिंडर से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अपर महानिदेशक का पदभार संभाल लिया।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में आने के पूर्व श्री वढेरा राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में महानिरीक्षक थे। वह उत्तर प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त, सीमा सुरक्षा बल, गृह मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

आश्रिता को अनुदान

दिल्ली में आयोजित एक सादे समारोह के बीच बल के महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने 2 बटालियन के सहायक कमांडेंट स्वर्गीय श्री आर. एस. कोहर की धर्मपत्नी को सवा लाख रुपए का एक चैक भेंट किया। श्री कोहर 8 नवंबर, 1990 को श्रीनगर में आतंकवादियों का सामना करते हुए मारे गए थे। उन्हें यह राशि जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा अनुदानस्वरुप भेंट की गई है।

इस मौके पर बोलते हुए श्री भिंडर ने कहा कि के. रि. पु. बल को अपने ऐसे बहादुर अधिकारियों और जवानों पर गर्व है. जो कि देश को एकता और अखंडता के लिए अपनी जान तक न्यौछावर कर देते है। उनके इस बलिदान से बल का मस्तक ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि

श्री कोहर का नाम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा।

मद्रास रेंज विजयी

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की मद्रास रेंज ने के. रि. पु. बल की 24 वीं अंतर रेंज दौड़ कूद प्रतियोगिता 1990 का चैपियनशिप खिताब जीत लिया है। उस ने कुल 221 अंक प्राप्त किए। अजमेर रेंज 133 अंक प्राप्त करने पर दूसरे स्थान पर रही, जबकि 99 अंक प्राप्त करने पर श्रीनगर रेंज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

सब इंस्पेक्टर के. शियोधनन प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ धावक घोषित किए गए।

24वीं अंतर रेंज दौड़ कूद प्रतियोगिताएं 24 नंवबर, 1990 को अजमेर ग्रुप केंद्र में शुरु हुई थीं तथा इन का समापन 28 नवंबर को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन के. रि. पु. बल के महानिरीक्षक (मुख्यालय) श्री अजय राज शर्मा ने किया, जबकि प्रतियोगिता के अंत में समारोह को अध्यक्षता बल के महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने की। विजेताओं को पुरस्कार संसद सदस्या श्रीमति सुखवंत कौर ने वितरित किए।

इस प्रतियोगिता में के. रि. पु. बल की 14 रेंजों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दौड़ कूद की कुल 22 स्पर्धाएं आयोजित की गई।



श्रीमती कोहर को सांत्वना देते श्री भिंडर

51 वां वार्षिकोत्सव

प्रधान मंत्री द्वारा बल के कार्यों की प्रशंसा



51 वें वार्षिकोत्सव पर परेड का निरीक्षण करते प्रधान मंत्री।

प्रधान मंत्री श्री चंद्रशेखर ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ते हुए मारे गए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश उन की कुर्बानी के लिए उन्हें सदैव याद रखेगा, उन्होंने कहा कि के. रि. पु. बल के हाथों में देश का भविष्य सुरक्षित है।

प्रधान मंत्री केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर के. रि. पु. बल ग्रुप केंद्र झड़ौदा कलां में 6 दिसंबर, 1990 को आयोजित एक भव्य समारोह में बोल रहे थे, इस अवसर पर प्रधान मंत्री ने बल की महिला बटालियन की टुकड़ी व बल के पांचों सैक्टरों की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत की गई परेड़ की भी सलामी ली। परेड़ का नेतृत्व कमांडर राजेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए भाषण का अविकल प्रारुप निम्न है:-

"केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 51वीं वार्षिक परेड के अवसर पर आने का हमें गौरव प्राप्त हुआ। आधी शती बीत गयी, इन इक्यावन वर्षों में कितनी पुरुषार्थ की कहानियां, कितनी बलिदान की गाथाएं, अभी आपके सामने कितनी माताएं बहनें आंसू लेकर के हमारे बीच आई, हमें याद दिलाने के लिए कि केन्द्रीय पुलिस बल के लोगों ने किस तरह भारत के गौरव की रक्षा के लिए अपना बलिदान किया। ये आसूं इसलिए बह रहे हैं कि ये जो हजारों बच्चे हमारे सामने हैं, इनकी मुस्कराहट हमेशा के लिए सुरक्षित रह सके। केन्द्रीय पुलिस के जो अधिकारी और जवान वीरगति को प्राप्त हुए उनको सारा राष्ट्र सदैव याद रखेगा, हम उनके सदैव ऋणी रहेंगे। उनके

परिवारों के प्रति हम संवेदना के अलावा और क्या दे सकते है ? ये पदक, ये सम्मान तो इस बात का प्रतीक है कि ऋणी राष्ट्र सदैव उनको याद करता रहेगा आदर के साथ लेकिन उनसे जो प्रेरणा और शक्ति मिली है, वो प्रेरणा और शक्ति हमारे लिए एक नया भविष्य बनाने के लिए एक नया सम्बल है और उसी सम्बल के सहारे हम देश को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।




वरीष्ठ अधिकारियों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधान मंत्री

आजादी की लड़ाई में जिन्होंने कुर्बानी की थी उस आजादी को सुरक्षित रखने के लिए आज आप नौजवान और नवयुवतियां जो बलिदान कर रहे है वो इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उन शहीदों के प्रति मैं नत-मस्तक होकर के उनकी स्मृति को प्रणाम करता हूं। साथ ही बधाई देता हूं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों को और नौजवानों को कि उन्होंने एक गौरवमयी परंपरा को अक्षुण्ण रखा है।



बेंस अस्पताल में एक जवान को कुशल क्षेम पूछते प्रधान मंत्री



परेड की सलामी लेते प्रधान मंत्री

पिछले इक्यावन वर्षों से आपने अपने पौरुष और पराक्रम का परिचय दिया है, आपने संयम और धीरता का परिचय दिया है लेकिन साथ ही आपने यह साबित करने की कोशिश की है और उसमें सफल भी हुए हैं कि हमारे देश में मातृ-शक्ति की जो पूजा होती थी वो मातृ-शक्ति आज भी इस देश में अक्षुण्ण है। मैं बधाई देता हूं उन नवयुवतियों को जिन्होंने अपने पराक्रम से अपने पुरुषार्थ से, अपने साहस से अपनी निर्भीकता से एक नयी परंपरा को जन्म दिया है। हजारों वर्षों से हमारे देश की महिलाएं अग्रणीय होती थी हर क्षेत्र में, यह हमारा दुर्देव है, दुर्भाग्य है कि कुछ कुरीतियों के चलते मातृ-शक्ति की उपेक्षा हुई है। उस मातृ-शक्ति को फिर से दुनिया के सामने जीता-जागता खड़ा करने का श्रेय केन्द्रीय पुलिस को है और यहां पर जिन युवतियों ने हिस्सा लिया है उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि मातृ-शक्ति में जहां ममता और ममत्व होता है वहीं उनमें शक्ति होती है, उनमें साहस होता है उनमें धीरज होता है। दैवी का यही रुप जहां अन्याय हो, शोषण हो, अत्याचार हो, निर्दोष के ऊपर दमन हो रहा हो, वहां पर मातृ-शक्ति एक विजयनी शक्ति बनकर के, दुर्गा की शक्ति बन करके हमारे समाज में आगे आई है और उसी शक्ति की प्रतीक ये महिलाएं, ये युवतियां है जिन्होंने अभी आपके सामने प्रदर्शन किया है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि जहां पौरुष, पराक्रम और बलिदान में आप अग्रणीय रहे है वहीं नया समाज बनाने के लिए आपने इस बात को परखा है कि हर बच्चा एक नया संदेश, एक नया विश्वास, एक नई आस्था लेकर के आता है। यहां न केवल केन्द्रीय विद्यालय चल रहा है लेकिन आप लोगों ने यहां पर स्वयं अपना विद्यालय चलाया है और यह मुस्कराते हुए बच्चे और बच्चियों के चेहरे हमें याद दिलाते है कि कल का भारत एक मुस्कराहट का

भारत होगा। आज के आसूं इसलिए बह रहे है कि इन बच्चों की मुस्कराहट हमेशा के लिए अक्षुण्ण रह सके। इन बच्चों की जिन्दगी में एक नया प्रभात लाने के लिए आपका प्रयास सराहनीय है। भारत की एकता के आप प्रतीक है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते महानिदेशक



संवाददाता सम्मेलन से पूर्व 86 बटालियन की अधिकारी मैस का उद्घाटन करते महानिदेशक।

देश के कोने-कोने से युवक और युवतियां आकर के एक साथ मिलकर भारत

माता के गौरव की रक्षा के लिए जो बलिदान और कुर्बानी कर रहे है इससे सारे समाज को और सारे देश को प्रेरणा लेनी होगी। आज समाज में विग्रह है, विद्वेष है, आपस में कटुता है लेकिन उस कटुता के बीच आपका सौहार्द, आपका साथ मिलकर के काम करना, खेल-कूद के मैदानों से लेकर लड़ाई के सामने भी आपके बीच जो एक साथ मिलकर के काम करने की शक्ति है वो ही हमें एक नयी प्रेरणा, एक नयी शक्ति देगी। मुझे विश्वास है आपकी इस परेड से ना केवल हम आपकी शक्ति का अनुभव कर सके है बल्कि हम यह भी विश्वास कर रहे है कि आपके हाथों में भारत का वर्तमान सुरक्षित है और आपकी इस प्रेरणा से ही भारत का एक नया भविष्य बनेगा। प्रेरणा होगी बलिदान की, क्रियाशक्ति की, आपस में मिलकर के काम करने की, बच्चों और महिलाओं की जिन्दगी में एक नया विश्वास लाने की। इस दिशा में आपने जो प्रयास किया है उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूँ। जो आपके अधिकारी है, उनको, खासतौर से अपने मित्र भिंडर साहब को, उनके दूसरे सहयोगियों को।

मुझे विश्वास है कि यही आपकी आस्था बनी रहेगी, आपका यही संगठन बना रहेगा। मैं बधाई देता हूँ उन नौजवानों को जिनको वीरता का पुरस्कार मिला है, देश उनको सम्मान के साथ देखता है। मुझे विश्वास है भविष्य में वो और अधिक सफलता प्राप्त करेंगे, उन बहनों को जिन्होंने अपने पति को, अपने भाई को खो दिया है। उनके साथ मैं फिर एक बार सम्वेदना व्यक्त करता हूँ और उन्हें विश्वास दिलाता हूँ कि सारा राष्ट्र उनका हमेशा ऋणी रहेगा। हमसे जो कुछ बन पायेगा उनसे लिए हम पूरी तरह से उनकी सहायता करेंगे।

मौत के ऊपर किसी का अधिकार नहीं, उनके बिछड़े हुए लोगों को हम वापस नहीं दे सकते, लेकिन राष्ट्र कृतज्ञतापूर्वक उन्हें सदैव स्मरण करता रहेगा।

मै महानिदेशक महोदय से ये निवेदन करुंगा कि ये जो मातृशक्ति का आपने प्रदर्शन किया है इस शक्ति को और आगे बढ़ायें, ऐसी महिलाओं को, ऐसी युवतियों को और आगे लाएं ताकि देश में एक नया विश्वास, एक नयी आस्था पैदा हो सके। मैं, आपने जो शौर्य, शक्ति, संगठन, का प्रदर्शन किया है उसके लिए बधाई देता हूँ।"

प्रधान मंत्री ने इस अवसर पर 27 कार्मिकों को शौर्यवीरता के पदक प्रदान किए आठ कार्मिकों को यह पदक मरणोपरांत दिए गए। इस मौके पर प्रधान मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ ग्रुप केंद्र के ट्राफी बनतलाब ग्रुप केंद्र को प्रदान की, जब कि सर्वश्रेष्ठ बटालियन की ट्राफी 40 बटालियन को प्रदान की गई।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक भी चार अधिकारियों को प्रदान किए गए।

बाद में प्रधान मंत्री ने बेस अस्पताल नई दिल्ली का दौरा कर आतंकवादी घटनाओं में घायल जवानों से मुलाकात कर उन की हौसला आफजाई की।

इस अवसर पर प्रधान मंत्री ने के. रि. पु. बल द्वारा आयोजित एक आपरेशन तथा

चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। चित्र प्रदर्शनी में जहां एक ओर के.रि.पु. बल की कार्यशैली और जीवन पद्धति का परिचय देते हुए अनेक चित्र प्रदर्शित किए गए थे, वहीं आतंकवादियों के विरुद्ध अपूर्व शौर्य दिखाने वाले शूर वीरों के चित्र भी प्रदर्शित किए गए थे। आपरेशन प्रदर्शनी में आतंकवादियों से बरामद घातक हथियार प्रदर्शित किए गए थे। इन में ए. के. 47 राइफलें, ए. के. 74 राइफलें और राकेट लांचरों सहित कई अन्य घातक हथियार तथा भारी संख्या में गोली बारुद भी प्रदर्शित किया गया था।



परेड़ कमांडर श्री आर. सिंह

सुबह प्रधान मंत्री हैलिकाप्टर द्वारा के. रि. पु. बल ग्रुप केंद्र पहुंचे, जहां उनको आगवानी के. रि. पु. बल के महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने की। प्रधान मंत्री के

साथ गृह राज्य मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय भी समारोह में उपस्थित थे।

इस से पूर्व 3 दिसंबर, 1990 को महानिदेशक महोदय ने रविंद्र रंगशाला स्थित 86 बटालियन स्थल पर एक संवाददाता सम्मेलन को भी सम्बोधित किया। महानिदेशक महोदय ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 1983 से के. रि. पु. बल की मुख्य कार्य स्थली पंजाब रही है। पिछले सात सालों में के. रि. पु. बल के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में 1145 आतंकवादी मारे जा चुके है, तथा बल के जवानों ने यहां से लगभग 3684 घातक हथियार बरामद किए हैं। मगर अपनी इन सफलताओं की के. रि. पु. बल को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। अब तक बल के 128 अधिकारी और जवान आतंकवादियों का सामना करते हुए वीरगति को प्राप्त हो चुके हैं तथा 330 घायल हुए है। बल के जवानों के अद्वितीय साहस और शौर्यवीरता के परिणामस्वरुप बल को अकेले 1989 में हो 14 राष्ट्रपति के पुलिस पदक तथा 33 शौर्यवीरता के पुलिस पदक प्रदान किए गए थे। किसी भी बल को एक वर्ष में मिलने वाले यह सर्वाधिक पदक है। इस वर्ष भी अब तक 5 कार्मिकों को राष्ट्रपति के पुलिस पदक तथा 25 को शौर्यवीरता के पुलिस पदक प्रदान किए जा चुके है। श्रीनगर में अकेले 1989 में बल के जवानों के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए थे जबकि 432 को गिरफ्तार किया गया था। इस वर्ष अब तक बल के 29 कार्मिक अपने कर्त्तव्य को अंजाम देते हुए वीरगति को प्राप्त हो चुके है जबकि 383 बुरी तरह से घायल हुए हैं।

इस वर्ष अब तक पूरे देश भर में आतंकवादियों के साथ हुई 930 मुठभेड़ों में बल के जवानों ने 2,586 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इन मुठभेड़ों में 408 आतंकवादी मारे गए और 105 घायल हुए। इन आतंकवादियों में कई खूंखार आतंकवादी ऐसे भी थे, जिन पर कई हत्याओं के आरोप थे। इन मुठभेड़ों में बल के जवानों ने 1126 खतरनाक हथियार भी बरामद किए। मगर इस सब के एवज में के. रि. पु. बल को एक बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। आतंकवादियों का सामना करते हुए अब तक बल के 59 जवान शहीद हो चुके हैं। और 527 बुरी तरह घायल हुए है।

परिचालन को दृष्टि से के. रि. पु. बल को और अधिक सक्षम बनाने के लिए इस वर्ष कुछ वरिष्ठ पदों की भी रचना की गई है। जम्मू कशमीर और पंजाब के लिए बल के पृथक परिचालन पुलिस महानिरीक्षक की नियुक्ति की गई। इसी प्रकार श्रीनगर में परिचालन उपमहानिरीक्षक पद की भी रचना की गई। जम्मू कशमीर के जवानों को प्रशिक्षण की आधुनिकतम सुविधाएं मुहैया कराने के लिए श्रीनगर में एक रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर की भी स्थापना की गई।

चंडीगढ़ स्थित महानिरीक्षक उत्तर पश्चिम क्षेत्र के पद को और ऊँचा कर अपर महानिदेशक उत्तर पश्चिम क्षेत्र चंडीगढ़ का दर्जा दे दिया गया है।

के. रि. पु. बल की क्षमता को और अधिक बढ़ाने के लिए सरकार ने 1990 में ही 10 नई बटालियने खड़ी करने की इजाजत प्रदान की है।

जोखिम निधि लाभ

माह नवंबर, 1990 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल जोखिम निधि से मृत्यु के 23 मामलों में कुल 8,05,000 रुपए देने स्वीकार किए गए। इन में प्रति मामले में 10,000 रुपए की कल्याण व सी. बी. एफ. राशि भी शामिल है।

इसी प्रकार अक्षमता के 5 मामलों में कुल 75,000 रुपए देने स्वीकृत किए गए।


आओ हंसें

बेटा - (अपने पिता से) पिताजी-पिताजी मैं पास हो गया तो सइकिल ले कर दोगे?

पिता - (अपने पुत्र से) और फेल हो गये तो रिक्शा चलाओगे?

स0 उ0 नि0 कैलाश चन्द्र पंत

गृह राज्य मंत्री द्वारा के रि पु बल को आश्वासन



कार्यशाला में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय ने आश्वासन दिया है कि वह केंद्र में लम्बित केंद्रीय पुलिस बल से संबंधित सभी मामलों को शीघ्रातिशीघ्र निबटा देंगे।

श्री सहाय 7 दिसंबर, 1990 को के. रि. पु. बल की दो दिवसीय प्रशिक्षण, सम्भरण, परिचालन तथा संचार कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। मंत्री महोदय ने यह आश्वासन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक श्री प्रीतम सिंह भिंडर द्वारा अपने स्वागत भाषण में उठाई गई समस्याओं के जवाब में दिया। मंत्री महोदय ने कहा

कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में जिन समस्याओं पर भी विचार हो, उन्हें एक प्रस्ताव के रूप में उनके सामने प्रस्तुत किया जाए, ताकि वह जल्दी से इन पर निर्णय ले सकें।

श्री सहाय ने कहा कि वह बल की समस्याओं से अवगत है, वह जानते है कि बल के जवानों को कठिन परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। मगर उन्हें गौरव है कि के. रि. पु. बल के पास जन-विश्वास है, यह बल जनता का अपना बल माना जाता है। मंत्री महोदय ने बल के महानिदेशक श्री प्रीतम सिंह भिंडर के जोनल रिजर्व के प्रस्ताव के प्रति भी सहमति जताई। उन्होंने बल के लिए आवास, रिफ्रेशर कोर्स, प्रशिक्षण आदि के संबंध में शीध्र कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया।

बाद में गृह राज्य मंत्री महोदय को धन्यवाद देते हुए अपर महानिदेशक श्री सी. एस. द्विवेदी ने उन के प्रति आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी बल को उनसे इसी प्रकार का भावात्मक सम्बल व सहयोग मिलता रहेगा।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में परिचालन, प्रशिक्षण, सम्भरण तथा संचार से संबंधित विषयों पर विचार गया। इस कार्यशाला में बल की प्रशिक्षण एवं परिचालन क्षमता को बढ़ाने पर भी विचार किया गया। इस कार्यशाला में बल के महानिरीक्षक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

माह नवंबर, 90 में मृत बल के कार्मिक

माह नवंबर, 1990 में के. रि. पु. बल के निम्न कार्मिकों के मृत्यु हुई। सी. आर. पी. एफ. समाचार शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

ला. ना. वेद प्रकाश (51 बटा.), ला. ना. पत्रिक कुंडू (51 बटा.), का. देवीदीन सोनी (51 बटा), कां. रमेश कुमार (51 बटा.), का. हीरालाल मीना (51 बटा.), का. एस. के. सेन (के. दुर्गापुर), का. कालिका भाई (75 बटा.), इंस्पेक्टर (मि.) एम. ए. कुंजन (ग्र इम्फाल), कां. जयचंद (42 बटा.), कां. महिंदर पाल सिंह (97 बटा.), ना. पुरुषोत्तम पांडेय (44 बटा.), कां. सुभाष चंद (8 बटा.), कां. प्रीत पाल सिंह (53 बटा.), है कां जांकू सिंह (91 बटा.), सब इंस्पेक्टर मोहिंदर सिह (67 बटा.), सफाई कर्मचारी सी. वी. वैकटैया (75 बटा.), सब इंस्पेक्टर (अस्थायी) भीम सिंह (120 अग्ज.), है कां.सैमुअल खान ड्रा. एम. के वर्के (ग्रु. के. पिजौर), वाटर कैरियर कन्हैया प्रसाद (ग्रु. के. दुर्गापुर), ना. मुख्तियार राम (8 बटा.), ला ना. समसुद्दीन (5 बटा.), ना. बारियर मुरमुर (23 बटा.), ना. एम. सी. वर्मा (71 बटा. कां सुरेंद्र सिंह), का. ड्रा राम प्रसाद सरना (ग्रु के. बनतलाब) व कां. राजाराम मोदी (39 बटा)।


इन के अतिरिक्त देर के प्राप्त हुई सूचना के अनुसार अगस्त माह में कां. असित कुमार दे (11 बटा.) तथा अक्टूबर माह में का. जी. श्रीनिवास (77 बल.) की भी मृत्यु हुई।

श्री रंधावा का सम्मान

दिल्ली ओंलपिक एसोसिएशन ने विख्यात धावक श्री जी. एस. रंधावा को 11,000 रूपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है। श्री रंधावा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में सहायक निदेशक है।

श्री रंधावा को यह सम्मान खेलों विशेष कर एथलेटिक्स के क्षेत्र में कई वर्षों तक राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिया गया है। टोक्यो ओलिंपिक में उन के द्वारा स्थापित किया गया बाधा दौड़ का रिकार्ड अभी तक अविजित है।

मेडिकल कानफ्रेंस



मेडिकल कानफ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन करते महानिदेशक।

"कर्त्तव्य पर घायल के. रि. पु. बल के जवानों को घटनास्थल पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए उपायों की खोज की जानी चाहिए" यह सलाह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर ने अपने चिकित्सा अधिकारियों को 17 दिसंबर, 1990 को दो दिवसीय मेडिकल कानफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए दी। के. रि. पु. बल महानिदेशालय में आयोजित इस दो दिवसीय मेडिकल कानफ्रेंस में पूरे देश से आए के. रि. पु. बल के चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।

श्री भिंडर ने विश्वास जताया कि बल के चिकित्सा अधिकारी जिस भावना और

समर्पण के साथ देश के दूरदराज तथा दुर्गम इलाकों में कठिन परिस्थितियों में काम करते है, उस की बल का हर सदस्य कद्र करता है और आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार काम करते रहेंगे।

श्री भिंडर ने आगे बताया कि बल के अस्पतालों के लिए नवीनतम उपकरण खरीदने तथा और सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास किए जा रहे है। जहां तक चिकित्सा अधिकारियों की समस्याओं का संबंध है, उन्होंने बताया कि महानिदेशालय स्तर पर उन्हें सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस से पहले श्री भिंडर ने इस मौके पर निकाली गई एक स्मारिका का भी विमोचन किया।

इस दो दिवसीय कानफ्रेंस में, अस्पतालों के विकास और सुविधाओं की बेहतरी, अस्पतालों में बिस्तरों की बढ़ोत्तरी, नवीनतम दवाओं की उपलब्धता, तथा आधुनिकतम प्रयोगशालाओं तथा उपकरणों के प्रयोग आदि पर विचार किया गया।

105 कार्मिक सम्मानित

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 105 कार्मिकों को वर्ष 1990 के लिए महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क से सम्मानित किया गया है, देश भर में फैले इन कार्मिकों को यह सम्मान वर्ष 1990 में उन के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। यह सम्मान प्राप्त करने वालों में चार उप महानिरीक्षक, एक अपर उप महानिरीक्षक, 6 कमांडेन्ट, दो द्वितीय कमान अधिकारी, आठ सहायक कमांडेन्ट, 15 उपाधीक्षक, दो चिकित्सा अधिकारी, एक संयुक्त सहायक निदेशक (लेखा), 6 सूबेदार मेजर, 10 इंस्पेक्टर, 15 सब इंस्पेक्टर, एक वार्ड सिस्टर तथा 34 अन्य कार्मिक शामिल है।

ज्ञातव्य है कि महानिदेशक की डिस्क 1987 में शुरू की गई थी। यह सम्मान प्रति वर्ष बल के सदस्यों में शौर्यता, कर्तव्यपरायणता तथा ईमानदारी को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है।

दो बहादूर जवान पदोन्नत

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवानों जी. एस. मंडल तथा एम. जमातिया को बल के महानिदेशक श्री पी. एस. भिंडर द्वारा पदोन्नत कर दिया गया है। इन जवानों को यह पदोन्नति 8 दिंसबर को अयोध्या में विवादास्पद स्थल को डायनामाइट से उड़ाने की कोशिश कर रहे दो व्यक्तियों की कोशिश को विफल करने में दिखाई गई सूझबूझ, वीरता और साहस के लिए दी गयी है। इन दोनों जवानों को एस संदिग्ध व्यक्ति सुरेश सिंह बध्घल को गिरफ्तार करने में भी सफलता मिली। इस व्यक्ति के पास से स्टिक गन काटन के चार बंडल बरामद किए गए। इन जवानों को प्रशासन द्वारा अन्य कई पुरस्कार की प्रदान किए गए है।

मुख्य सम्पादकः ए. एन. शर्मा सम्पादकः आनेल गुप्ता। मुद्रकः सी. आर. पी. एफ. प्रेस, झड़ौदा कलाँ, नई दिल्ली-110072।

मुद्रक तथा प्रकाशकः महानिदेशक के. रि. पु. बल, ब्लाक 1, सी. जी. ओ. काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से ए. एन. शर्मा।

फोटो टाइप सैटिंगः गीतांजलि एडवरटाइज़रस एंड प्रिंटर्स, एच,-26, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-110048.

रोज. न. 47167/87

